बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 9 मई 2024
वर्ष 5, अंक 172, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



देश की वैश्विक धाक पर गर्व करते हैं भारतवंशी 14

दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज 13










# एआई एक्सप्रेस की 90 उड़ानें रद

## 200 से अधिक चालक बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर चले गए

नई दिल्ली/कोच्चि, एजेंसी



- देश के अनेक हवाई अड्डों पर फंसे रहे सैकड़ों यात्री
- कंपनी ने कहा-अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेंगे

टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कुप्रबंधन के कारण 200 से अधिक नाराज चालक बीमार होने की सूचना देकर अचानक छुट्टी पर चले गए। इस कारण एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस को मंगलवार रात से अपनी 90 से अधिक उड़ान रद करनी पड़ी हैं। उड़ाने रद होने से देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंस गए।

उधर, चालक दल को लेकर संकट के बीच सीईओ आलोक सिंह ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेगी।

मंगलवार रात उड़ानें रद होने के बाद केरल के कुछ हवाई अड्डों पर यात्रियों ने प्रदर्शन किया। कंपनी ने उड़ानें रद होने या इनमें देरी के लिए खेद जताया। बता दें कि एयर इंडिया एक्सप्रेस में एआईएक्स कनेक्ट के विलय की प्रक्रिया चल रही है। इसको लेकर चालक दल के कुछ सदस्यों में असंतोष व्याप्त है।

### सरकार ने कहा-तुरंत निकालें समाधान

उड़ानें रद होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से समस्या का तुरंत समाधान निकालने को कहा और उससे उड़ानें रद होने पर रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक विमानन कंपनी में कुप्रबंधन के कारण चालक दल के सदस्य बड़ी संख्या में एक साथ छुट्टी पर चले गए हैं।

## उत्तराखंड में जंगल की आग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# इंद्रदेव के भरोसे न रहें, त्वरित समाधान करें

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्य सरकार ने बताया : वन्यजीव क्षेत्र के 0.1 प्रतिशत हिस्से में आग
- पिछले साल नवंबर से अब तक राज्य में 398 घटनाएं, सभी मानव निर्मित
- मामले में 350 आपराधिक केस दर्ज 62 लोगों को किया गया चिन्हित

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में जंगल की आग को लेकर राज्य सरकार से कहा कि क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बारिश) या इंद्र देवता पर निर्भर रहना इस मुद्दे का समाधान नहीं है और राज्य को इसके लिए शीघ्र निवारक उपाय करने होंगे। पीठ राज्य में जंगल की आग से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी।

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में जंगल की भीषण आग पर काबू पाने के लिए उठाए गए कदमों से उच्चतम न्यायालय को बुधवार को अवगत कराया और कहा कि आग की घटना से राज्य का केवल 0.1 प्रतिशत वन्यजीव क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि पिछले साल नवंबर से राज्य में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुई हैं और वे सभी मानव निर्मित हैं। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने सरकार की ओर से उठाए कदमों से अवगत कराने के अलावा पीठ को बताया कि जंगल की आग के संबंध में 350 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं और उनमें 62 लोगों को चिन्हित किया गया है। अधिवक्ता ने कहा कि लोग कहते हैं कि उत्तराखंड का 40 प्रतिशत हिस्सा आग से जल रहा है, जबकि इस पहाड़ी राज्य में वन्यजीव क्षेत्र का केवल 0.1 प्रतिशत हिस्सा ही आग की चपेट में है। अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष अंतरिम स्थिति रिपोर्ट भी रखी। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 मई की तारीख निर्धारित की है।

## कांग्रेस नेता के बोल-पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं और दक्षिण के अफ्रीकी

# टिप्पणी पर बवाल, पित्रोदा का इस्तीफा

## कांग्रेस ने टिप्पणियों को गलत और अस्वीकार्य बताते हुए खुद को मामले से किया अलग

नई दिल्ली, एजेंसी




कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की एक और टिप्पणी को लेकर बुधवार को सियासी विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने देश के अलग-अलग हिस्सों को लेकर कहा है कि पूर्व के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं।

अपने इस बयान से उपजे विवाद के बाद सैम पित्रोदा ने बुधवार को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधा और दावा किया कि इससे विपक्षी दल की विभाजनकारी राजनीति बेनकाब हो गई है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख पित्रोदा ने एक पॉडकास्ट में कहा कि हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं।

पित्रोदा ने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित इस साक्षात्कार में कहा कि हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं। जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे पहले पित्रोदा ने विरासत कर के बारे में बात करके विवाद खड़ा कर दिया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह अत्यंत गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।

### प्रधानमंत्री मोदी बोले-शहजादे के फिलॉस्फर ने दी गाली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की भारतीयों की त्वचा के रंग संबंधी कथित नस्लीय टिप्पणी को लेकर विपक्षी पार्टी पर निशाना साधा और जोर देकर कहा कि देशवासी त्वचा के रंग के आधार पर अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि उन्हें अब यह बात समझ में आ गई है कि देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को हराने की कोशिश इसलिए की थी क्योंकि उनकी 'त्वचा का रंग सांवला' है। वारंगल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने पूछा कि त्वचा के रंग के इस खेल के लिए 'शहजादे' को किसने इजाजत दी? मोदी ने कहा कि मैं बहुत गुस्से में हूं आज दोस्तों! मुझे कोई गाली दे, मुझे गुस्सा नहीं आता है। मैं सहन कर लेता हूं। लेकिन आज शहजादे के फिलॉस्फर ने इतनी बड़ी गाली दी है, जिसने मुझमें गुस्सा भर दिया है। राहुल गांधी की चुनावी रैलियों में संविधान की प्रति का प्रदर्शन करने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान सिर पे लेकर 'नाचने वाले' लोग, चमड़ी के रंग के आधार पर देशवासियों का अपमान कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि शहजादे आपको जवाब देना पड़ेगा। चमड़ी के रंग के आधार पर मेरे देशवासियों का अपमान मेरा देश सहन नहीं करेगा और मोदी तो कतई नहीं करेगा।

### पूर्वोत्तर के राज्यों के मुख्यमंत्री भी बिफरे, टिप्पणी को विभाजनकारी बताया

**नई दिल्ली।** पूर्वोत्तर के तीन राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने बुधवार को सैम पित्रोदा की टिप्पणी को नस्लवादी और विभाजनकारी बताते हुए निंदा की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने कहा कि टिप्पणी से लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। शर्मा ने कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों के इतने गंभीर अपमान के बाद जयराम रमेश ने क्या ट्वीट किया है? आप उन्हें बाहर क्यों नहीं निकाल रहे हैं? मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 'एक्स' पर कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अपनी फूट डालो और राज करो की नीति से भारत को विभाजित करने की कोशिश की। मेघालय के मुख्यमंत्री ने कहा कि पित्रोदा की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे पूर्वोत्तर और देश के अन्य हिस्सों के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। नेशनल पीपुल्स पार्टी के सुप्रीमो संगमा ने कहा कि पूर्वोत्तर से होने के नाते, हमने पिछले दशकों में पूर्वोत्तर लोगों के खिलाफ विभिन्न प्रकार के नस्लीय भेदभाव को देखा और अनुभव किया है।

## एक नजर

### कर हस्तांतरण फॉर्मूले पर मांगी जनता से राय

**नई दिल्ली।** सोलहवें वित्त आयोग ने बुधवार को कर हस्तांतरण फार्मूला और राज्यों की समेकित निधि बढ़ाने के उपायों जैसे बिंदुओं पर आम जनता और संगठनों से विचार आमंत्रित किए। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था। पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा, सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थशास्त्री मनोज पांडा इसके पूर्णकालिक सदस्य हैं जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष अंशकालिक सदस्य हैं। आयोग 31 अक्टूबर, 2025 तक अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप देगा। इसकी अनुशंसाएं एक अप्रैल, 2026 से शुरू होकर अगले पांच साल के लिए लागू होंगी।

# यह चुनाव रामद्रोहियों और रामभक्त के बीच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

- कांट के रामलीला मैदान में जनसभा में विरोधियों पर बरसे मुख्यमंत्री योगी
- बोले, जिन्होंने अपने पूर्वजों को धक्का देकर बाहर किया उनके मुंह से विरासत की बात बेमानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चुनाव अब रामभक्त और रामद्रोहियों के बीच है। 2024 का लोकसभा चुनाव नया इतिहास बनाने को उतावला दिखाई दे रहा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस नेताओं के चेहरे पर हवाइयां उड़ी हुई हैं। स्पष्ट है कि चुनाव के आधे समर में ही उन्होंने हार स्वीकार कर ली है।

कांट के रामलीला मैदान में शाहजहांपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी अरुण कुमार सागर और ददरौल विधानसभा सीट से प्रत्याशी अरविंद कुमार सिंह के समर्थन में चुनावी सभा में उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि कोई कितना भी शक्तिशाली क्यों न रहा हो, अगर रामद्रोही है तो उसका पतन निश्चित हुआ है। योगी ने कहा कि राम भक्तों पर गोली चलाने वाले कहते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर बेकार बना।

आतंकवादियों को बिरयानी खिलाने, पैरवी करने वाले और माफिया-अपराधियों को अपना खेवनहार बनाने वाले लोग आज माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ने के लिए जाते हैं। मुख्यमंत्री ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने अपने पूर्वजों को धक्का देकर बाहर किया हो उनके मुंह से विरासत की बात बेमानी है। मुख्यमंत्री ने हनुमत धाम के बजरंगबली और परशुराम धाम को नमन करते हुए काकोरी कांड के महानायकों पं रामप्रसाद बिस्मिल्ल, अशफाक उल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# अस्पताल में घूसखोरी, दो डॉक्टरों समेत नौ गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने चिकित्सा उपकरणों के आपूर्तिकर्ताओं से रिश्वत लेने के मामले में की कार्रवाई

सीबीआई ने दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में बुधवार को एक बड़े घूसखोरी मामले का भंडाफोड़ करते हुए दो वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

हृदय रोग विभाग के प्रोफेसर अजय राज और सहायक प्रोफेसर पर्वत गौड़ा चन्नप्पागौड़ा को चिकित्सा उपकरणों के आपूर्तिकर्ताओं से उनके उत्पादों और स्टंट का उपयोग करने के एवज में रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नागपाल टेक्नोलॉजीज के चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता नरेश नागपाल को भी गिरफ्तार किया है, जिसने उपकरणों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए पर्वतगौड़ा को 2.48 लाख रुपये दिए थे। अधिकारियों के मुताबिक भारती मेडिकल टेक्नोलॉजीज के भरत सिंह दलाल ने यूपीआई का उपयोग करके अजय राज को दो बार रिश्वत दी और अबरार अहमद ने अस्पताल में कैथ लैब प्रभारी रजनीश कुमार को रिश्वत दी। उन्होंने बताया कि रजनीश कुमार के साथ लिपिक भुवल जायसवाल, संजय कुमार और विकास कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है।

# पुलिस ने भाजपा अध्यक्ष नड्डा मालवीय को तलब किया

बेंगलुरु, एजेंसी





### सोशल मीडिया पर धमकी मामला

कर्नाटक में बेंगलुरु पुलिस ने अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोगों को डराने वाले एक विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट के संबंध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय को समुदाय किसी विशिष्ट उम्मीदवार को वोट देने के ख़िलाफ़ मामले में तलब किया है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह खुलासा किया। नड्डा और मालवीय दोनों को बेंगलुरु के हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में जांच में शामिल होने का निर्देश दिया गया है। समन में कहा गया है कि इस मामले के संबंध में, आपको नोटिस प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर सुबह 11 बजे हाई ग्राउंड्स पुलिस स्टेशन में नामित जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए बुलाया जाता है।

# केजरीवाल की अंतरिम बेल पर 10 मई को आदेश



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को अपना आदेश सुनाएगा। गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी।

# झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान कर करें सफाया : अखिलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- कहा, भाजपा से झूठे वादों का हिसाब लेने का वक्त आ गया
- परीक्षाओं के पेपर हो रहे लीक नौजवानों का मार रहे हक

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि लखनऊ और दिल्ली वालों ने जो झूठे वादे किए हैं उनका हिसाब-किताब करने का समय आ गया है। बीजेपी का हर वादा झूठा निकला है। किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही थी, लेकिन किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। कहा कि झूठ के शहंशाह के खिलाफ मतदान कर इनका सफाया करें।

बरेली मोड़ स्थित मैदान में बुधवार को पार्टी प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप के समर्थन में जनसभा में अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि अब तक 10 से ज्यादा परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। सरकार दावे करती है कि पूरी सावधानी से पेपर कराया जाएगा, लेकिन जब पेपर होता है तो पता चलता है कि लीक हो गया। नौजवानों का हक मारा जा रहा है। पुलिस भर्ती परीक्षा से पहले सरकार ने तमाम दावे किए थे, लेकिन वह पेपर भी लीक हो गया। अग्निवीर व्यवस्था को धोखा बताते हुए अखिलेश ने कहा कि समाजवादियों की सरकार आने पर इस व्यवस्था को खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार हमसे पूछते हैं कि ऐसा कैसे हो सकता है कि पुलिस की नौकरी तीन साल की कर दी जाए। जबकि भाजपा के लिए ऐसा संभव है।

# इस्लाम मानने वाले को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

### महत्वपूर्ण टिप्पणी

- कोर्ट ने कहा, रूढ़ियाँ व प्रथाएं भी हैं विधि का समान स्रोत

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक शादीशुदा मुस्लिम व्यक्ति व हिन्दू लड़की की लिव-इन रिलेशन में रहने के दौरान सुरक्षा की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि इस्लाम को मानले वाले को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं है, विशेषतः जब वह शादीशुदा हो और उसकी पत्नी या पति जीवित हो।

न्यायालय ने कहा कि रूढ़ियाँ व प्रथाएं भी विधि का समान स्रोत हैं और संविधान का अनुच्छेद 21 ऐसे रिश्ते के अधिकार को मान्यता नहीं देता जो रूढ़ियों व प्रथाओं से प्रतिबंधित हो। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने लड़की को उसके माता-पिता के पास पहुंचाने का आदेश पुलिस को दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ ने उक्त व्यक्ति व युवती की याचिका पर पारित किया। याचियों का कहना था कि वे बालिग हैं और अपनी मर्जी से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं, बावजूद इसके युवती के भाई द्वारा मामले में अपहरण का आरोप लगाते हुए, बहराइच के विशेश्वरगंज थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि याचिका में इस तथ्य का उल्लेख किया गया है कि याची शादाब खान पहले से शादीशुदा है व उसकी पाँच साल की एक बेटी है लेकिन साथ ही यह भी लिखा है कि उसने छह माह पहले अपनी पहली बीवी को तीन तलाक दे दिया है। न्यायालय ने यह भी पाया कि वर्तमान याचिका के पहले भी एक याचिका इन्हीं याचियों की ओर से दाखिल की गई थी, जिसे 25 अप्रैल को एफआईआर दर्ज हो जाने के कारण वापस ले लिया गया था।

# एंड्रॉयड यूजर्स को मिला 'गूगल वॉलेट'

- प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं वॉलेट

**नई दिल्ली।** गूगल ने भारत में एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए एक निजी डिजिटल वॉलेट पेश किया है। इसमें उपयोगकर्ताओं को लॉयल्टी कार्ड और गिफ्ट कार्ड, सार्वजनिक वाहनों के पास सहित अन्य चीजें रखने की सुविधा मिलेगी। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 'गूगल वॉलेट' को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। डिजिटल वॉलेट की सेवा बुधवार से भारत में शुरू हो गई। गूगल के महाप्रबंधक एवं इंडिया इंजीनियरिंग लीड (एंड्रॉयड) राम पापाटला ने कहा कि गूगल पे कहीं नहीं जा रहा है। यह हमारा प्राथमिक भुगतान ऐप बना रहेगा।

# एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके वापस मंगाए

नई दिल्ली/लंदन, एजेंसी



- बाजार में उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को बताया वजह
- कंपनी ने टीकों से लोगों में दुर्लभ दुष्प्रभाव की बात कही थी
- इन टीकों को भारत में कोविशील्ड के नाम से बेचा गया था

ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कंपनी ने कुछ दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आए हैं। एस्ट्राजेनेका ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ मिलकर भारत को कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति की थी। एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीकों को भारत में कोविशील्ड और यूरोप में 'वैक्सजेवरिया' के नाम से बेचा था।

यूरोपीय संघ (ईयू) की औषधि नियामक यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पुष्टि की कि मार्च में एस्ट्राजेनेका द्वारा मंजूरी वापस लेने के बाद वैक्सजेवरिया अब ईयू के 27 सदस्य देशों में इस्तेमाल के लिए अधिकृत नहीं है। एस्ट्राजेनेका के बयान में कहा गया कि यूरोप में वैक्सजेवरिया के लिए विपणन मंजूरी को वापस लेने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया है कि चूंकि कई प्रकार के कोविड -19 टीके विकसित हो चुके हैं, इसलिए उपलब्ध टीकों की संख्या अधिक है। इससे 'वैक्सजेवरिया' की मांग में गिरावट आई है, जिसका उत्पादन या आपूर्ति अब नहीं की जा रही है। इससे पहले, वैश्विक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन के बहुत ही दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकते हैं।

### तीन अरब से अधिक टीकों की आपूर्ति की थी

स्वतंत्र अनुमान के अनुसार टीकों का इस्तेमाल शुरू होने के बाद के पहले वर्ष में 65 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई गई और दुनियाभर में तीन अरब से अधिक खुराकों की आपूर्ति की गई। कंपनी ने कहा कि हमारे प्रयासों को दुनिया भर की सरकारों ने मान्यता दी है और इन्हें व्यापक रूप से वैश्विक महामारी को समाप्त करने का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है।

## एक नजर

### 10 मई को निकलेगी परशुराम शोभायात्रा

**बीसलपुर।** नगर में धूमधाम से परशुराम शोभायात्रा 10 मई को निकाली जाएगी। मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के त्रिलोकी नाथ मंदिर से यात्रा शुरू होगी और मुख्य मार्गों से गुजरेगी। शोभायात्रा को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। शोभायात्रा निकालने की तैयारी में आलोक नगाइच, उमाकांत मिश्रा, मुकेश उपाध्याय, राकेश अवस्थी आदि दर्जनों लोग जुटे हुए हैं।

### युवती को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी पुत्री बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। 29 अप्रैल को पुत्री घर से कॉलेज की फीस जमा करने गई थी। उसके पास आठ हजार रुपये और शैक्षिक प्रमाण पत्र भी थे। आरोप है कि दियोरियाकलां निवासी नन्हेलाल का पुत्र करन पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। बेटी के देर शाम तक वापस न आने पर तलाश की गई तो घटना का पता चला। अनहोनी की आशंका भी परिवार ने जताई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश में जुट गई है।

### गाली देने का विरोध करने पर पिता-पुत्र को पीटा

**बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुरैइया के निवासी राजाबाबू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके चाचा रामबहादुर, चचेरे भाई रवि और सज्जन सात मई की रात दस बजे उकसे घर में घुस आए। गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडे से पिटाई की। बचाने आए पिता नत्थूलाल को भी पीटा। पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पूरनपुर।** शाहजहांपुर जनपद के थाना बंडा क्षेत्र के गांव कंधरपुर निवासी महेश कुमार पुत्र श्रीपाल की ननिहाल सिरसा गांव में है। बुधवार को वह अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी, पुत्र कार्तिक व अनुराग के साथ मामी के घर सिरसा आ रहे थे। सिरसा गांव के पास बाइक और ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गए। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद महेश कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# सिस्टम बेपरवाह...दो डॉक्टर फिर भी बंद रहता है अल्ट्रासाउंड कक्ष

## मेडिकल कॉलेज में डिजिटल एक्सरे-मशीन भी खराब, स्टाफ की कमी आड़े आने से निराश होकर लौटे मरीज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधा सुधरने का नाम नहीं ले रही है। कभी गर्भवती को रेफर करने का मामला, कहीं ओपीडी में डॉक्टर गायब रहने की शिकायत पहले ही शासन स्तर तक खलबली मचा चुकी हैं। इसके अलावा लंबे समय से डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब पड़ी हुई है। जिस वजह से मैन्युअल तरीके से मरीजों के एक्स-रे किए जा रहे हैं। वहीं दो डॉक्टर कार्यरत होने के बाद भी मेडिकल कॉलेज में मरीजों का अल्ट्रासाउंड समय से नहीं हो रहा। दूर दराज से आने वाले मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। आखिर में उन्हें मजबूरीवश निजी सेंटरों पर रुपये खर्च कर अल्ट्रासाउंड कराने पड़ रहे हैं। मगर सिस्टम के जिम्मेदारों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

मंगलवार को एसडीएम और सिटी मजिस्ट्रेट की छापेमारी के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि मेडिकल कॉलेज में कुछ बदलाव नजर आएगा। मगर, ऐसा नहीं दिखा। बेलगाम हो चुके कुछ डाक्टर बुधवार भी ओपीडी से नदारद रहे। सुबह से ही कतार में लग मरीज पर्चा बनवाने के बाद डॉक्टरों के चैंबर के बाहर अपनी बारी का इंतजार कर परेशान हो रहे थे। मरीजों की सुविधा के लिए लगी डिजिटल एक्सरे मशीन भी एक सप्ताह से खराब हैं। अभी तक उसे ठीक नहीं कराया गया। जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ा। घंटों लाइन में लगने के बाद पर्चा बना और फिर डॉक्टर से एक्सरे करवाने की अनुमति मिलने के बाद मरीज कक्ष में पहुंचे तो पता चला कि एक एक्सरे मशीन खराब है। सिर्फ मैन्युअल मशीन से ही काम चलाया जा रहा है। वहां भी बेशुमार भीड़ देखने को मिली। कतार में खड़े मरीजों ने बताया कि दो घंटे से अधिक समय हो गया। अभी पता नहीं कितना समय और लगेगा। ज्यादा देर और लगी तो ओपीडी का समय भी निकल जाएगा, चिकित्सक को दिखाने के लिए फिर दौड़ लगानी पड़ेगी। एक्सरे करने वाले स्टाफ की मानें तो मशीन खराब होने की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। फिलहाल अभी मशीन सही नहीं हुई है। जिस वजह से एक ही मशीन से काम चलाना पड़ रहा है।


डिजिटल एक्सरे कक्ष के बाहर लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार



पैथोलॉजी लैब के बाहर लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

* बुधवार को भी ओपीडी में बढ़ी भीड़ दूर से आए लोगों को परेशानी

मेडिकल कॉलेज की डिजिटल एक्सरे मशीन खराब है। इसलिए भीड़ अधिक होने के कारण समस्या आ रही है। मशीन ठीक कराने के लिए कंपनी से संपर्क किया गया है। जल्द ही मशीन ठीक कराई जाएगी। समस्त डॉक्टरों को पत्र जारी कर ओपीडी में बैठकर मरीजों का इलाज करने का आदेश जारी किया गया है। – **डॉ. संगीता अनेजा**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज


बंद पड़ा अल्ट्रासाउंड कक्ष।

### बोले मरीज- नहीं मिल रहीं सुविधाएं


पेट दर्द होने पर डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड की सलाह दी थी। डॉक्टर से पर्चे पर लिखकर दे दिया था। सोमवार भी डॉक्टर नहीं मिले। अब बुधवार को आए है, तो भी डॉक्टर नदारद है। 20 किलोमीटर दूर से आना पड़ता है। मगर कोई सुनने वाला नहीं है। – **सुनीता**, बिंदुआ


अल्ट्रासाउंड करने के लिए आए थे। मगर कमरा बंद है। पूछने पर भी कोई सही जवाब नहीं देता है। सिर्फ बार कल आने की बात कहकर टालमटोल करने लगे। अधिकारियों को बदलाव करने की जरूरत है। – **पूरनदेई**, अमरिया


चिकित्सक के परामर्श पर अल्ट्रासाउंड कराने के लिए समय से कक्ष के निकट पहुंच गया था, लेकिन कमरा बंद मिला। अब बैठकर इंतजार कर रहे हैं। सरकारी सुविधा में सुधार की जरुरत है। – **नन्हीं देवी**, सतारपुर


एक्सरे कराने के लिए दस बजे पहुंच गया था। डेढ़ घंटे लाइन में लगने के बाद भी एक्सरे नहीं हो सका। डिजिटल एक्सरे की सुविधा भी बंद पड़ी है। पूछो तो कहते हैं एक मशीन खराब पड़ी है। इसलिए समय लगेगा। – **रुम सिंह**, न्यूरिया


मैन्युअल एक्सरे कक्ष के अंन्दर-बाहर लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

### व्हीलचेयर तो कोई स्ट्रेचर पर करता रहा इंतजार

डिजिटल एक्सरे मशीन खराब होने के कारण अधिकतर लोड मैन्युअल मशीन पर आ गया है। जिस कारण सुबह आठ बजे से भीड़ उमड़ने लगती है। टेक्नीशियन न होने के कारण न्यूरिया सीएचसी से बुलाया गया। सामान्य एक्सरे के अलावा मेडिको लीगल के एक्सरे के लिए भी दिन भर भीड़ लगी रहती है। एक मशीन होने के कारण दोपहर 12 बजे भी मरीज और एक्सीडेंट में घायल मरीज भी एक्सरा करने के लिए व्हीलचेयर, स्ट्रेचर और जमीन में बैठकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। रामबाबू ने बताया कि सुबह आठ बजे से लाइन में लगे हैं। एक्सीडेंट में पैर में दर्द होने पर डॉक्टर ने एक्सरे की सलाह दी थी। मगर 12 बजे तक भी नंबर नहीं आ सका है।

### ताला खुलने का करते रहे इंतजार

मेडिकल कॉलेज में मरीजों को सुविधा देने के लिए डिजिटल अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित की गई थी। साथ ही उसके संचालन के लिए दो डॉक्टर भी कार्यरत हैं। लेकिन फिर भी अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताला लटका रहता है। बुधवार को ओपीडी में चिकित्सक को दिखाने के बाद कई मरीज अल्ट्रासाउंड कराने के लिए पहुंचे थे, लेकिन डिजिटल एक्सरे और अल्ट्रासाउंड कक्ष में ताले लटके मिले। मरीजों ने बताया कि अल्ट्रासाउंड कराकर फिर से डॉक्टर को दिखाना है, अब ताला खुलने का इंतजार कर रहे हैं। मरीजों ने बताया कि वह एक नोटिस चस्पा था, जिस पर नौ मई को अल्ट्रासाउंड होने की बात लिखी हुई है। कई दिनों से चक्कर लगा रहे हैं।

# रेफर के खेल में प्रसूता की इलाज के दौरान मौत

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

* रविवार को मेडिकल कॉलेज से बिना चेकअप के लौटाई गई थी प्रसूता
* हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

**अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में रेफर के खेल में बिना चेकअप के गेट से लौटाई गई गर्भवती पूनम जिंदगी की जंग हार गई। निजी अस्पताल में हालत गंभीर होने पर महिला समेत गर्भस्थ शिशु ने दम तोड़ दिया। परिवार वालों ने महिला का अंतिम संस्कार किया। गभर्वती की मौत के बाद मेडिकल कॉलेज की अव्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। कहा जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज में मरीजों को रेफर करने के चल रहे खेल के खिलाफ प्रसूता ने दम तोड़ दिया। हालांकि अभी इस मामले में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है।

रविवार रात करीब सवा 10 बजे मेडिकल कॉलेज की महिला अस्पताल विंग में अलीगंज निवासी सात माह की गर्भवती पूनम बेहोशी की हालत में ई-रिक्शा से पहुंची थी। ई-रिक्शा पर सवार गर्भवती व उसके परिजन महिला अस्पताल के गेट पर खड़े रहे लेकिन न ही उन्हें स्ट्रेचर नसीब हुआ, और न ही किसी चिकित्सक का परामर्श। बेहोश गर्भवती को देखे बिना ही चिकित्सक ने बाहर ले जाने को कहा। डॉक्टर ने आईसीयू की सुविधा न होने के कारण मरीज का इलाज करने में असमर्थता जता दी। अस्पताल गेट पर मौजूद एक आउटसोर्सिंग कर्मी ने कह दिया कि मरीज को एक निजी अस्पताल का नाम बताते हुए वहां ले जाने के लिए कहा। परिजन बेहोशी की हालत में ई-रिक्शा से ही सात माह की गर्भवती वहां ले गए।

मगर उसे वहां भी समुचित इलाज नहीं मिल सका। जिसके बाद परिवार वाले उसे घर ले गए। जहां पूरी रात घर पर बेहोश पड़ी रही गर्भवती को परिजनों ने सुबह शहर के नौगवां चौराहा पर स्थित एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया। थोड़ी देर इलाज के बाद यहां से भी गर्भवती को रेफर कर दिया गया। इसके तुरंत बाद गर्भ में पल रहे बच्चे सहित गर्भवती की सांसें थम गईं। बता दें कि ये मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला शासन तक पहुंचा था और फिर डीएम-एडीएम भी निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे।

# नर्स ने मरीजों के बीच दौड़ाई स्कूटी, मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

* सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो तो जिम्मेदार हो गए हैरान
* सीएमओ ने सीएमएस से मांगी रिपोर्ट, स्टाफ नर्स भी तलब

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर हुई फजीहत के बाद भी जिम्मेदार सुधरने में नहीं आ रहे हैं। मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों के बीच स्कूटी दौड़ते हुए स्टाफ नर्स का वीडियो वायरल हुआ है। जिसके बाद मामला सुर्खियों में है। स्टाफ नर्स काला चश्मा लगाकर मरीजों के बीच स्कूटी को दौड़ती दिख रही हैं। फिलहाल अफसरों ने संज्ञान लेते हुए संबंधित स्टाफ नर्स से स्पष्टीकरण मांगा है।


वायरल वीडियो से लिया गया स्क्रीन शॉट।

मेडिकल कॉलेज की ओपीडी ब्लॉक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसमें एक स्टाफ नर्स काला चश्मा लगाकर ओपीडी में खड़े मरीजों के बीच अपनी स्कूटी दौड़ती दिख रही है। जो स्टाफ नर्स की ड्रेस में मौजूद है।

वीडियो में उसकी स्कूटी वहां खड़े मरीजों से टकराते हुए भी कई बार बची। जिसको लेकर कुछ लोगों से कहासुनी भी हुई। इस दौरान किसी मरीज ने स्टाफ नर्स की इस हरकत का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद जब अफसरों तक पहुंचा। तो वह भी देखकर दंग रह गए।

इस मामले में सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने सीएमएस डॉ. संजीव सक्सेना ने रिपोर्ट मांगी है। इधर, मेडिकल कॉलेज की ओर से संबंधित स्टाफ नर्स से स्पष्टीकरण मांगा गया है। ये वीडियो कब का है और आखिर ऐसा क्यों किया गया। इसे लेकर भी पड़ताल कराई जा रही है। सीएमओ ने बताया कि वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। सीएमएस से रिपोर्ट मांगी गई है। संबधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बिना लाइसेंस चल रहे मेडिकल स्टोरों पर प्रशासन कसेगा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

* एडीएम ने औषधि निरीक्षक से तलब की रिपोर्ट, जल्द होगी छापेमारी

**अमृत विचार:** जिले में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे मेडिकल स्टोरों एवं नकली दवा बेचने वालों पर जल्द ही शिकंजा कसा जाएगा। एडीएम वित्त ने इससे संबंधित रिपोर्ट औषधि निरीक्षक से तलब की है। संभवता जल्द ही जिले में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे मेडिकल स्टोरों पर छापेमारी की जाएगी।

जनपद में विभागीय आंकड़ों के मुताबिक 1098 लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर संचालित किए जा रहे हैं। यह दीगर बात है कि अवैध रूप से संचालित होने वाले मेडिकल स्टोरों की संख्या विभागीय आंकड़ों से अधिक है। शहर समेत जनपद के नगर-कस्बों में नजर दौड़ाई जाए तो गली-मोहल्लों में मेडिकल स्टोरों की भरमार है। खास बात यह है कि तमाम मेडिकल स्टोरों पर प्रतिबंधित एवं नारकोटिक्स की दवाएं बिना डॉक्टरी सलाह के बेची जा रही है। गली-कूचों में खुले इन मेडिकल स्टोरों पर तो मरीजों द्वारा मर्ज बताने के साथ ही झट से दवा मुहैय्या करा दी जाती है।

सूत्रों की मानें तो इनमें कुछ मेडिकल स्टोर वाले अपने थोड़े से फायदे के बिना डॉक्टर का पर्चा देखे ही नशीली दवाएं अवैध रूप से बेंच रहे हैं। शेड्यूल-एच वन के तहत यह दवाएं बिना बिल के नहीं बेची जा सकती हैं। इन दवाओं को खरीदने वालों में अधिकांश युवा वर्ग शामिल है जो इन दवाओं को नशे के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। फिलहाल मेडिकल स्टोरों के फर्जीवाड़े को प्रशासन ने संज्ञान में लिया है। एडीएम वित्त ऋतु पूनिया ने औषधि निरीक्षक से मेडिकल स्टोरों से संबंधित रिपोर्ट तलब की है। इसके साथ ही उन्होंने अवैध रूप से संचालित होने वाले मेडिकल स्टोरों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई, इसका भी ब्यौरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। संभवता जल्द ही जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले मेडिकल स्टोरों पर जल्द ही शिकंजा कसने की तैयारी चल रही है। इस संबंध में एडीएम वित्त ऋतु पूनिया ने बताया कि औषधि निरीक्षक से मेडिकल स्टोरों से संबंधित रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। अवैध रूप से संचालित होने वाले मेडिकल स्टोर संचालक के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।


सीएचसी का निरीक्षण करती टीम। ● अमृत विचार

# बरेली से आई टीम ने परखे सीएचसी के इंतजाम

संपादित, अमरिया

**अमृत विचार:** सीएचसी में बरेली की तीन सदस्यीय टीम ने दवा वितरण, टीकाकरण, वैक्सीन, पैथोलॉजी आदि का गहनता से निरीक्षण किया।

टीम ने मरीजों से भी वार्ता की। जांच और अन्य सुविधाओं के साथ ही साथ सफाई और संसाधनों की गहनता से जांच की गई। अधीक्षक डॉ.मोहम्मद आलमगीर ने बताया कि दूसरे चरण के लिए कायाकल्प टीम आई थी। मंडल स्तर की टीम असेसमेंट करती है। इसमें भी 70 फीसदी से अधिक अंक होने पर राज्य स्तर की टीम द्वारा असेसमेंट किया जाता है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सफाई समेत मानकों पर खरा उतरने पर सीएचसी को कायाकल्प अवार्ड में चयनित किया जाएगा। इस मौके पर जिला सलाहकार क्वालिटी इंश्योरेंस निगोही शाहजहांपुर डॉ. नितिन चौधरी , जिला सलाहकार क्वालिटी इंश्योरेंस बदायूं डॉ. इलियास, सहायक जिला सलाहकार क्वालिटी इंश्योरेंस तिलहर डॉ. जियाउल हक, डॉ. प्रदीप कुमार गंगवार, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक जसीम हुसैन, मोहम्मद मुशाहिद रजा, इरशाद अली खान, योगेश राना, नजीमुद्दीन खान आदि मौजूद रहे।

# व्यापारी नेता ने सीएचसी में दिया धरना

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** सीएचसी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर व्यापारी नेता ने धरना प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें सीएचसी में स्टाफ बढ़ाने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि सीएचसी में मरीजों को सही उपचार नहीं मिल रहा है। इसके चलते वह निजी अस्पतालों में जाने को मजबूर हैं।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय मंत्री विजय पाल सिंह विक्की बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में पहले इमरजेंसी वार्ड और डॉक्टर के चेंबर के वीडियो बनाए। उनका आरोप है कि अस्पताल खुलने के बाद भी डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारी अस्पताल से गायब रहते हैं। अव्यवस्थाओं को लेकर व्यापारी नेता सीएचसी में ही धरने पर बैठ गए। जानकारी लगते ही सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर अनिकेत गंगवार मौके पर पहुंचे और व्यापारी नेता से वार्ता कर समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद अधिवक्ताओं के साथ व्यापारी नेता तहसील पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि सीएचसी में मरीजों को सही उपचार नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते मरीज निजी अस्पतालों में उपचार करने को मजबूर हैं। महिला वार्ड में साफ सफाई नहीं रहती है।डॉक्टर और कर्मचारी अक्सर गायब रहते हैं। मरीज को बाहरी मेडिकल स्टोर की दवा लिखी जा रही हैं। मरीजों की सहूलियत के लिए व्यापारी नेता ने डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारियों का स्टाफ बढ़ाने की भी मांग की है।


सीएचसी परिसर में धरना देते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

* डॉक्टर समेत अन्य स्टाफ बढ़ाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**लगाया शिविर** रेडक्रास दिवस पर राजकीय ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर का डीएम ने किया उद्घाटन

# पीटीआर के डीडी समेत कई लोगों ने किया रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** रेडक्रास दिवस पर राजकीय ब्लड बैंक में आयोजित हुए रक्तदान शिविर में पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर समेत एक दर्जन से अधिक रक्तदानियों ने रक्तदान किया। इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन डीएम संजय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया।

राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय के ब्लड बैंक में बुधवार को रेडक्रास सोसायटी की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन डीएम संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान डीएम ने शिविर आयोजन को रेडक्रास सोसायटी के सेवा कार्य का अनुपम उदाहरण बताया।शिविर में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह, वन एवं वन्यजीव प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, जिला क्षय रोग केंद्र के सुपरवाइजर राजेश गंगवार, स्वच्छ भारत मिशन के मरौरी विकासखंड के ब्लाक कोऑर्डिनेटर अनुदित अग्निहोत्री, नितिन पांडेय, क्षय रोग केंद्र की अनामिका श्रीवास्तव, स्वास्थ्य विभाग के अंकुर भटनागर तथा प्रिया शर्मा सहित एक दर्जन से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

इस दौरान सीएमओ डॉ.आलोक कुमार, रेडक्रास सोसायटी के जिला सचिव कौशलेंद्र भदौरिया, पुष्प इंस्टीट्यूट के प्रबंध निदेशक डा.एसपीएस संधू, रेडक्रास सोसायटी सदस्य हर्षल सिंह, रक्तदान कार्यक्रम के कार्यक्रम निदेशक डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री, राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.संगीता अनेजा, सीएमएस डॉ.संजीव सक्सेना एवं डॉ.राजेश कुमार आदि मौजूद रहे। ब्लड बैंक की टीम में रक्तकोष की प्रभारी डॉ.विभूति गोयल, डॉ.अमृता सिंह, दिग्विजय आर्य, कपिल वैश्य, अमरीन फात्मा, ब्रजेश, भानुप्रताप, नरेंद्र सिंह एवं सुरेंद्र शामिल रहे।



शिविर में रक्तदाता का हौंसला बढ़ाते डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

# शिक्षा का स्तर बेहतर व बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति पर मंथन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

* बीआरसी बरखेड़ा में बीईओ की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अमृत विचार:** ब्लाक संसाधन केंद्र बरखेड़ा में बीईओ अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में प्राथमिक शिक्षा के स्तर को बेहतर व विद्यालयों में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति को लेकर मंथन किया गया।

बीईओ ने कहा कि बाल वाटिका में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, मूलभूत सुविधाएं एवं सुरक्षा के लिए प्राथमिक शिक्षा और बाल विकास विभाग में अंतर विभागीय संबंध अत्यंत आवश्यक हैं। इसलिए दोनों विभागों में आपसी तालमेल से काम करना बेहद जरूरी है। आंगनबाड़ी केंद्रों में शिक्षा विभाग के सहयोग से प्री प्राइमरी की शिक्षा दी जा रही है। निपुण लक्ष्य में एक लक्ष्य (भाषा एवं गणित) प्री प्राइमरी (बाल वाटिका) से भी पूरा हो। यदि यह लक्ष्य प्री प्राइमरी स्तर पर बच्चों को प्राप्त हो जाए तो अन्य कक्षाओं में लक्ष्यों को प्राप्त करने में आसानी होगी। छात्र उपस्थिति में वृद्धि पर चर्चा करते हुए कहा कि इसके मूल कारणों का विश्लेषण करें। अभिभावकों को शिक्षा के महत्त्व, शासकीय सुविधाओं, छात्र की शैक्षिक प्रगति से अवगत कराएं। जिला एवं ब्लाक टास्क फोर्स के निरीक्षणों के माध्यम से शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। बैठक में आयोजित करें। सीडीपीओ मूर्ति देवी, एआरपी विनय पांडेय, रवि, देवेंद्र पाल, ज्ञानप्रकाश आदि मौजूद रहे।






# पीटीआर में 26 सफारी वाहनों के संचालन पर रोक

## बीमा और प्रदूषण प्रमाणपत्र की वैधता समाप्त होने के बाद हो रहा था संचालन, कार्रवाई से मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- अभिलेखों के परीक्षण के बाद महोफ वन क्षेत्राधिकारी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 26 सफारी वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी गई। विभागीय जांच में यह सभी वाहन बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र की वैधता समाप्त होने के बाद संचालित किए जा रहे थे। अभिलेखों के परीक्षण के दौरान मामले का खुलासा होने पर महोफ वन क्षेत्राधिकारी ने कार्रवाई की है। इस कार्रवाई से सफारी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी के लिए करीब 60 वाहनों का संचालन किया जा रहा है। इसमें 28 जीनॉन और शेष बचे जिप्सी वाहन हैं। पीटीआर में आने वाले सैलानियों को इन्हीं सफारी वाहनों के माध्यम से चूका बीच समेत पीटीआर के अन्य टूरिज्म प्वाइंटों की सैर कराई जाती है। बीते कुछ समय से पीटीआर के सफारी वाहन अपनी कारगुजारी से अफसरों के निशाने पर है। कुछ दिन पूर्व टाइगर रिजर्व प्रशासन को जंगल सफारी के दौरान कुछ चालकों एवं गाइडों द्वारा पर्यटकों को बाघ दिखाने के नाम पर वाहनों से बाघों को घेरने की जानकारी मिली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए टाइगर रिजर्व प्रशासन ने सफारी वाहनों को एक साथ न जाकर अलग-अलग रूटों पर जाने के निर्देश दिए थे। हालांकि इसको लेकर कुछ सफारी चालक एवं गाइडों ने विरोध भी जताया था। हालांकि जंगल में नियमों की सख्ती के आगे विरोध ठंडा पड़ गया। इधर बुधवार को पीटीआर में 26 सफारी वाहनों के संचालन पर रोक लगा दी गई। इसमें नौ जीनॉन एवं 17 जिप्सी वाहन शामिल हैं।

महोफ रेंज के वन क्षेत्राधिकारी सहेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सफारी वाहनों के संचालकों से वाहनों की पड़ताल को लेकर अभिलेख मांगे गए थे। अभिलेखों के परीक्षण के दौरान यह सभी सफारी वाहन बगैर बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र की वैधता समाप्त होने के बाद भी संचालित किए जा रहे थे। इसमें 14 सफारी वाहनों बगैर बीमा एवं 18 सफारी वाहन के प्रदूषण पत्र की वैधता समाप्त पाई गई। वाहनों के बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र के नवीनीकरण न होने तक इन वाहनों के संचालन पर रोक जारी रहेगी। इधर वन क्षेत्राधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई से सफारी वाहन संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।


मुस्तफाबाद में खड़े सफारी वाहन। • अमृत विचार

### 34 वाहनों से कराई जाएगी सैर

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में चल रही 26 सफारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाई जा चुकी है। मौजूदा पर्यटन सत्र 15 जून तक चलेगा। ऐसे में अब पर्यटकों के लिए पीटीआर में सैलानियों को जंगल सफारी कराने की जिम्मेदारी 34 वाहनों के कंधों पर होगी। फिलहाल किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए टाइगर रिजर्व प्रशासन ने जिम्मेदारी तय कर दी है। दावा है कि किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी।

> पीटीआर में 26 सफारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाई गई है। अभिलेखों के परीक्षण में इन वाहनों का बीमा एवं प्रदूषण प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त पाई गई थी। – **मनीष सिंह**, डिप्टी डायरेक्टर, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

### हो चुकी है जीनॉन गाड़ियों की शिकायत

पूर्व में शासन स्तर पर टाइगर रिजर्व क्षेत्र में जीनॉन गाड़ियों के संचालन को लेकर भी शिकायत हो चुकी हैं। बताया जाता है कि इन शिकायतों में भी विभिन्न गाइडलाइनों का हवाला देते हुए जीनॉन सफारी के संचालन को गलत बताया गया था। ये भी कहा था कि ये डीजल से चलने वाले वाहन है, जो प्रदूषण को बढ़ावा देते हैं। साथ ही नियमानुसार टाइगर रिजर्व क्षेत्र में इनका संचालन नहीं हो सकता है। हालांकि इस मामले में कोई एक्शन नहीं लिया गया था।

# दो माह में महज 20 क्विंटल खरीद, केंद्र प्रभारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- कम गेहूं खरीद पर सहायक आयुक्त सहकारिता ने की कार्रवाई
- समिति सभापति को पत्र भेजकर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** नोटिस देने के बाद भी गेहूं खरीद न करने पर एक क्रय केंद्र प्रभारी को निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्रवाई सहायक आयुक्त सहकारिता ने की है। उन्होंने समिति सभापति को केंद्र प्रभारी को निलंबित करते हुए कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

जनपद में गेहूं खरीद को रफ्तार देने के लिए प्रशासन पिछले पखवाड़े भर लगातार एक्शन मोड में है। शासन से लेकर मंडल एवं जिला स्तर पर रोजाना ही गेहूं खरीद की समीक्षा की जा रही है। लक्ष्य के सापेक्ष खरीद न करने वाले अधिकारियों एवं केंद्र प्रभारियों पर कार्रवाई हो रही हैं। इधर, सहकारिता विभाग भी अपने केंद्रों पर लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करने पर लगातार जोर दे रहा है। तीन दिन पूर्व हुई समीक्षा में कम गेहूं खरीद मिलने पर नौ समितियों के अध्यक्षों को नोटिस जारी कर रोजाना सौ क्विंटल गेहूं खरीद करने के निर्देश दिए थे। बी-पैक्स लिमिटेड जोगराजपुर के सभापति को नोटिस भी जारी किया था। समिति के क्रय केंद्र पर दो माह में मात्र 20 क्विंटल खरीद पाई गई थी। साथ ही क्रय केंद्र के केंद्र प्रभारी अरुन कुमार को एक बार निलंबन पूर्व एवं दूसरी बार प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की गई। इसके बावजूद केंद्र प्रभारी द्वारा कोई खरीद नहीं की गई। इस मामले में समिति सचिव खुर्शीद को भी निलंबन पूर्व नोटिस जारी किया गया था।

इधर, दो बार नोटिस भेजने के बाद भी गेहूं खरीद न करने पर क्रय केंद्र प्रभारी अरुन कुमार को निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं। सहायक आयुक्त सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने समिति सभापति को केंद्र प्रभारी को तत्काल निलंबित कर कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। सहायक आयुक्त सहकारिता ने बताया कि पूर्व में केंद्र प्रभारी को नोटिस जारी कर आपेक्षित लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करने को कहा गया था, लेकिन कोई खरीद नहीं की गई। इस पर केंद्र प्रभारी को निलंबित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सर्राफ ने हड़प लिए जेवरात

**बीसलपुर।** सराफ ने ग्रामीण के जेवरात हड़प लिए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। दियोरिया कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम बड़ागांव निवासी राकेश कुमार ने बताया कि नगर के एक सराफ की दुकान पर उसने कुछ समय पहले डेढ़ तोला सोने की चेन बदलवाने और नए आभूषण लेने के लिए दो लाख पच्चीस हजार रुपए जमा किए थे। जब वह अपनी चेन और आभूषण लेने गए तो सराफ ने टालमटोल कर दी। कई चक्कर लगाने के बाद भी जेवर नहीं दिए और रुपये भी नहीं लौटाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# घर में घुसकर महिला पर धारदार हथियार से किए वार

संवाददाता, बिलसंडा

- पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज की नामजद रिपोर्ट

**अमृत विचार:** घनश्यामपुर गांव में मामूली कहासुनी के बाद हुए विवाद में एक पक्ष ने घर में घुसकर दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। मारपीट करने के साथ धारदार हथियार से वार किए। जिसमें महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


घायल सुखरानी।

थाना क्षेत्र के गांव घनश्यामपुर निवासी झंडू लाल के पुत्र विकास कुमार ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि उसके घर में बछड़ा घुस आया था, जिसे भगाने को लेकर पड़ोस में रहने वाले अनिल कुमार और उसके परिवार के लोगों से कहा सुनी हो गई। आरोप है कि अनिल कुमार एवं उनके परिवार के लोगों ने घर में घुसकर तांडव मचाया। आरोप है कि हमलावरों ने घर में घुसते ही मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने धारदार हथियार से भी वार कर किए। जिसमें सुखरानी देवी, विशोक कुमार एवं झंडू लाल घायल हो गए। सुखरानी के सिर में हमलावरों ने तलवार से वार करके लहुलुहान कर दिया। झंडू लाल के पीठ में तलवार लगी। जबकि विशोक कुमार के पैर की अंगुली कट गई।

आरोप है पथराव भी किया गया। पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार, मुनेंद्र कुमार, अवधेश कुमार, वीरपाल, ओमवीर एवं रामलड़ैते समेत छह के खिलाफ बलवा समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। घायलों का मेडिकल परीक्षण कराकर पुलिस जांच कर रही है।

# ओटीपी बताते ही खाते से उड़ गए 48 हजार रुपये

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी एक युवक से उसके क्रेडिट कार्ड पर चल रही अन्य सुविधाओं को बंद करने का झांसा देकर ओटीपी मालूम कर उसके खाते से साइबर क्राइम करने वाले गिरोह ने हजारों रुपए उड़ा दिए घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। नगर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद निवासी अयोध्या प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका भारतीय स्टेट बैंक का क्रेडिट कार्ड चल रहा है। सात मई को उनके नंबर पर अंजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को कस्टमर केयर कर्मचारी बताया और कहा कि क्रेडिट कार्ड पर अन्य सुविधाएं चल रही है उन्हें बंद करा लीजिए। वरना आपके कार्ड से रुपये काट लिए जाएंगे। एक ओटीपी पीड़ित के नंबर पर भेजा। इसके बाद ओटीपी की जानकारी ले ली। कुछ ही देर में खाते से 48,386 रुपये निकल गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जेई की तहरीर पर भाजपा नगराध्यक्ष समेत 19 पर मुकदमा

बैकफुट पर पुलिस...

संवाददाता, पूरनपुर


मुकदमा दर्ज करने पर लामबंद हुए अधिकारी और कर्मचारी

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- पॉवर कारपोरेशन के अधिकारी और संगठन की कार्य बहिष्कार की चेतावनी के बाद ली सुध

**अमृत विचार:** बिजली चोरी की सूचना पर भाजपा नेत्री के घर छापेमारी के बाद हुए हंगामे के मामले में अब जेई की तरफ से भी कानूनी कार्रवाई की गई है। मंगलवार को पॉवर कारपोरेशन के अधिकारी और संगठन के पदाधिकारियों ने डिवीजनल कार्यालय पर इस मामले में अवर अभियंता की ओर से तहरीर मिलने पर भी रिपोर्ट दर्ज नहीं करने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी थी। इसका असर यह हुआ कि बैकफुट पर आई पुलिस ने बुधवार को जेई की तहरीर पर भाजपा नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत 19 लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, टीम को बंधक बनाने और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करने समेत कई गंभीर आरोपों में एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं, नगर उपाध्यक्ष की ओर से दी गठ तहरीर पर पुलिस पहले ही पावर कॉरपोरेशन टीम पर रिपोर्ट दर्ज कर चुकी है।

सोमवार को सिरसा रोड पर एक कॉलोनी में पावर कारपोरेशन के एसडीओ शशांक कांडपाल, अवर अभियंता जयपाल सिंह टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान भाजपा नेत्री के घर में टीम जांच पड़ताल के लिए पहुंची। इस दौरान जेई जयपाल सिंह और भाजपा नेत्री के बीच मारपीट हो गई। जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया और जमकर हंगामा हुआ था। इस मामले में भाजपा नेत्री की ओर से जेई जयपाल, दानिश और शशांक सहित नौ लोगों के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ समेत कई धाराओं में कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस कार्रवाई के बाद पावर कॉरपोरेशन के कर्मचारियों ने भी कार्रवाई नहीं होने पर मंगलवार को नाराजगी जताते हुए डिवीजन कार्यालय पर प्रदर्शन किया था। बुधवार को पुलिस ने जेई जयपाल की ओर से मिली तहरीर पर भी कार्रवाई की। भाजपा नेत्री, नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, संजय मिश्रा, रूप सिंह और 15 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। जेई का आरोप है कि सोमवार को चेकिंग के दौरान भाजपा नेत्री के घर कटिया डालकर बिजली चोरी पकड़ी गई थी।

इसके बाद भाजपा नेत्री ने सरकारी काम में बाधा डालते हुए जानलेवा हमला किया। घर में बंद कर जेई के साथ मारपीट की गई। महिला ने सरकारी अभिलेख फाड़ डाले। पिटाई से जेई घायल हो गए। अस्पताल में मेडिकल के दौरान भी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए संजय मिश्रा व उसके साथ अज्ञात पांच लोगों ने गाली गलौज कर जेई के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। इसके अलावा थाने से लौटते समय भी गेट पर पहले से मौजूद हर्ष प्रधान, संजय मिश्रा और रूप सिंह सहित 15 लोगों ने लामबंद होकर उनके साथ दोबारा मारपीट की। किसी तरह वह जान बचाकर सीओ कार्यालय पहुंचे थे। फिलहाल क्रॉस रिपोर्ट होने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

### सत्ता के दबाव में रिपोर्ट दर्ज करने से बचती रही पुलिस

**पूरनपुर :** जेई और भाजपा नेत्री के बीच हुए विवाद में दोनों पक्षों की ओर से उसी दिन तहरीर दे दी गई थी। भाजपा नेत्री की तहरीर पर तो रिपोर्ट दर्ज कर ली गई लेकिन जेई की तहरीर को जांच में टाल दिया गया था। इसे लेकर सत्ता के दबाव में कार्रवाई न करने के आरोप लग रहे थे। घटना में कार्रवाई न होने पर गुस्साए पावर कॉरपोरेशन के अफसर कर्मचारी भी लामबंद होते दिखे। मंगलवार दोपहर राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के जिला अध्यक्ष उमेश कुमार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी और जिले भर के तमाम एसडीओ और जेई पूरनपुर पहुंचे थे। उनके द्वारा एफआईआर दर्ज न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई थी। डिवीजन कार्यालय पर बैठक कर अधिकारियों ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीओ आलोक सिंह से शिकायत की। इसके बाद अब बुधवार को कार्रवाई की गई है।

> मामले में किसी तरह का दबाव नहीं था। एक पक्ष की पूर्व में ही रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। जेई की ओर से दी गई तहरीर में बदलाव के चलते देरी हुई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। – **संजीव कुमार शुक्ला**, कोतवाल पूरनपुर

# निदेशक ने डीएम से मांगी रिपोर्ट सदस्यों को क्यों नहीं मिला मानदेय

संवाददाता, बिलसंडा

- ग्राम पंचायत सदस्य के आरोप के बाद जिम्मेदारों की गर्दन फंसना तय
- बिलासंडा के गांव करेली का मामला, अफसरों से खलब

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायतों में प्रतिमाह होने वाली बैठकों में शामिल होने वाले सदस्यों को मानदेय न दिए जाने का मामला अब पंचायती राज विभाग के निदेशक तक पहुंच गया है। जिस पर निदेशक ने मामले की डीएम से रिपोर्ट तलब की है। जिससे जिम्मेदारों में अब खलबली मच गई है। बताते हैं कि अभी तक ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए जो बोर्ड की बैठक आहूत होना दर्शाई जा रही थीं। उसके फर्जीवाड़े की ग्राम पंचायत सदस्य ने ही पोल खोल दी है।

निकायों के अलावा क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत बोर्ड की तर्ज पर ही ग्राम पंचायतों में भी बोर्ड की व्यवस्था है। जिसके तहत ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को कराने से पहले बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव पारित कराने का प्रावधान है। ग्राम पंचायतों में प्रति माह बोर्ड की बैठक किए जाने की व्यवस्था के बावजूद आरोप है कि क्षेत्र की अधिकांश ग्राम पंचायतों में विधिवत बैठक नहीं हुई।

यह आरोप पंचायती राज विभाग के निदेशक से की गई शिकायत में ग्राम पंचायत करेली के सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा ने लगाया है। कहा कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में सदस्यों के फर्जी हस्ताक्षर करके बैठकों का होना दर्शाया जा रहा है। यह भी आरोप लगाया कि अगर विधिवत तरीके से बोर्ड की एक भी गई बैठक की गई होती, तो बैठक में शामिल होने पर सदस्यों को मानदेय दिया जाता, लेकिन अधिकांश ग्राम पंचायतों में किसी भी सदस्य को आज तक 100 रुपए प्रति बैठक के रूप में मिलने वाले मानदेय को दिया ही नहीं गया। आरोप लगाया कि अधिकांश ग्राम पंचायतों में इसे लेकर धांधली की गई है। पंचायती राज विभाग के निदेशक राजकुमार से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई। इस पर डीएम से मामले की रिपोर्ट तलब की गई है। खंड विकास अधिकारी अमित कुमार शुक्ला ने बताया कि ग्राम पंचायत करेली के सदस्य कृष्ण कुमार शर्मा की शिकायत पर मामले की जांच कराई जा रही है।

# हादसे में बीसलपुर के ट्रक चालक की गुजरात में मौत

**बीसलपुर, अमृत विचार :** बीसलपुर के ट्रक चालक की गुजरात में सड़क हादसे में जान चली गई। नगर के मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जनूबी के मोबीन (55) ट्रक चलाते थे। मंगलवार को वह ट्रक लेकर जा रहे थे कि गुजरात में मोहरबी और हलबत के बीच चिरंजी गांव के पास सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से ट्रक टकरा गया। हादसे में मोबीन के सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें आनन-फानन में वहां के सरकारी अस्पताल भिजवाया गया। जहां मृत घोषित कर दिया गया। गुजरात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। परिवार को हादसे की सूचना दी गई। जिसके बाद परिवार के कुछ सदस्य भी गुजरात शव लाने के लिए रवाना हो गए। पति की मौत की खबर मिलने के बाद से पत्नी भूरी का रोकर बुरा हाल रहा। परिचित और रिश्तेदार पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे रहे।

# मिट्टी खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** सेहरामऊ में खनन माफिया ने नायब तहसीलदार पर जानलेवा हमला कर दिया था। इसको लेकर सख्ती की जा रही है। मगर खनन का धंधा जोरों पर चल रहा है। इसी क्रम में पुलिस ने खनन में लगी मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली कब्जे में ले ली। हालांकि चालक ने सौ घन मीटर की अनुमति दिखाई । मगर पुलिस अभी जांच कर रही है।

सेहरामऊ क्षेत्र में अवैध खनन के दौरान जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित पर बीते गुरुवार को खनन माफिया ने धारदार हथियार लेकर हमला कर दिया था। तब से खनन का सेहरामऊ में बंद हो गया था। मगर पूरनपुर क्षेत्र के गांव गहलुइया में सांठगांठ के चलते हो रहे खनन के धंधे में कहीं न कहीं गांव की राजनीति हावी है। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने गांव के बाहर खेतों से मिट्टी ला रही एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ ली और उसे कब्जे में लेकर कोतवाली लाई। चालक ने अनुमति होने के बारे में में बताया। चालक ने पुलिस को 100 घन मीटर खनन की अनुमति दिखाई तो पुलिस की किरकिरी हो गई। खनन अधिकारी अशोक कुमार को भी अनुमति दिखाई गई। उन्होंने 100 घन मीटर खनन के लिए ऑनलाइन अनुमति मान्य होने की बात कही। ऐसे में पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो गए। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी गई है। अनुमति दिखाए जाने पर ट्राली छोड़ दी जाएगी। जांच पड़ताल की जा रही है।

### चोरी छिपे काट दिए सेमल के पेड़



**अमरिया।** बिलासपुर गांव में लकड़ी चोरों ने ग्राम समाज की भूमि पर खड़े दो सेमल के पेड काट लिए। ग्राम प्रधान ने पेड़ काटने की सूचना अमरिया पुलिस को दी है। जानकारी मिलने पर हलका लेखपाल ने भी थाने में तहरीर दी है। तहसील क्षेत्र के गांव बिलासपुर में ग्राम समाज की जमींन पर सेमल के पेड़ खड़े हुए हैं। बताते हैं कि लकड़ी चोरों ने ग्राम समाज की भूमि में खड़े दो सेमल के पेड़ काट लिए। जानकारी लगने पर ग्राम प्रधान जीसुख लाल ने इसकी सूचना हल्का लेखपाल और पुलिस को दी। सूचना पर हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे। हलका लेखपाल ने लिखित में तहरीर अमरिया पुलिस को दी। पुलिस ने सुरागकसी कर ट्रैक्टर-ट्राली पर लदी सेमल की लकड़ी को कब्जे में ले लिया और थाने ले आई। हालांकि लकड़ी चोर पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। इस संबंध में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत की भूमि से चोरी छिपे लकड़ी काटे जाने की सूचना मिलने पर अमरिया पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। लकड़ी एवं ट्रैक्टर ट्राली पुलिस की सुपुर्दगी में है। कार्रवाई की जा रही है।

# नीलगाय से टकराई बाइक, शिक्षक की मौत

**मझोला, अमृत विचार:** कंपोजिट विद्यालय ग्राम गिधौर में तैनात सहायक अध्यापक आशीष शुक्ला की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह रोज की तरह बुधवार सुबह सितारगंज से विद्यालय आ रहे थे। रास्ते में बिरहनी गुरुद्वारे के पास अचानक नीलगाय सामने आ गई। उन्होंने बाइक बचाने का प्रयास किया लेकिन नीलगाय से टक्कर हो गई। आशीष को सितारगंज सीएचसी ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देख हल्द्वानी रेफर कर दिया। इस दौरान रास्ते में ही मौत हो गई। आशीष की पत्नी रीना शुक्ला भी सहायक अध्यापका हैं। मृतक के दो बेटी मानवी (14) और सानवी (8) है। मृतक मूल रुप से गोरखपुर के रहने वाले हैं। नगर पंचायत के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने निधन पर शोक जताया।


मृतक आशीष शुक्ला।

# सड़क पर रोपा पौधा, डीएम के निर्देश पर दौड़े अफसर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पहुंचे अफसरों ने केले का पौधा तो हटाया, मगर गड्ढे को नहीं पटवाया
- फोटो वायरल होने के बाद डीएम ने एक्सईएन से मांगी थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** जर्जर माधोटांडा रोड पर केले का पौधा लगाने का फोटो वायरल होने के बाद लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता एवं एआरटीओ ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

जांच को पहुंचे अधिकारियों ने केले का पौधा तो हटा दिया, लेकिन सड़क पर हुए गड्ढे को पटवाने के कोई प्रयास नहीं किए।

पीलीभीत से माधोटांडा जाने वाला मार्ग जर्जर हो चुका है। करीब 30 किमी लंबे इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे होने से अक्सर दोपहिया वाहन सवार चोटिल हो रहे हैं। हालांकि जीर्ण-शीर्ण हो चुके पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग के दुरुस्तीकरण को लेकर कई बार मांग भी की जा चुकी है, लेकिन इस ओर से ध्यान नहीं दिया गया। खास बात यह है कि सड़क पर बड़े गड्ढे होने के बावजूद बचाव को लेकर कोई संकेतांक भी नहीं लगाया गया।

इस पर सड़क से गुजरने वालों ने लोगों को गड्ढे से आगाह करने के लिए केले का पौधा लगा दिया। इस पर कुछ लोगों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। मामला संज्ञान में आने पर डीएम संजय कुमार सिंह ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को तलब कर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए थे। इधर डीएम के निर्देश पर अधिशासी अभियंता राजेश चौधरी ने एआरटीओ वीरेंद्र सिंह के साथ मौके पर जाकर जांच की।

बताते हैं कि जांच के दौरान अधिकारियों ने गड्ढे में लगाए गए केले के पौधे को हटा दिया, तो गड्ढे को पटवाने के कोई प्रयास नहीं किए गए। ऐसे में लगातार हादसे की आशंका बनी हुई है। इस मामले में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अशोक चौधरी ने बताया कि पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग पर गड्ढे भरवाने का कार्य शुरू करा दिया गया है। जल्द ही सड़क को गड्ढामुक्त कराया जाएगा।


पीलीभीत-माधोटांडा मार्ग का जायजा लेते अधिशासी अभियंता व एआरटीओ।

# संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग से लाखों का सामान जला

**माधोटांडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव अभयपुर निवासी भगवान दास के घर में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की तेज लपटें होने पर परिजनों ने बाहर निकाल कर जान बचाई। शोर शराबा करने पर बडी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग लगने से घर में रखा अनाज, चावल, नगदी, चारपाई, बिस्तर, कपडे, बर्तन, बाइक जलकर राख हो गए। इस दौरान दो भैंसे भी झुलस गईं। आग लगने के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान में रहने को मजबूर हो रहे हैं। पीड़ितों ने तहसील प्रशासन को सूचना देकर शीघ्र ही मुआवजा दिलाए जाने की मांग उठाई है।

# पेड़ी प्रबंधन पर दें ध्यान तो हो जाएंगे मालामाल

संवाददाता, पूरनपुर

- अधिकारियों ने गोष्ठी में किसानों को बताए पेड़ी प्रबंधन के उपाय
- गन्ने की फसल में लगने वाले रोग और निदान की जानकारी भी दी

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के गांव बिनौरा में कृषक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें में गन्ना सर्वे एवं पेड़ी प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई ।

जिला गन्ना अधिकारी खुशी राम भार्गव ने किसानों को बताया गया कि गन्ने की कटाई के तुरंत बाद पेड़ी प्रबंधन करने से गन्ने का फुटाव अच्छा होता है। एथोफोन पचास मिली दवा पेड़ी गन्ने की ठूठ में घोलकर बनाकर छिड़काव करें। इससे पौधे अच्छी वृद्धि करते है। खरपतवारों के लिए एक किलो ग्राम 2,4 डी पानी में घोल कर छिड़काव करे। मिल प्रबंधक दीप्ति देव यादव ने किसानो को बताया कि उचित प्रबंधन से पेड़ी गन्ने से अच्छी पैदावार ली जा सकती है। पेड़ी गन्ना किसानो के लिए अधिक लाभकारी होता है। इसमें खेत की तैयारी, बीज की मात्रा, बुवाई, बीज यातायात आदि की बचत होती है। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक संजय श्रीवास्तव, सीसीओ अजय यादव, गुरुमंगत सिंह चीमा, गुरभाग सिंह, त्रिलोचन सिंह, तेजपाल सिंह, जगतार सिंह, लालता प्रसाद, टिंकू सिंह, हरिप्रसाद आदि मौजूद रहे।


किसानों के साथ पेड़ी प्रबंधन को लेकर चर्चा करते जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव।

# डूबते युवक को बचाने नहीं आए मछुआरे रुपये की कर दी डिमांड...चली गई जान

## दिल्ली से दोस्तों के घर आया था शादाब, खारजा नजर में नहाते वक्त हुई घटना

संवाददाता, माधोटांडा

**अमृत विचार :** खारजा नहर में नहाते वक्त दिल्ली का युवक डूब गया। साथ गए दोस्तों ने नहर में मछली पकड़ रहे लोगों से मदद की गुहार लगाई। मछुआरों ने उनसे रुपये की डिमांड कर दी। जब साथी रुपये नहीं दे सके तो मछुआरों ने मुंह मोड़ लिया। सूचना मिलने पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों उव गोताखोरों की मदद से युवक को बाहर निकाला। हालांकि तब तक जान जा चुकी थी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया है।

दिल्ली के सेक्टर 23 इलाके के रहने वाले निवासी अब्दुल बहार का पुत्र शादाब (23) बुधवार सुबह अपने दो साथियों प्रवेश और विकास के साथ दोस्त के घर संग माधोटांडा थाना क्षेत्र के चांदूपुर गांव निवासी आकाश के घर आया था। बस से तीनों लोग दिल्ली से दोस्त के घर पहुंच गए। कुछ देर दोस्त के घर पर रुके।इसके बाद दो बाइकों पर सवार होकर चारों युवक जंगल घूमने जा रहे थे। रास्ते ही खारजा नहर के पास कुछ युवक नहा रहे थे। नहर में अन्य लोगों को नहाता देख सादाब भी रुक गया। इसके बाद उसने अपने कपड़े उतारे और नहर में नहाने के लिए छलांग लगा दी। नहाते वक्त कुछ ही देर में वह डूबने लगा। यह देख दोस्तों ने मदद करने का प्रयास किया, लेकिन असफल हुए। बताते हैं कि हादसे के वक्त खारजा नहर में कुछ लोग मछली पकड़ रहे थे। जब युवक डूबने लगा तो साथी दोस्तों ने उन लोगों से जाकर मदद की गुहार लगाई। आरोप है कि मछुआरों ने मदद करने के लिए रुपये मांगे। चूंकि किसी के पास रुपये नहीं थे तो वह गुहार लगाते रहे। मगर बिना रुपये मदद को मछुआरे आगे नहीं आए। इसके बाद सूचना यूपी 112 पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। युवक के नहर में डूबने का शोर मचते ही लोग जमा हो चुके थे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शादाब को नहर से बाहर निकाला और आनन-फानन में सीएचसी माधोटांडा भेज दिया। वहां डॉक्टर ने चेकअप कर मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया गया। हादसे के दौरान मौके पर भीड़ जमा रही। पुलिस ने परिजन को सूचना दे दी है। जिसके बाद परिजन भी पीलीभीत के लिए रवाना हो गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा।


नहर में डूबे युवक को तलाशने में जुटे गोताखोर। ● अमृत विचार

### मछुआरों की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस के मुताबिक मृतक शादाब के साथ उसके साथी भी खारजा नहर में नहा रहे थे। दोस्तों का आरोप है मदद की गुहार लगाने पर मछुआरों ने उनसे रुपये मांगे। जब उन्होंने रुपये होने से इंकार किया तो मदद को मछुआरे आगे नहीं आए। इसकी हकीकत जानने के लिए मछुआरों से जानकारी जुटाई जाएगी। इसलिए उनकी तलाश भी की जा रही है।

- पुलिस ने ग्रामीण और गोताखोरों की मदद से नहर से निकाला शव

### काश.. मान ली होती दोस्तों की बात

दोस्तों के अनुसार शादाब को तैरना नहीं आता था। जब वह दूसरे युवकों को देख नहर में नहाने की जिद करने लगा तो सभी ने उसे रोका था। नहर में नहाने से मना करते रहे थे। मगर वह जिद पर अड़ा रहा। ये कह दिया कि वह आगे नहीं बढ़ेगा और किनारे पर ही नहा लेगा। इतना कहते ही कपड़े उतारकर नहर में कूद पड़ा। कुछ देर तो साथी भी समझ नहीं सके थे कि शादाब डूब रहा है या फिर ऐसे ही दोस्तों के सामने डूबने की एक्टिंग कर रहा है।


हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

> एक युवक की नहर में डूबकर मौत हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी। मृतक दिल्ली से अपने दोस्त के घर आया था। शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है। परिवार के आने पर आगे कार्रवाई तय की जाएगी। – **अचल कुमार**, एसओ माधोटांडा


कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपेन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्मे की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
क्रिप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE
डॉ. अरशद अली एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी. कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट
Ph.: 9359110376
सब पैथोलॉजी सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
गूगल अवार्ड एवं गोल्ड मेडलिस्ट प्राप्त
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक 8859517808
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
♦ डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
♦ दिल सम्बन्धित बीमारियां
♦ शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
♦ बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
♦ थायराइड, गठिया, खून की कमी
♦ जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
♦ दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफलाइटिस,
♦ लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
♦ गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

# व्यापारी से व्हाट्सएप कॉल पर फिरौती मांगने वाले विदेशी फोन कॉलर पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पूरनपुर

● व्यापार मंडल के जगजीवन सिंह के पास मंगलवार को आया था फोन

**अमृत विचार :** फोन पर व्यापारी नेता से फिरौती मांगने के मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। व्यापारी को विदेश से कॉल आने की जानकारी लगी सामने आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मंगलवार शाम उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तहसील संयोजक जगजीवन सिंह बाजवा के नंबर पर व्हाट्सएप कॉल कर अज्ञात व्यक्ति ने 20 लाख की फिरौती मांगी थी। व्हाट्सएप कॉल से जगजीवन सिंह घबरा गए। फोन करने वाले की पहचान के लिए उन्होंने अपने मोबाइल को लाउडस्पीकर पर लेकर दूसरे मोबाइल से उसकी आवाज भी रिकॉर्ड कर ली और उसे पहचानने की कोशिश की। आरोपी ने 20 लाख न देने पर जान से मारने की धमकी दी। धमकाने वाले व्यक्ति ने जगजीवन के बच्चों के बाहर पढ़ने के बारे में भी बताया। धमकी मिलने के बाद जगजीवन सिंह सहित कई व्यापारी शाम को ही कोतवाली पहुंचे थे और पुलिस को मामले से अवगत कराते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने व्यापारी नेता को फोन पर धमकाने वाले अज्ञात कॉलर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया मामले की जांच चल रही है। जिस नंबर से धमकी दी गई वह नंबर विदेश का होना बताया जा रहा है। इसे लेकर अभी छानबीन चल रही है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

# सफाई के संसाधन बीमार...शहर में गंदगी की भरमार

## नगर पालिका की जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्राली समेत अन्य संसाधनों की मरम्मत नहीं होने से बढ़ी समस्या

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** नगर पालिका के सफाई संसाधन खराब पड़े हैं। इससे सभी वार्डों से कूड़ा एकत्र करने में दिक्कत हो रही है। नगर पालिका के पास शहर में सफाई के लिए कुल 360 संविदा और स्थाई कर्मी हैं। ढाई लाख की आबादी वाले शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए नगरपालिका के पास वाहनों की कमी नहीं हैं, मगर वाहनों की देखरेख और समय से मरम्मत न हो पाने के कारण वह कंडम होना शुरू हो गए हैं। इनमें करीब पांच से छह वाहन पूरी तरह से जर्जर हो गए हैं। जो चालू हालत में है। उनमें भी कई वाहन ऐसे हैं। जिन्हें धक्का लगाकर स्टार्ट करना पड़ता है। मगर, इसके बाद भी वाहनों की सर्विस नहीं कराई जाती है। जिस वजह से पटरी पर आई सफाई व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है।

शहर में कुल 27 वार्ड है। जिनमें करीब 59 मोहल्ले और 21 कॉलोनी हैं। इसके अलावा मुख्य बाजार है। जहां सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए नगरपालिका के पास 152 सरकारी और 208 आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी कार्यरत हैं। साथ ही कूड़ा उठाने के लिए नगरपालिका के पास संसाधन के तौर पर नए पुराने मिलाकर करीब 45 वाहन मौजूद हैं। जिनमें चालू हालत में सिर्फ छह ट्रैक्टर-ट्राली, 26 टेंपो, एक जेसीबी, एक कैटलक्चर और एक सीवर टैंक साफ करने वाली मशीन है। इसके अलावा एक ट्रैक्टर-ट्रॉली लंबे अरसे से खराब पड़ी हुई है। जिसको ठीक कराने में हीलाहवाली बरती जा रही है। आलम यह है कि किसी ट्रैक्टर में बैटरी नहीं है, तो किसी में लाइट। जिस वजह से सफाई व्यवस्था बेपटरी होती जा रही है। बमुश्किल व्यवस्थाओं में सुधार देखने को मिला था। मगर एक बार फिर संसाधनों की समय से मरम्मत न होने के कारण वाहनों का संचालन नहीं हो पा रहा है। एक जेसीबी मशीन बीते छह माह से खराब पड़ी हुई है। जिसको ठीक नहीं कराया जा रहा है। तो वहीं कई ट्रॉली भी कंडम हो चुकी है, तो किसी के टायर फट चुके हैं। मगर उन्हें सुधरवाया नहीं जा रहा है। कूड़ा उठाने वाले वाहनों में अधिकतर वाहन धक्के पर चल रहे हैं। सड़क पर चल रहे 36 वाहनों में कई ट्रैक्टर-ट्राली, मैजिक और लोडर धक्के पर स्टार्ट होते हैं। कई महीनों पहले उनकी बैट्ररी खराब हो चुकी है। सुबह वाटर वर्क्स से निकलने के बाद यह वाहन मजबूरी में स्टार्ट होते हैं। इस वजह से डीजल का खर्च भी अधिक होता है।


वाटर वर्क्स में खड़े खराब हालत में नगर पालिका के सफाई व्यवस्था के संसाधन।


काफी कम संख्या में दिखाई दे रहे चालू हालत वाले संसाधन।


वाटर वर्क्स में खडा खराब नगर पालिका का कूड़ा उठाने वाला वाहन।


कबाड़ हालात में खड़ी जेसीबी मशीनें। ● अमृत विचार

### वाहनों की नीलामी से जुड़ी फाइल ठंडे बस्ते में

दशकों पहले कूड़ा उठाने के लिए खरीदे गए वाहन अब पूरी तरह कंडम हो चुके हैं। करीब 12 वाहन ऐसे हैं। नगरपालिका के अफसरों ने दो साल पहले कंडम वाहनों की सूची तैयार की थी। मगर, आज तक उनकी नीलामी नहीं कराई गई है। लापरवाही की वजह से कई वाहनों के स्पेयर पार्टस भी बदल दिए गए हैं। फिर पालिका प्रशासन की ओर से कोई सुध नहीं ली जा रही है।

> वाहनों की मरम्मत कराने के लिए स्टोर कीपर को निर्देश दिए गए थे। खराब वाहनों का एस्टीमेट बनवाया जा रहा है। जल्द ही सभी वाहनों को दुरुस्त किया जाएगा। नीलामी वाहनों की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। आचार संहिता के बाद वाहनों को नीलाम किया जाएगा।
> **– लाल चंद भारती,** ईओ नगरपालिका पीलीभीत

### पति समेत सात पर दहेज हत्या की रिपोर्ट

**गजरौला।** शाहजहांपुर जनपद के थाना खुटार क्षेत्र के ग्राम पिपरिया वीरसिंहपुर निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र सुक्खा सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री शिखा सिंह की शादी एक साल पहले थाना गजरौला क्षेत्र के गांव शिवनगर में हुई थी। कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले बुलेट बाइक, सोने की चेन, दो लाख रुपये की मांग करने लगे। आए दिन प्रताड़ित करते थे। कई बार समझाया लेकिन नहीं माने। आरोप है कि पांच मई को पुत्री की दहेज की मांग पूरी न होने पर जहर देकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने पति सचिन, सास नन्हीं लली, ननद शीतल सिंह, नंदोई राजेश सिंह, ननद डिंपल, ननद की दो बेटियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# अमावस पर शिव सरोवर में श्रद्धालु नहीं लगा सके डुबकी, बैरंग लौटे


गांव लिलहर शिव सरोवर में डुबकी लगाने पहुंचे श्रद्धालु पर जल के अभाव में लौटे बैरंग।

संवाददाता, बिलसंडा

● कायाकल्प कराने के लिए ठेकेदार ने सरोवर खाली कराने के बाद शुरू नहीं किया काम

**अमृत विचार:** छोटी काशी के रूप में प्रख्यात गांव लिलहर में इस बार अमावस्या पर श्रद्धालुओं को पवित्र शिव सरोवर में आस्था की डुबकी लगाने से वंचित रहना पड़ा। कायाकल्प कराने के लिए सरोवर का जल तो निकाल दिया गया, लेकिन दो माह बाद भी काम की शुरुआत अभी तक नहीं हुई, जिसको लेकर लोगों में रोष है। श्रद्धालु पहुंचे लेकिन बैरंग लौटना पड़ा।

गांव लिलहर स्थित नीलकंठ महादेव बाबा के प्राचीन मंदिर और शिव सरोवर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी है। मान्यता है कि इस धर्मस्थल की स्थापना द्वापर में राजा मोरध्वज के भाई नीलध्वज द्वारा कराई गई थी। यहां के शिव सरोवर में स्नान मात्र से चर्म रोग दूर हो जाते हैं। इसके साथ ही मंदिर में बाबा से मांगी गई मुरादे भी पूरी होती हैं। यही वजह है कि ब्लॉक क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध इस तीर्थ स्थल पर अनादि काल से प्रत्येक मास की अमावस्या पर विशाल मेला लगता है। सरोवर में इस समय जल ही नहीं है। जिसकी वजह से श्रद्धालुओं को इस बार आस्था की डुबकी लगाने से वंचित रहना पड़ेगा। बता दें कि बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा के प्रयासों से सरोवर के कायाकल्प के लिए शासन से 88 लाख रुपये की मंजूरी हुई है। जिसके तहत सरोवर के दक्षिणी हिस्से में करीब 40 मीटर सीढ़ियां बनवाने के लिए सरोवर का जल दो महीने पहले ही ठेकेदार द्वारा निकलवा दिया गया। उस वक्त ट्यूबवेल लगाकर सरोवर से जल निकासी कराई गई थी। सरोवर की मछलियों को पकड़वाने पर विरोध भी हुआ था। बताते हैं कि सरोवर से जल निकासी के दो महीने बाद भी काम की शुरुआत नहीं कराई गई। इससे पहले शासन से ही 50 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे, जिससे मंदिर परिसर एवं सरोवर के पास में ओपन धर्मशाला बनवाया गया था, इसके अलावा मंदिर प्रांगण में इंटरलॉकिंग ईट बिछवाई गई थी इस बार 40 मीटर सीढ़ियां बनाए जाने का प्रस्ताव है। बुधवार को जल न होने पर श्रद्धालुओं को बिना स्नान लौटना पड़ा।

### पशुशाला में लगी आग, महिला समेत चार मवेशी झुलसे

**अमरिया, अमृत विचार :** छप्परपोश पशुशाला में आग लगने से चार पशु जलकर झुलस गए। पशुओं को बचाने के प्रयास में एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तहसील क्षेत्र के गांव भौतीपुर में नंदराम की छप्परपोश पशुशाला में रात करीब 11 बजे अचानक से आग लग गई। आग की लपटें देख परिजनों ने आनन फानन में आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। इस बीच नंदराम की पत्नी पार्वती आग को बुझाने के लिए पशुशाला के अंदर चली गई। आग की लपटों में घिरने से पार्वती बुरी तरह झुलस गई। शोर-शराबे पर पहुंचे ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। हालांकि आग से पशुशाला में बंधी चार भैंसें बुरी तरह झुलस गई। जिसमें दो भैंसों की हालत नाजुक बनी हुई है। नंदराम के मुताबिक आग लगने से 10 कुंटल गेहूं, चारपाई, कपड़े आदि जलकर राख हो गए। घटना की सूचना पर लेखपाल ने पहुंचकर नुकसान का आकलन किया। पशु चिकित्सक ने भी मौके पर पहुंचकर पशुओं का इलाज किया।

### कार ने बाइक में टक्कर मारी

**पीलीभीत :** देवहा पुल पर कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में वह घायल हो गया। मौके पर जुटी राहगीरों की मदद से घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses: B.Sc. Nursing (4 Year); Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year); G.N.M (3 Year); A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year): O.T. Technician; Optometry; Cardiology; Physiotherapy; C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year): D. Pharma
Facilities Available: QCI Rating 'A' Institute; Scholarship Facility; Smart Classes; 100% Placement; Clinical Training in 1050 Beded Hospital; Experienced Faculty; Well Equipped Computer Lab.; Library; Modern Specialization Laboratory; Value Added Courses; Field Visits; Wi-Fi & Lush Green Campus; Hostel; Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India; Medical Council Of India; Dental Council of India; Pharmacy Council of India; Indian Nursing Council; Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council; Association of Indian Universities; Uttar Pradesh State Medical Faculty
प्रस्तुत पाठ्यक्रम: CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज: एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज: डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान: एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी: डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज: डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज: बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स: बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म: बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी: पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
● बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
● बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
● एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
● मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
● बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
● डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
● डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
● सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

रामस्वरूप त्रिपाठी सेवा संस्थान द्वारा संचालित
05870357120 9140089004
विद्या कुँवरि स्मारक
सरस्वती विद्या निकेतन इण्टर कालेज
माध्यमिक शिक्षा परिषद-उ०प्र०, प्रयागराज द्वारा विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी वर्ग में अंग्रेजी/ हिन्दी माध्यम से मान्यता प्राप्त
अर्जुन नगर कॉलोनी, लखीमपुर रोड, गोला गोकर्णनाथ जनपद लखीमपुर (खीरी) उ. प्र.
शिक्षण सत्र 2024-25 हेतु नर्सरी से सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारम्भ
वर्ष 2023 में उच्च शिक्षा/ सेवा में चयनित
स्मृति अग्रवाल चार्टेड एकाउन्टेंट; शिवम वर्मा सतर्कता अधिकारी (NCB); आयुष वर्मा जिला सूचना अधिकारी; उदय प्रताप सिंह गृह मंत्रालय; दीपशिखा एम०बी०बी०एस०; मयंक शेखर श्रीवास्तव आबकारी निरीक्षक
जनपद की टॉप टेन मेधावी सूची - 2023 में सर्वाधिक 5 विद्यार्थी इसी विद्यालय से चयनित
मधु त्रिपाठी प्राचार्या (बालिका विभाग)
महेन्द्र कुमार त्रिपाठी प्राचार्य (माध्यमिक विभाग)
प्रवेश फार्म विद्यालय कार्यालय में उपलब्ध

बवासीर
भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज



डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोट:- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# जर्जर सड़क पर उड़ती कोयले की राख से बढ़ी मुसीबत

संवाददाता, बरखेड़ा



जर्जर हालत में गुलड़ा गांव को जाने वाला मार्ग। ● अमृत विचार

- गुलड़ा गांव जाने वाले मार्ग पर राहगीरों का धूल के कण आंखों में पड़ने से झेलनी पड़ रही परेशानी

अमृत विचारः भीषण गर्मी के बीच चल रही तेज पछुआ हवा ने लोगों की मुसीबत बढ़ा दी है। वहीं मचवाखेड़ा से गुलड़ा जाने वाला बदहाल मार्ग पर कोयल की राख लोगों को बीमार बनाने के साथ ही हादसे का सबब बनी हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

पीलीभीत-बीसलपुर रोड पर मचवाखेड़ा गांव से गुलड़ा जाने के लिए सड़क निकली है। इस सड़क का निर्माण गन्ना विभाग ने कराया था। बताया जाताहै कि बजाज पावर प्लांट से एक ठेकेदार को कोयले की राख का ठेका किया गया था। ठेकेदार ने गुलड़ा गांव में ही सात बीघा खेत को किराए पर लिया और वहां पर कोयले की राख डंप की जा रही थी। वर्तमान में उक्त राख का उठान कराया जा रहा है। जिसके चलते दो साल से लगातार डंपर समेत अन्य बड़े वाहनों की आवाजाही अधिक रही। इसके चलते सड़क का करीब पौन किमी का हिस्सा जर्जर हो चुका है। सड़क कई जगह से उधड़ गई है। जिससे राहगीरों को आवागमन में दिक्कत हो रही है।

नजदीक में ही प्राइमरी स्कूल है। वहां पर भी स्कूली बच्चों की आवाजाही होती है। राख सड़क पर भी फैली हुई है। हवा चलते ही राख उड़ने से आवागमन में दिक्कत होती है। बारिश के दिनों में तो मार्ग से पैदल निकलना भी दूभर हो जाता है। दुपहिया वाहन तो स्लिप होते हैं और हादसे का डर बना रहता है। मगर जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते इसका कोई समाधान नहीं कराया जा सका है। सड़क की दशा बिगड़ चुकी है। ग्रामीणों की मानें तो कई बार इसे लेकर मौखिक रुप से शिकायत की गई लेकिन कोई एक्शन नहीं लिया जा सका। अब तो हालात ये हैं कि इस मार्ग से गुजरना ही मुश्किल हो चुका है। दोपहर के वक्त तेज हवा चलने पर कोयले की राख उड़ती है। बीमारी का भी डर आसपास के लोगों को बना रहता है। उन्होंने समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## 12 हजार आबादी हो रही प्रभावित

इस समस्या से सिर्फ गुलड़ा गांव के ही नहीं बल्कि आसपास के कई गांवों की 12 हजार की आबादी प्रभावित हो रही है। इस मार्ग से गुलड़ा के अलावा डंडिया रांझे, बरगदा, कुरैइया, फूटाकुआं, पचपेड़ा, खजुरिया, मोहम्मदगंज रंपुरा के ग्रामीणों का भी आवागमन रहता है। आवाजाही इसलिए भी अधिक रहती है, चूंकि बरगदा के पास बने अंडरपास में जलभराव की दिक्कत रहती है। इसी कारण मुख्य मार्ग पर पहुंचने के लिए उक्त गांव के लोग इसी रास्ते का इंस्तेमाल किया करते हैं।



खेत पर राख का ढेर लगा दिया गया था। इस मार्ग से लगातार डंपरों की आवाजाही हो रही है। जिससे सड़क भी जर्जर हो चुकी है। हवा चलने पर धूल उड़ती रहती है। सांस की बीमारी का भी डर बना हुआ है। समाधान होना चाहिए। – **जंग बहादुर शुक्ला**, ग्रामीण



ठेका तो कर दिया गया लेकिन उससे होने वाली दिक्कत को किसी ने नहीं समझा। राख खुले में डाल दी गई और अब उठान हो रहा है। सड़क पर हर तरफ राख फैली है और हवा चलने पर निकलना मुश्किल हो जाता है। – **गोपाल कश्यप**, ग्रामीण



नजदीक में ही गुलड़ा गांव का प्राथमिक विद्यालय है। मार्ग जजर्र और हर तरफ राख फैली रहती है। जिससे बच्चों के बीमार होने का डर लगा रहता है। बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। कोई ध्यान देने वाला नहीं है। – **विश्वनाथ**, ग्रामीण



इस मार्ग से कई गांव के लोग गुजरते हैं। अभी तो फिर भी राहत है। बारिश के दिनों में तो सड़क दलदल का रुप ले लेती है। दुपिहया वाहन स्लिप होने लगते हैं। पैदल निकलना भी दूभर हो जाता हैं। – **छोटेलाल कश्यप**, ग्रामीण

# हत्या के मामले में दोषी पाए जाने पर अभियुक्त को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मकान के किराये को लेकर कर दी थी दो महिलाओं की हत्या
- 2009 में सदर में हुई थी घटना 25 साल बाद आया फैसला

**अमृत विचारः** मकान के किराये को लेकर हुए विवाद में दो महिलाओं की हत्या के मुकदमे में दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने एक अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा और 60 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

थाना सदर बाजार क्षेत्र में वर्ष 2009 में मकान के किराये को लेकर यासीन नगर गौटिया, हाल निवासी गब्बर बिजोरिया नई बस्ती थाना नवाबगंज बरेली के इमरान उर्फ जमाल का खुर्शीदा और गुलशन से विवाद हो गया था। जिसमें इमरान ने दोनों के गले में फंदा डालकर हत्या कर दी थी।

तहरीर के आधार पर मामले की थाना सदर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत आरोप पत्र न्यायालय भेज दिया। न्यायालय एएसजे तृतीय में मुकदमे की सुनवाई के दौरान अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए मॉनीटरिंग सेल के उप निरीक्षक ख्यालीराम राठौर, निरीक्षक शिवदीन वर्मा और उनकी टीम तथा अभियोजन विभाग द्वारा समन्वय करके समयबद्ध रूप से न्यायालय में साक्षियों को साक्ष्य कराकर प्रभावी पैरवी की गई।

पत्रावली का अवलोकन कर न्यायाधीश ने दोषी पाए जाने पर अभियुक्त इमरान उर्फ जमाल को आजीवन कारावास की सजा और 60 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## हादसे में दो युवकों की मौत साले की हालत गंभीर

**निगोही, अमृत विचार :** निगोही के दो युवकों की मंगलवार रात पीलीभीत के बिलसंडा क्षेत्र में हुए हादसे में मौत हो गई। दोनों आपस में साढ़ू थे। हादसे में दोनों का साला घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

क्षेत्र के गांव पिपरिया खुशाली के सुरेश कुमार 27 अप्रैल को पीलीभीत के थाना दियूरिया के गांव मधवामई में रिश्तेदार के यहां वैवाहिक समारोह में शामिल होने गया था। मंगलवार रात वह बाइक से लौट रहा था। साथ में निगोही के रहने वाले साढ़ू जितेंद्र और पीलीभीत के बिलसंडा का रहने वाला साला सचिन भी था। रात करीब 12 बजे बाइक बिलसंडा-बीसलपुर रोड पर ईट गांव के पास पहुंची, तभी ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में जितेंद्र की मौके पर मौत हो गई, सुरेश व सचिन घायल हो गए। जानकारी मिलते ही परिवार के लोग रात में पहुंचे और घायल सुरेश को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात करीब दो बजे दम तोड़ दिया। घायल सचिन का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से गारमेंट्स शोरूम में लगी आग

## आधा घंटे तक फायर ब्रिगेड की टीम नहीं पहुंचने पर जताई नाराजगी

संवाददाता, तिलहर




शोरूम के बाहर मौजूद व्यापारी। ● अमृत विचार

- व्यापारियों ने जैसे-तैसे आग पर पाया काबू, बड़ी घटना होने से बची

**अमृत विचार :** नगर के मुख्य बाजार में हाई टेंशन बिजली का तार टूटने से कपड़ा व्यापारी की दुकान में आग लग गई। व्यापारियों ने जैसे-तैसे आग पर काबू पा लिया। जिससे बड़ी आगजनी होने से बच गई।

बुधवार सुबह 9:40 बजे नगर की मुख्य बाजार से गुजरी हाईटेंशन लाइन पर तेज आवाज के साथ फॉल्ट हो गया और तार टूट कर गिर गया। तार की चिंगारी सलैक्शन प्वाइंट गारमेंट्स के शोरूम में पहुंच गई, जिससे आग लग गई और बाजार में हड़कंप मच गया। आग पर काबू पाने को व्यापारियों ने पानी डालने के साथ ही और प्रयास आपसी सहयोग से शुरू कर दिए। इस दौरान व्यापारियों ने एसीटिलीन सिलेंडरों का उपयोग भी किया। प्रयासों के चलते जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। आधे घंटे के इंतजार के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम देरी से पहुंचने पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई। कहा जब आग पर काबू पा लिया तो फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और दुकान से निकल रहे मामूली धुएं पर पानी की बौछार छोड़कर अपने प्रयास दिखाने शुरू कर दिए। आग लगने का कारण विद्युत विभाग का टूटा तार बताया जा रहा है। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हितेश गुप्ता रिंकू, सौरभ गुप्ता, रवि समेत कई व्यापारियों ने ने नगर में फायर ब्रिगेड का निर्माण कराने की मांग की।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
100% Scholarship D. Pharm (In take 60 Seats)
100% Scholarship B. Pharm (In take 60 Seats)
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare. We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Direct Admission Open
Session 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:7521001993
SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Canixa Life Sciences
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com



राम कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# परहित सरिस धर्म नहीं भाई परपीड़ा सम नहीं अधमाई...

संवाददाता, बिलसंडा

- कथा में चेयरमैन डीके गुप्ता ने परिवार सहित की पूजा अर्चना
- नगर की हनुमान मढ़ी पर चल रही है रामकथा

अमृत विचारः नगर की हनुमान मढ़ी पर सप्ताह भर से चल रही संगीतमय श्री राम कथा में आठवें दिन बुधवार को शबरी प्रेम एवं राम-भरत मिलाप का कथा का मार्मिक प्रसंग सुनाया । जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए।

फर्रुखाबाद से आए कथा व्यास पंडित अंबरीश तिवारी ने कहा कि श्री राम भरत जैसा आदर्श प्रेम विश्वास के किसी साहित्य में देखने को और सुनने को नहीं मिलता। श्रीराम ने पिता की आज्ञा को सर्वोपरि मानकर मर्यादा की सौगंध देकर भरत से अयोध्या का राज सिंहासन संभालने का आदेश दिया।भरत ने इसे ठुकरा दिया और भाई राम लखन को मनाने चित्रकूट पहुंच गए।दोनो भाई एक दूसरे के गले मिलकर भावुक हुए तो कथा में मौजूद श्रद्धालुओं के अश्रु छलक पड़े।जब श्री राम वापस नही आते हैं,तो अन्ततः सिंहासन चलाने के लिए भरत ने प्रभु श्रीराम से उनकी चरण पादुका मांग ली।उन्होंने बचन लिया,जब तक श्री राम अयोध्या वापस नहीं आएंगे,राजकाज चलाने में उन्हीं की चरण पादुकाओं का आदेश मानकर राज्य से दूर नंदीग्राम में रहकर राजकाज का कार्य संपन्न किया जाएगा। कथा व्यास बोले,प्रेम की परिभाषा कोई भरत से सीखे,भाई भाई के प्रति ऐसा ही प्रेम होना चाहिए।एक दूसरे से सम्पत्ति और धन के लिए कभी लड़ाई नही करनी चाहिए। नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता ने पत्नी अनीता गुप्ता संग आरती की। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ।व्यवस्था में रजनीश मिश्रा,राजू मिश्रा,अरविंद शुक्ला,भोलानाथ जायसवाल,रवि जायसवाल,रवि पंडित,दीनदयाल गंगवार,रामाधार मिश्रा,अजय मिश्रा,शुभम मिश्रा मौजूद रहे।आयोजकों ने बताया कि रामकथा संपन्न होने के उपरांत शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### इंग्लिश ओलंपियाड में बच्चों ने किया प्रतिभाग



**विधि संवाददाता, पीलीभीत, अमृत विचार :** स्प्रिंगडेल कॉलेज में इंग्लिश ओलंपियाड का आयोजन बुधवार को कराया गया। जिसमें कक्षा पांच से आठ तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें मनी, आदित्य, राज, गुरलीन कौर, हरगुनदीन कौर, रौनक, दिशांशी, बंधन, सुब्हान, अभिमन्यु, मुस्तफा, अंशिका, आरिफा, अंजली, प्रियांशी, गुरकीरत, देव, अविका, एल्जा, तनवीर, अपर्णा, तनिष्का, पलक, अनन्या, अंकिता, अनुज, विराट, अभिनय, प्रदीप, लक्ष्य, वैभव, कृणा, वैणवी, वंदना, एंजिल, आकर्ष, कीर्ति, नितेश, परम मनप्रीत सिंह, आरव, रुद्राक्ष, हिरा, सिद्धि, गुरसीरत कौर, अर्पिता आदि ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य प्रिया आनंद ने कहा कि हमें कभी भी किसी परीक्षा से घबराना नहीं चाहिए। कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। ऐसे में विद्यार्थियों के मानसिक विकास, विचारात्मक क्षमता को बढ़ाने के लिए ओलंपियाड आयोजित किया गया था। विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यधिक आवश्यक है।

### स्पेल बी में रेड हाउस ने मारी बाजी



**पीलीभीत, अमृत विचार :** बल्लभनगर कॉलोनी स्थित स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में बुधवार को कक्षा एक से चार तक के बच्चों के लिए स्पेल बी प्रतियोगिता और कक्षा पांच से कक्षा आठ के बच्चों की बैडमिंटन प्रतियोगिता कराई गई। बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। स्पेल बी प्रतियोगिता में रेड हाउस से जतिन, विधि, वर्तिका,अनन्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रीन हाउस से अर्थव, ओम, देवांश, अक्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता बालिका ग्रुप में रेड हाउस से प्राची और गरिमा ने प्रथम, यलो हाउस से कृष्णा और श्रद्धा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक ग्रुप में ऑरेंज हाउस से मनीष और विवेक ने प्रथम जबकि ग्रीन हाउस के चित्रेश और दक्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंत में विद्यालय के डायरेक्टर आरके धवन एवं निदेशिका चारू धवन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### बदायूं कांड को लेकर अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**पीलीभीत, अमृत विचार :** जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के महासचिव आनंद मिश्रा की अगुवाई में बुधवार को कई अधिवक्ता कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पहुंचे। वहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम संजय कुमार सिंह को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जनपद बदायूं में समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष द्वारा अधिवक्ता राकेश कुमार की अपनी गाड़ी से टक्कर मारकर हत्या कर दी गई। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में अशोक शर्मा, कुलदीप अवस्थी, संजय विश्वास, शिवम कश्यप, गिरीश शर्मा, नीरज शुक्ला, जमेंद्र मौर्य,विपिन सक्सेना, चोखेलाल वर्मा, नरेंद्र गंगवार, वृंदावन मौर्य, अभिषेक मिश्रा, हरदयाल सिंह, वीरेंद्र सक्सेना, संजीव दुबे, जितेंद्र शर्मा, सुशील सागर आदि अधिवक्ता थे।

## एक नजर

### छात्र कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए 31 तक कर सकते हैं आवेदन

**बरेली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में असफल रहे छात्र कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अधिकतम दो विषयों में कम अंक आने के कारण जो छात्र उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं, वे इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इसके अलावा इंटर में मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित किसी एक विषय में, कृषि व व्यावसायिक परीक्षा के किसी भी ट्रेड में एक विषय में अपना आवेदन पत्र भर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए छात्र अपने स्कूल के प्रधानाचार्य से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन सुविधा भी मुहैया कराई गई है।

### 346 केंद्रों पर होगी स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए हैं। परीक्षा बरेली समेत नौ जिलों के 346 केंद्रों पर होगी। बरेली में बरेली कॉलेज समेत 47 केंद्र बनाए गए हैं। स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा 10 मई से शुरू होगी।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम और बीबीए की सम सेमेस्टर की परीक्षा के केंद्र निर्धारित कर दिए गए हैं। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर केंद्र देख सकते हैं। छात्रों के प्रवेश पत्र भी परीक्षा केंद्र अंकित होगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने लखीमपुर के देवस्थलों को नमन कर शुरू किया अपना भाषण, मोदी सरकार की गिनाईं उपलब्धियां

# अमित शाह ने 24 मिनट में समझाया नफा-नुकसान

कार्यालय, लखीमपुर खीरी




राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर जनता का हाथ हिलाकर अभिवादन करते गृह मंत्री अमित शाह। साथ में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी और जिले के विधायक व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय के बाद गोला के भगवान शिव, लिलौटी नाथ, संकटा देवी आदि मंदिरों को नमन कर की। उन्होंने अपनी बात कहने के दौरान पब्लिक से सवाल किया और फिर जवाब भी दिया। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने से नुकसान तो नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से फायदे गिनाए। उत्साहित कार्यकर्ता हामी भरते रहे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष द्वारा कुछ न कर पाने की बात कहते हुए अपनी योजनाएं भी गिना दीं।

गृह मंत्री का हेलीकॉप्टर निर्धारित समय पुलिस लाइंस में उतरा। पश्चात वह मंच पर पहुंचे और जनता का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। ठीक 01.11 बजे भारत माता की जय का उद्घोष किया और जनसमूह से भी उद्घोष कराया। इसके बाद देवस्थानों को नमन करने के बाद दिवंगत कार्यकर्ता सर्वेश वर्मा के निधन पर श्रद्धांजलि भी दी। इस तरह उन्होंने मतदाताओं को साधने का काम किया। वे यहीं नहीं रुके। रामलला का राग छोड़कर सीधे लोगों के मन के तार छेड़ने में कामयाब रहे। जैसे ही गृह मंत्री ने रामलला की बात की तो पूरा पंडाल जैसे नींद से जाग गया। उन्होंने जनता से पूछा कि क्या रामलला का मंदिर बनना चाहिए था तो जनता ने दोगुने जोश से हां में जवाब दिया। इसके बाद अमित शाह लोगों के मन से ऐसे जुड़े कि लगभग 24 मिनट तक संबोधन में जनता जोश से लबरेज नजर आई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में पाकिस्तान से आए दिन घुसपैठ होती थी। जब केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी तो उरी और पुलवामा में पाकिस्तान ने हमला करके गलती की। परिणाम क्या निकला, मोदी जी ने दसवें दिन इसका बदला पाकिस्तान को घर में घुसकर दी।

सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकवाद का सफाया कर दिया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के आंकड़े भी गिनाए। उन्होंने 01.35 बजे तक जनता को संबोधित किया।

### इंडिया गठबंधन के पास नेता तक नहीं : अमित शाह

राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर गृह मंत्री अमित शाह ने इंडिया गठबंधन पर चुटकी लेते हुए कहा कि आप हमें बताओ, अगर इंडी गठबंधन का बहुमत आता है तो उसका प्रधानमंत्री कौन बनेगा? फिर खुद ही एक-एक नाम लेकर सवाल किया, क्या शरद पवार बन सकते हैं? ममता दीदी बन सकती हैं? क्या स्टालिन बन सकते हैं? क्या अखिलेश बन सकते हैं? और अंतिम नाम देता हूं... हंसना मत... राहुल गांधी बन सकते हैं क्या? अरे इनके पास तो प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी भी नहीं है। अखिलेशजी से पत्रकारों ने पूछा तो कहते हैं कि हम लोग बारी-बारी से बन लेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश जी, ये देश है, कोई तमाशा नहीं है।

### राहुल गांधी पर खूब कसे तंज

अमित शाह ने सभा में राहुल गांधी पर जमकर तंज कसे। कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके में आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूस किया। आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। पश्चात सीएए पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल बाबा कहते हैं कि सत्ता में आए तो सीएए हटा देंगे। राहुल बाबा, आप तो क्या आप, यदि भगवान के घर से आपकी नानी भी आ जाएं तो सीएए नहीं हटेगा।

## जनसेवा केंद्र समेत तीन जगहों से लाखों की चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली सदर क्षेत्र में चोरों ने जन सेवा केंद्र समेत तीन घरों को निशाना बनाया। गांव मकसोहा के मिथलेश कुमार ने बताया कि उनका खंभारखेड़ा चौराहे पर उनके एसबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र में घुसे चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर रुपयों से भरा बैग चोरी कर लिया। सूची पर पहुंची पुलिस ने बैंक अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। उधर,गांव लखनापुर में आरती देवी के घर दीवार फांदकर घुसे चोर अलमारी में रखे चार हजार रुपये, कीमती जेवर समेत हजारों का माल चोरी कर ले गए। रात में ही रैनी गांव के प्रताप सिंह के घर से दो हजार रुपये, जेवर और अन्य सामान चोरी कर ले गए। सभी पीड़ितों ने चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी है। चौकी इंचार्ज राहुल सिंह ने बताया कि चोरी हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरो को पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

# तेंदुए के हमले में तीन घायल भीड़ ने पीटकर मार डाला

## घायलों की हालत गंभीर, गन्ने के खेत की सिंचाई कर रहे थे ग्रामीण

कार्यालय, लखीमपुर खीरी

▶▶ दुधवा टाइगर रिजर्व की भीरा रेंज के रामनगर कलां गांव में घटना

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन की भीरा रेंज के गांव रामनगर कलां में गन्ने के खेत की गुड़ाई और सिंचाई कर रहे ग्रामीणों पर झाड़ियों में छुपे बैठे तेंदुए ने हमला कर दिया। इससे तीनों ग्रामीण घायल हो गए। सूचना पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तेंदुए को घेर लिया और उसे पीट-पीटकर मार डाला।

दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन के भीरा रेंज की बिजुआ बीट से सटे रामनगर कलां के निकट खेतों में मजदूर गन्ने की गुड़ाई और सिंचाई का कार्य क्र रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे पास में लगी झाड़ियों में छुपे बैठे तेंदुए ने गांव के ही संतराम (30) रामसागर (40) और हीरालाल 33 पर हमला कर दिया, जिससे तीनों ग्रामीण घायल हो गए। शोरगुल होने पर तमाम ग्रामीण लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर खेतों की तरफ दौड़ पड़े। शोर शराबा होने पर तेंदुआ झाड़ियों में जाकर छिप गया। ग्रामीणों ने उसे घेर लिया और लाठियों व धारदार हथियारों से प्रहार कर मार डाला। बताते हैं कि तेंदुए को गुस्साए किसानों ने ट्रैक्टर से भी कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तेंदुए की पीटकर हत्या की खबर मिलते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया। बफर जोन के उपनिदेशक सौरीष सहाय कई रेंज अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। वन अफसरों को ग्रामीणों के आक्रोष का सामना करना पड़ा। उपनिदेशक ने किसी तरह से लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और तेंदुए का शव लेकर भीरा रेंज पहुंचे। उपनिदेशक सौरीष सहाय ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह तीन पशु चिकित्सकों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि तेंदुए के हमले में तीन ग्रामीण घायल हुए हैं। इससे नाराज ग्रामीणों ने पीट-पीटकर तेंदुए की हत्या की है। मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## किसान आंदोलन : 30 से ज्यादा ट्रेनों की बिगड़ी चाल, परेशान होते रहे यात्री

बरेली कार्यालय



- गंगा सतलुज 13 तो सियालदह आठ घंटे की देरी से जंक्शन पर आई
- हर दिन 100 से ज्यादा टिकट हो रहे निरस्त, मालगाड़ियां भी प्रभावित

**अमृत विचार :** किसान आंदोलन के चलते बुधवार को 30 से ज्यादा ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। पंजाब मेल, गंगा सतलुज, सिलादह, गरीबरथ जैसी ट्रेनें घंटों की देरी से बरेली जंक्शन पर पहुंचीं। ट्रेनों के इंतजार में यात्री परेशान होते रहे।

13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस 13 घंटा 39 मिनट, 12469 कानपुर सेंट्रल जम्मूतवी एक्सप्रेस 4 घंटा 49 मिनट, 13152 सियालदह एक्सप्रेस 8 घंटा 34 मिनट, 12204 सहरसा गरीबरथ 8 घंटा, 15656 कामाख्या एक्सप्रेस 5 घंटा 31 मिनट, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस 5 घंटा, 14674 शहीद एक्सप्रेस 2 घंटा 37 मिनट, 13006 पंजाब मेल 2 घंटा 4 मिनट की देरी से जंक्शन पर आई। ट्रेनें लेट होने के कारण 100 से ज्यादा यात्री रोज टिकट रद करा रहे हैं, जबकि ऑनलाइन इसका आंकड़ा कई गुना अधिक हो सकता है। किसान पंजाब हरियाणा बॉर्डर के शंभू स्टेशन पर मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। बड़ी तादाद में मालगाड़ियों के प्रभावित होने की बात भी कही जा रही है।

### आज और कल यह ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

गुरुवार और शुक्रवार को भी कई ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। 12332 जम्मूतवी हावड़ा हिमगिरी एक्सप्रेस, 12358 दुर्गियाना एक्सप्रेस, 12356 जम्मूतवी-बरौनी अर्चना एक्सप्रेस गुरुवार को, 12318 जनसेवा एक्सप्रेस, 15654 जम्मूतवी-गुवाहटी अमरनाथ एक्सप्रेस और 12470 जम्मूतवी-कानपुर सेंट्रल एक्सप्रेस शुक्रवार को अपने ओरिजनेटिंग स्टेशन से डायवर्ट की जाएंगी।

## धोखाधड़ी: जांच में दोषी निकले स्टेट बैंक के अकाउंटेंट पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** भारतीय स्टेट बैंक के 153 खातों से चार व्यक्तियों के खातों में 19 लाख रुपये ट्रांसफर करने के आरोपी अकाउंटेंट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। यह कार्रवाई प्रदेश अधिकारियों के स्तर पर की गई जांच में दोषी पाए जाने पर शाखा प्रबंधक आसिफ अब्बास की तहरीर पर तिलहर पुलिस ने की है। अकाउंटेंट को इस मामले में दिसंबर 2023 में निलंबित किया जा चुका है।

शाखा प्रबंधक आसिफ अब्बास ने बताया कि नगर की मुख्य शाखा में पहले गांव वीरपुर जिला उन्नाव का संदीप सिंह अकाउंटेंट के पद पर तैनात थस। उसने कुछ लोगों के साथ मिलकर लगभग 153 बैंक खातों से चार व्यक्तियों के खातों में धोखाधड़ी करते हुए लगभग 19 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिया था। जिन खातों सेरुपया भेजा गया, उन खातों पर पर्याप्त केवाईसी भी नहीं है। इतना ही नहीं बैंक अकाउंट संदीप सिंह ने ग्राहकों के खाते से रुपये भेजने के लिए फर्जी शासनादेश का प्रयोग भी किया था। उन्होंने बताया कि इससे बैंक को लगभग 50 लख रुपये का नुकसान होने की आशंका है और ग्राहक का बैंक के प्रति भरोसा कम होने की भी आशंका जताई। वहीं बैंक अधिकारियों ने इसे पेंशन घोटाले भी जोड़कर देख रहे हैं। तो वहीं बैंक अकाउंट दिसंबर 2023 से जांच में दोषी पाए जाने पर अधिकारियों ने निलंबित कर दिया है, वह आज भी निलंबित चल रहे हैं।

> एसबीआई शाखा प्रबंधक की तहरीर पर अकाउंटेंट के संदीप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की विवेचना की जा रही है।
> -**विशाल प्रताप सिंह**, कोतवाल तिलहर

## परिषदीय स्कूलों में बच्चों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य

**बरेली, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में बच्चों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। लगातार तीन दिन तक बच्चे के स्कूल नहीं पहुंचने पर प्रधानाध्यापक शिक्षकों के साथ उसके घर पहुंचकर बच्चे को स्कूल भेजने के लिए अभिभावक को प्रेरित करेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने इस संबंध में बीएसए को पत्र भेज कर जुलाई माह से इसे लागू कराने के निर्देश दिए हैं।प्रत्येक माह छात्र संख्या के साथ अनुपस्थित बच्चों की रिपोर्ट शिक्षकों की ओर विभाग को देनी होगी। साथ ही स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। शिक्षक अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने के साथ स्कूल न आने का कारण भी जानेंगे। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि प्रत्येक बच्चे की उपस्थिति पर अधिक हो, इसके लिए शिक्षकों को विशेष ध्यान देना होगा और अभिभावकों को प्रेरित करना होगा। इस संबंध में प्रधानाध्यापकों और बीईओ को जरूरी निर्देश दिए गए हैं।

# स्नातक पाठ्यक्रमों में मेरिट से होंगे प्रवेश, कल से शुरू होंगे पंजीकरण

बरेली कार्यालय

- रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में स्नातक प्रवेश की प्रक्रिया की शुरू
- पोर्टल पर 9 जून तक ऑनलाइन होंगे पंजीकरण, 150 रुपये शुल्क किया निर्धारित

**अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 10 मई से 9 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण होंगे। इसके लिए 150 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। महाविद्यालयों को पंजीकृत छात्रों के मेरिट के आधार पर प्रवेश लेने होंगे। बुधवार को कुलसचिव ने परिसर के सभी संकायाध्यक्षों व विभागाध्यक्षों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को प्रवेश संबंधी नियम और दिशा-निर्देश दिए।

कुलसचिव के मुताबिक स्नातक पाठ्यक्रमों (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले प्रवेश को छोड़कर) के लिए प्रवेश प्रक्रिया होगी। विद्यार्थी एक या एक से अधिक महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पंजीकरण के दौरान अधिकतम 10 महाविद्यालयों का चयन कर सकते हैं। महाविद्यालयों को प्रवेश के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से विज्ञप्ति जारी कर आवेदन प्राप्त करने होंगे। इसके बाद आवेदनों की जांच कर मेरिट जारी कर प्रवेश लेने होंगे। मेरिट के बाद महाविद्यालयों को छात्रों के प्रवेश लेकर विश्वविद्यालय के पोर्टल पर लॉगिन आईडी के माध्यम से सीट लॉक करनी होगी।

### एक साथ दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति

नई शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थी किसी भी दो पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेगा लेकिन इसमें एक पाठ्यक्रम संस्थागत और दूसरा व्यक्तिगत, ऑनलाइन या दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से कर सकेंगे। छात्र केवल एक ही महाविद्यालय में एक ही पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं। छात्रों को प्रवेश के लिए शैक्षिक एवं अन्य प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ मूल स्थानांतरण प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

## बैंक से तीन लाख रुपये से भरा बैग चोरी

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक शाखा फरधान में शाखा प्रबंधक की मेज पर रखे नोटों से भरे बैग पर एक उचक्के ने हाथ साफ कर दिया। बैग में 298398 रुपए थे, जिन्हें कैमहरा की किसान सेवा समिति के सचिव बैंक शाखा में जमा करने आए थे। घटना के बाद से बैंक में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है।

किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड कैमहरा के सचिव रविंद्र कुमार ने बताया कि वह समिति का रुपया जिला सहकारी बैंक शाखा फरधान में जमा करने गए थे। बैग में 182098 रुपए खाद बिक्री का था, जबकि 116300 रुपए किसानों के कर्ज की वसूली का था। इस तरह बैग में कुल 298398 रुपए थे। रुपये भरा बैग शाखा प्रबंधक की टेबल पर रखकर कर्मचारी जमा वाउचर लेने लगा था। बैंक में पहले से विभागीय अधिकारियों की मीटिंग चल रही थी। रुपये वाला बैग रखने के बाद वह मीटिंग में शामिल हो गए। मौके का फायदा उठाकर उचक्का बैग लेकर फरार हो गया। घटना के बाद से बैंक कर्मचारियों में हड़कंप मचा गया।

## जंगल से भटककर गांव में पहुंचा चीतल, अफरा-तफरी

**संसारपुर, अमृत विचार:** वन रेंज मैलानी की वन बीट खरेहटा के जंगल से भटककर एक चीतल ग्राम पंचायत काकोरी के मजरा ऊंचागांव में पहुंच गया, जिसे देखकर गांव में अफरा तफरी मच गई। जंगल से भटककर आया चीतल गंभीर चोटिल था। उसका एक पैर टूटा होने के कारण वह चल नहीं पा रहा था। गांव वालों के अनुसार चीतल जंगल से भागकर खेतों की तरफ आया, जहां से कुत्तों ने उसे दौड़ाया कुत्तों के चुंगल से भागकर गांव में आ गया। गांव के लोगों ने सूचना वन विभाग को दी, दो घंटे बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम के वाचर वीरपाल एवं चुम्मन दर्द से तड़प रही चीतल को अपनी बाइक पर बिठाकर वन चौकी ले गए।

## 121 महाविद्यालयों की प्रयोगात्मक परीक्षा नहीं कराएंगे शिक्षक

**बरेली , अमृत विचार:** बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 121 महाविद्यालयों की प्रयोगात्मक और मौखिक परीक्षा कराने से इन्कार कर दिया। सेमिनार हाल में बुधवार को शिक्षकों ने बैठक कर कॉलेज में केंद्र बनाने का विरोध किया।

कॉलेज के सभी विभाग प्रभारियों ने बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया कि वे किसी भी दूसरे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक एवं मौखिकी परीक्षा संपन्न नहीं कराएंगे। शिक्षकों ने कहा कि कॉलेज में पूरे साल महाविद्यालयों की परीक्षाएं चलती रहती हैं। इसकी वजह से पढ़ाई का समय नहीं मिलता है। कॉलेज में दूसरे महाविद्यालयों की परीक्षाएं होती रहती हैं लेकिन कॉलेज की परीक्षा दूसरे कॉलेज में न कराकर स्वकेंद्र बना दिया जाता है। प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए कुलपति प्रो. केपी सिंह से बात की है। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. गजेंद्र पाल, महासचिव प्रो. वीपी सिंह, चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे, प्रो. वंदना शर्मा, प्रो. स्वदेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# युवती को ट्रेन के आगे दिया धक्का, मौत

कार्यालय, शाहजहांपुर

- घर से इंप्रूवमेंट परीक्षा का फार्म भरने निकली थी लक्ष्मी, मां ने दो युवकों पर धक्का देने का लगाया आरोप

**अमृत विचार:** बहगुल नदी के पुल पर ट्रेन से कटकर एक छात्रा की मौत हो गई। छात्रा का शव नदी में जा गिरा। छात्रा फतेहगंज पूर्वी की रहने वाली है। छात्रा के परिवार वालों ने बाइक सवार युवकों पर ट्रेन के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है। फतेहगंज पूर्वी तथा कटरा पुलिस के बीच सीमा विवाद को लेकर एक घंटे तक शव पड़ा रहा।

बरेली जिले के फतेहगंज पूर्वी थाना के मोहल्ला नई बस्ती निवासी महेश यादव की पुत्री लक्ष्मी(18) इंटरमीडिएट की परीक्षा में एक विषय कम अंकों से उत्तीर्ण हुई थी। बुधवार की सुबह नौ बजे लक्ष्मी कृषक समाज इंटर कॉलेज फतेहगंज पूर्वी में इंप्रूमेंट परीक्षा का फार्म भरने के लिए निकली थी। लक्ष्मी के भाई ने उसे फतेहगंज पूर्वी के दो युवकों की बाइक पर बैठे देखा तो घर पर सूचना दी। छात्रा की माता ऊषा देवी, बहन बीटू यादव उसकी खोज में रेल लाइन के किनारे पहुंचे। शाम चार बजे छात्रा का शव बहगुल नदी के पुल के निकट रेल लाइन पर पड़ा मिला। छात्रा की मां ने फतेहगंज पूर्वी थाने को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर शव पड़ा था वह शाहजहांपुर के मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र में था। मीरानपुर कटरा थाने को सूचना दी गई। कटरा थाना प्रभारी गौरव त्यागी पहुंचे।

घटना स्थल को लेकर दोनों थानों के बीच सीमा विवाद मचा रहा। यहां के पुलिस अधिकारियों ने कटरा थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जाए। कटरा पुलिस ने पुल के नीचे गिरे शव को नदी से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। छात्रा की मां ऊषा देवी ने बताया कि फतेहगंज पूर्वी के दो युवक उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर बाइक पर बैठाकर पुल के निकट रेल पटरी के पास ले आए और उसकी पुत्री को ट्रेन के आगे धक्का देकर मार डाला है। इधर, प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी है। कटरा प्रभारी निरीक्षक गौरव त्यागी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड
बरेली 243006

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

### सार्वजनिक नोटिस

आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा, चौक मंडी शाखा, शाहजहांपुर, श्री ज्ञान देव गुप्ता पुत्र श्री कैलाश चंद्र गुप्ता और मेसर्स ओमर कोल्ड स्टोरेज प्रा0 लि0 रजिस्टर्ड ऑफिस 100, दलेलगंज, शाहजहांपुर के नाम पर निम्नलिखित संपत्ति, अनुरोधित ऋण सुविधा के सुरक्षा के रूप में स्वीकार करना चाहती है।

यदि किसी को नीचे दी गई संपत्ति पर कोई अधिकार/स्वामित्व/ब्याज/दावा है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने दावे को साबित करने के लिए आवश्यक प्रमाण के साथ 10 दिनों के भीतर बैंक से संपर्क करें।

यदि 10 दिनों के भीतर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो यह माना जाएगा कि संपत्ति किसी भी शुल्क/दावे/बाधा से मुक्त है और बैंक बंधक के साथ आगे बढ़ेगा।

संपत्ति का विवरण : फैक्टरी भूमि एवं भवन ग्राम लालपुर, परगना जमौर, तहसील सदर, जिला शाहजहाँपुर में स्थित है।

| S.N. | Name of the Owner | Khasra No. | Total Area (in Hect.) | Share (in Hect.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | M/s Omar Cold Storage Private Limited | 683<br>705<br>703<br>695<br>698 | 0.174<br>0.097<br>0.020<br>0.194<br>0.065 | 0.044<br>0.097<br>0.020<br>0.194<br>0.065 |
| 2. | Mr. Gyan Dev Gupta S/o Mr. Kailash Chandra Gupta (Director M/s Omar Cold Storage Pvt. Ltd.) | 702<br>704 | 0.0160<br>0.2270 | 2/3 share i.e. 0.162 |
| 3. | Mr. Gyan Dev Gupta s/o Mr. Kailash Chandra Gupta | 706 | 3.428 | 0.4050 |
| 4. | M/s Omar Cold Storage Pvt. Ltd. | 706 | 3.428 | 0.243 |
| 5. | Mr. Gyan Dev Gupta S/o Mr. Kailash Chandra Gupta (Director M/s Omar Cold Storage Pvt. Ltd.) | 702<br>704 | 0.0160<br>0.2270 | 1/3 share 0.081 |
| 6. | Mr. Gyan Dev Gupta S/o Mr. Kailash Chandra Gupta R/o 100, Dalelganj Shahjahanpur | 658<br>585<br>586 | 0.409<br>0.048<br>0.198 | 0.409<br>0.048<br>0.198 |

Chief Manager-Bank of Baroda
Chowk Branch- 8477009690

Advocate Mr. Rajeev Singh Chauhan
Mob.: 9793834379

**न्यायालय श्रीमान अपर कलेक्टर महोदय, पीलीभीत**

कम्प्यूट्रीकृत वाद सं. 202212560001413

श्रीमती मिसकीन बेगम पत्नी इजहारउलहक निवासी ग्राम उदयपुर माफी, परगना जहानाबाद तहसील अमरिया जिला पीलीभीत। वादी बनाम

1. अशत्याक अहमद पुत्र वशीर अहमद 2. शौकत खां पुत्र वशीर अहमद नि. कैमोर तह. अमरिया जिला पीलीभीत। 3. कु. प्रभुजोत कौर पुत्री दलजोध सिंह निवासी मझोला तह. अमरिया जिला पीलीभीत। 4. कु अर्शदीपक कौर पुत्र स्व. जोध सिंह नि. ग्राम मझोला तह. जि. पीलीभीत। 5. अजीमुद्दीन पुत्र नसरूद्दीन नि. ग्राम उदयपुर माफी पर. जहानाबाद तह. अमरिया जिला पीलीभीत। 6. आम सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम कैमोर परगना जहानाबाद तह. अमरिया जिला पीलीभीत 7. उ. प्र. सरकार द्वारा कलेक्टर पीलीभीत।

धारा 30 उ.प्र. राजस्व संहिता परगना जहानाबाद जिला पीलीभीत। वाजेही कि आपके खिलाफ एक नालिश दफा 30 उ.प्र. राजस्व संहिता दायर किया है अतः आप दिनांक 20 माह 5 सन् 2024 ववक्त 10 बजे दिन असालतन या मारफत या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त दिनांक पर अपनी जवाबदेही पेश करो या आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को व नीज दस्तावेज जिनकी शहादत पर आप व ताईद जवाबदेही इस्तदकाल करना चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो उसकी समात आपकी गैर हाजिरी में आपके समूह फैसला होगा।

दिनांक 7 माह 5 सन् 24 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया।

**न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक), पीलीभीत**

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र मोहम्मद हनीफ ने अपनी मर्जी से शादी कर ली है तथा वह अपनी पत्नी के साथ अलग घर में रहता है। मैंने अपने पुत्र को गलत व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-चल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **हाजरा बी पत्नी रफीक निवासी मोहल्ला हजियापुर थाना बारादरी, जिला बरेली।**

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी माताजी श्रीमती ओमवती पत्नी स्व0 सुखलाल की मृत्यु दिनांक 20.01.2019 को हो चुकी है उनके नाम एक आवासीय प्लाट गांधीपुरम् कॉलोनी जिला बरेली में है इस संपत्ति पर पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से लोन चल रहा था जो पूरा हो चुका है अब इस संपत्ति के कागजात नवनीत कुमार पुत्र स्वर्गीय सुखलाल को पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस कंपनी से छुड़वाने हैं निवासी ग्राम सिमर अकबर गंज पीलीभीत।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



इंदौर और उज्जैन संभाग की इन सीटों में रतलाम, धार व खरगोन अदिवासी समुदाय को आरक्षित

**2009** में इनमें चार सीटें जीतने वाली कांग्रेस पिछले दो चुनावों से हर सीट पर खा रही है मात

मध्य प्रदेश में चौथे चरण में 13 मई को आठ सीटों पर मतदान के साथ खत्म हो जाएगा लोकसभा चुनाव

# इंदौर-उज्जैन संभाग में भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा में 13 मई को मतदान होने के साथ समाप्त हो जाएगा। इंदौर और उज्जैन संभाग की इन आठ सीटों पर 74 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से तीन सीटें रतलाम, खरगोन और धार अदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित हैं। बीते दो चुनावों से भाजपा सभी सीटों पर कमल खिला रही है। 2009 में भी कांग्रेस केवल देवास, खंडवा, मंदसौर और उज्जैन लोकसभा सीट पर चुनाव जीत सकी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रतलाम सीट से ही मध्य प्रदेश में चुनावी बिगुल फूंका था। अब उनकी एक बार फिर यहां सभा कराने की तैयारी है। जवाब में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की भी सभाएं अगले दो दिन में होंगी।





| वोट प्रतिशत -2019 | | 2014 में मिले मत | |
|---|---|---|---|
| 49.70% | 43.23 % | 50.20 % | 41.88 % |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## रतलाम में कांग्रेस लगा रही इस बार जीत की उम्मीद

- इनमें रतलाम-झाबुआ और धार सीट पर सबसे तगड़ा मुकाबला माना जा रहा है। रतलाम में भाजपा की अनीता नागर सिंह चौहान और कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया में सीधा मुकाबला है। अनीता आलीराजपुर क्षेत्र की रहने वाली हैं और उनके पति नागर सिंह चौहान वन मंत्री हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गुमान सिंह डामोर ने कांतिलाल भूरिया को 90 हजार वोटों से हरा दिया था, लेकिन इस बार भूरिया कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें पांच अलीराजपुर, पेटलावद, रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना में भाजपा, जबकि तीन विधानसभा सीटों जोवट, झाबुआ और थांदला में कांग्रेस का कब्जा है। 1952 से 2019 तक यहां हुए 18 लोकसभा चुनावों भाजपा सिर्फ तीन बार जीती है। 2015 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया ने जीते थे।

## इंदौर में जीत का नया रिकार्ड बनाने का प्रयास

इंदौर लोकसभा सीट पर भाजपा अब तक की और प्रदेश की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश में है। यहां कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेकर भाजपा में जाने के बाद भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी के सामने कोई चुनौती नहीं रह गई है। 2019 के चुनाव में भाजपा के शंकर ललवानी को 10 .68 लाख वोट मिले थे। वह 5 .47 लाख वोटों से जीते थे। इस बार उनके सामने बसपा प्रत्याशी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस ने किसी का भी समर्थन नहीं किया है। इंदौर को भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस को इस सीट पर पिछले 40 साल से जीत का इंतजार है। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां जीती थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी सांसद चुने गए थे।

**कांग्रेस का न तो प्रत्याशी न किसी को समर्थन**

| 2019 में मत प्रतिशत | | वोट प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 61.60% | 35.02 % | 58.19% | 35.44 % |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## देवास में कांग्रेस को 2009 दोहराने की तलाश

- 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई देवास लोकसभा सीट पर 2009 में कांग्रेस की जीत के बाद दो बार से भाजपा जीत रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार पूर्व जज महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कांग्रेस उम्मीदवार कबीर भजन गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया को 3 लाख 72 हजार वोटों से हराया था। भाजपा ने एक बार फिर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस से राजेंद्र मालवीय उनके सामने हैं।

## धार में भाजपा का गढ़ भेदने के लिए जूझ रही कांग्रेस

- धार लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर का उतारा है, जिनकी कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल से टक्कर है। मुवेल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं और कांग्रेस नेताओं के पाला बदलने से परेशान हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के छतरसिंह दरबार ने कांग्रेस के दिनेश गिरवाल को 1 .56 लाख वोटों से हराया था। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस और तीन पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा से 2014 में यहां से सावित्री ठाकुर जीती थीं, जबकि 2009 में कांग्रेस ने चुनाव जीता था।

| वोट प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| 53.72 % | 42.12 % |
| भाजपा | कांग्रेस |

| मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|
| 51.84 % | 42.18% |
| भाजपा | कांग्रेस |

## खंडवा में स्थानीय मुद्दों से भाजपा को घेरने की कोशिश

- खंडवा की पहचान कवि माखनलाल चतुर्वेदी, गायक किशोर कुमार और कवि प्रदीप से है। इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव ने 2009 में जीत दर्ज की थी। उप चुनाव मिलाकर यहां पिछले तीन चुनावों 2014, 2019 और 2021 में भाजपा का कमल ही खिलता रहा है। यहां लोगों के सामने बिजली, पानी, सड़क और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याएं हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार उन्हें स्थानीय समस्याओं पर घेर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2021 उपचुनाव | |
|---|---|
| 49.85 % | 43.40% |
| भाजपा | कांग्रेस |

| मत प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| 57.14 % | 38.52% |
| भाजपा | कांग्रेस |

## उज्जैन में दिलचस्प हुआ चुनाव

- महाकाल की नगरी उज्जैन प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का गृह क्षेत्र है। उज्जैन लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। कांग्रेस पिछली बार 2009 में जीती थी। लेकिन अब तक हुए चुनावों में 12 बार भाजपा तो कांग्रेस पांच बार ही जीत सकी है। 2014 में यहां से भाजपा के चिंतामणि मालवीय जीते थे। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनिल फिरोजिया ने कांग्रेस के बाबूलाल मालवीय को 3 .65 लाख वोटों से हराया था। हालांकि वह 2018 में कांग्रेस के महेश परमार से विधानसभा चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने इस बार अनिल फिरोजिया का मुकाबला करने के लिए महेश परमार को मैदान में उतारकर चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

| वोट प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| 63.20 % | 34.01% |
| भाजपा | कांग्रेस |

| मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|
| 63.07 % | 32.61% |
| भाजपा | कांग्रेस |

## मंदसौर में लगाया जातीय दांव

- मंदसौर को रावण की सुराल और अफीम की खेती के लिए जाना जाता है। मंदसौर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस आखिरी बार 2009 में चुनाव जीती थी, तब कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन ने यह सीट कांग्रेस की झोली में डाली थी। इसके बाद से भाजपा का यहां कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के सुधीर गुप्ता से कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन को 3 .76 लाख वोटों से हार गई थीं। इस सीट पर यह सबसे बड़ी जीत थी। तीन बार यहां जीत का अंतर 10 हजार से भी कम रहा है, जबकि चार चुनावों में एक लाख से कुछ अधिक रहा है। भाजपा सांसद सुधीर गौतम तीसरी बार मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस से दिलीप सिंह गुर्जर उन्हें टक्कर देने की कोशिश कर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| 61.80 % | 34.37 % |
| भाजपा | कांग्रेस |

| मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|
| 60.13 % | 34.0% |
| भाजपा | कांग्रेस |

# महाराष्ट्र में वोटर के मिजाज से बेचैनी में दोनों गठबंधन

चुनाव डेस्क

- एनडीए 400 पार के लिए पिछली बार जीती 41 सीटों से आगे निकलने की कर रहा कवायद
- इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ उद्धव और शरद पवार के लिए साख बचाने का सवाल

**61.20%** वोट पड़े थे 2019 के लोकसभा चुनाव में

**57 %** से कुछ अधिक मतदान हुआ पहले दो चरण में

**55.54%** लोगों ने ही वोट डाले तीसरे चरण में

**06** दलों के दो गठबंधन में होने से असमंजस में वोटर

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा की 48 सीटों वाले महाराष्ट्र का महत्व भाजपा के लिए इस बार सबसे ज्यादा है। पार्टी 400 पार के लक्ष्य को हकीकत में बदलने के लिए यहां से पिछली बार एनडीए गठबंधन को मिली 41 सीटों से आगे की सफलता की उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन राज्य की चुनावी कहानी कुछ अलग ही अंदाज में बदल गई है। छह बड़े दल और दो गठबंधनों के कारण मतदाता लगातार असमंजस और उलझन में है। इससे हर दल के समीकरण गड़बड़ा रहे हैं। तीसरे चरण के मतदान में बारामती में भी कुछ यही हुआ। मतदाता घरों से बाहर ही नहीं आए। 50 फीसदी से भी कम वोट पड़े, जबकि इस सीट पर मराठा छत्रप शरद पवार अपनी पुत्री सुप्रिया सुले तो उप मुख्यमंत्री अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार की जीत के लिए लगातार सभाएं कर रहे थे। राज्य में तीसरे चरण में 55 फीसदी से कुछ ज्यादा ही मतदाताओं ने वोट डाले। इससे पहले दो चरणों में 57.47% मतदान हुआ था। तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत और नीचे गिरने से सभी दलों की धड़कनें और बेचैनी और बढ़ गई है। राज्य में 2019 को लोकसभा चुनाव में 61.20% और 2014 में 60.32% मतदान हुआ था।

महाराष्ट्र में शिसेना और राकांपा में टूट के बाद कौन असली-कौन नकली की जंग के बीच बाकी नारे और बातें जैसे पीछे छूटती नजर आ रही हैं।

यहां सतह पर दो गठबंधनों के बीच सीधा मुकाबला दिखता है, लेकिन जमीनी हालात दूसरे हैं। असल में दोनों गठबंधनों की सभी छह पार्टियों के बीच एक-एक सीट के लिए वर्चस्व की लड़ाई छिड़ी हुई है। महाराष्ट्र में 2019 में भाजपा और शिवसेना साथ चुनाव लड़ी थी, जिसमें भाजपा को 23 और शिवसेना को 18 सीटें मिली थीं। राज्य की कुल 48 सीटों में 41 पर एनडीए गठबंधन की जीत हुई थी। लेकिन 2024 के चुनाव में पिछली बार के मुकाबले राजनीतिक समीकरण बदल गया है। शिवसेना और राकांपा दो भागों में बंट गई है और दोनों दलों का एक-एक भाग एनडीए और इंडिया गठबंधन के साथ है। ऐसे में बड़े-बड़े राजनीतिक धुरंधर भी सही आकलन नहीं कर पा रहे हैं कि इस बार कहां किसका पलड़ा भारी है। बात यहीं तक नहीं है, वंचित बहुजन अघाड़ी भी मैदान में है। पिछली बार उसने 7% वोट लेकर कई सीटों पर प्रत्याशियों की हार-जीत तय की थी। इस बार भी वंचित अघाड़ी कई सीटों पर कमाल दिखा सकती है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा के समर्थन में है। अब इस चुनावी माहौल के बीच मतदाता असमंजस की स्थिति में है, खासकर शिवसेना और राकांपा को वोट देने वाले। कभी वे प्रत्याशी का चेहरा देख रहे हैं, तो कभी नेता और सीट का समीकरण। राकांपा के कुछ कार्यकर्ता कहते हैं कि दिल से हम लोग शरद पवार के साथ हैं, लेकिन अजित पवार ने जो काम किए, उन्हें नजरअंदाज भी नहीं कर सकते हैं। यही स्थिति शिवसेना के कार्यकर्ताओं के साथ है। उद्धव की शिवसेना और शिंदे की शिवसेना में किसी एक को चुनने की परेशानी के बीच मराठा आरक्षण आंदोलन भी है, जिसकी आग अभी शांत नहीं हुई हैं।



**भारत के लाल** तेलंगाना के वारंगल में चुनावी रैली के लिएजाते समय रास्ते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक छोटे बच्चे को भाजपा के पटका के साथ देखा तो रुककर उसे दुलराए बिना नहीं रहे।

# भाई-बहन और पिता-पुत्री के बीच जंग

**आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव**

**अमृत विचार।** आंध्र प्रदेश में एक ही चरण में 13 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लेकिन मतदान से पहले यहां कई राजनीतिक परिवारों के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। कहीं, बहन के खिलाफ भाई मैदान में है तो कहीं बेटी ने अपने ही पिता के खिलाफ जंग का बिगुल बजा रखा है।

विजयवाड़ा को आंध्र प्रदेश की राजनीतिक राजधानी माना जाता है। यहां होने वाला मुकाबला बताता है कि राजनीति ने परिवारों को कितना बांट दिया है। केसिनेनी श्रीनिवास उर्फ नानी जो 2014 और 2019 में तेलुगु देशम के टिकट पर जीते थे, चंद्रबाबू नायडू से अलग होकर वाईएसआरसीपी में चले गए हैं। दरअसल उन्हें लगा कि नायडू उनके भाई केसिनेनी शिवनाथ उर्फ चिन्ना को बढ़ावा देने के लिए उन्हें दरकिनार कर रहे हैं। चिन्ना को तेलगू देशम से टिकट मिल गया था। उधर वल्लुरी भार्गव अपने चाचा को चुनौती देने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। काकीनाडा जिले में प्रभावशाली कापू नेता पूर्व सांसद मुद्रगदा पद्मनाभम की भी कुछ ऐसी ही कहानी है।

नाराज पूर्व सांसद और उनके बेटे पीथापुरम विधानसभा क्षेत्र में अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण को हराने की कसम खाते हुए वाईएसआरसीपी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि पूर्व सांसद की बेटी क्रांति उनसे सहमत नहीं हैं और उन्होंने पवन के साथ हाथ मिला लिया है। क्रांति ने वाईएस जगनमोहन रेड्डी पर जन सेना प्रमुख को निशाना बनाने के लिए अपने पिता का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उधर पद्मनाभम ने पवन पर उनके परिवार में फूट डालने, उनकी बेटी को राजनीति में खींचने और उनके खिलाफ बोलने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। इस जिले में वरिष्ठ तेलगू देशम नेता और पूर्व वित्त मंत्री यानमाला रामकृष्णुडु ने अपनी बेटी दिव्या को तुनी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

उन्होंने दिव्या को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बताया, इसके बाद उनके भाई यानमाला कृष्णुडु ने गुस्से में पार्टी छोड़ दी और वाईएसआरसीपी में शामिल हो गए। इसी तरह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुथयाला नायडू अनाकापल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सीएम रमेश के सामने हैं। 2014 और 2019 में मदुगुला विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो चुनाव जीतने वाले नायडू को अपनी विधानसभा सीट दूसरी पत्नी की बेटी अनुराधा को सौंपने के लिए कहा गया था। इससे उनकी पहली पत्नी के पुत्र रवि कुमार नाराज हो गए और उन्होंने अनुराधा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने की ताल ठोंक रखी है।

# सोरेन की सहानुभूति... बनाम मोदी की गारंटी

**गिरिडीह संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड प्रांत की गिरिडीह संसदीय सीट पर इस बार लड़ाई सहानुभूति बनाम मोदी की गारंटी के बीच है। अबकी बार चार सौ पार और मोदी की गारंटी के सहारे मैदान में उतरी भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू के उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही है। वर्तमान सांसद एवं आजसू के उम्मीदवार



मथुरा महतो।

चंद्रप्रकाश चौधरी अपनी हर सभा में केंद्र सरकार की लाभार्थी परक योजनाओं को गिना रहे हैं। वे यह बताने से नहीं चूकते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादे किए थे उसे पूरे किए हैं और आगे भी पूरे होते रहेंगे। जबकि झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो उन्हें यह कहकर घेर रहे हैं कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की गारंटी पूरी नहीं हुई। झामुमो मुखिया हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर महतो मतदाताओं की सहानुभूति वोट के रूप में बटोरना चाहते हैं। इसमें उन्हें सफलता कितनी मिलेगी यह तो चार जून को पता चलेगा। इस सीट पर 25 मई को मतदान होगा।

गिरिडीह संसदीय सीट पर भाजपा ने 1989 में पहली बार जीत दर्ज की थी। राम मंदिर आंदोलन के मुद्दे को उभारकर भाजपा के रामदास सिंह यहां से संसद पहुंचने में कामयाब हो गए थे। तब यहां दो बार से लगातार जीत रही कांग्रेस को हराया था। लेकिन 1991 के चुनाव में भाजपा इस सीट को बरकरार नहीं रख पायी। उसके उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी ने पटक दिया था। हालांकि भाजपा को इस हार का बदला लेने के लिए बहुत ज्यादा इंतजार भी नहीं करना पड़ा। जब 1996 में चुनाव हुआ तो पार्टी ने रवींद्र कुमार पांडेय को मौका दिया। रवींद्र ने न सिर्फ इस चुनाव में जीत दर्ज की बल्कि वे 1998 और 1999 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस सीट पर पहली हैट्रिक उन्हीं के नाम है। इसके बाद किसी दल के उम्मीदवार ने हैट्रिक नहीं लगाई। हालांकि 2004 के चुनाव में इस सीट को पार्टी हार गई।

जब 2009 में चुनाव हुआ तो मतदाताओं ने रवींद्र कुमार पांडेय को फिर से जिताया वे 2014 में भी जीते लेकिन 2019 में यह सीट गठबंधन की सहयोगी आजसू के खाते में गई और राज्य सरकार में तत्कालीन मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी यहां से मैदान में उतरे और जीत गए। इस बार वे फिर समर में हैं।

## मुस्लिम मतों का विभाजन जीत का आधार

इस सीट पर मुस्लिम मतों में विभाजन ही भाजपा की जीत का आधार बनता रहा है। इसी आधार पर भाजपा नीत राजग गठबंधन की सहयोगी आजसू के उम्मीदवार भी पिछला चुनाव जीते थे। हर किसी की निगाह यहां कोइरी, कुर्मी और मुस्लिम मतदाताओं पर होती है। 1996 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो ), कांग्रेस, जनता दल व जेएमएम( एम) अलग-अलग लड़े। मुस्लिम मत बंटा और भाजपा जीती। 1998 और 1999 में मुस्लिम मतदाता कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच बंटे फिर भाजपा जीती। 2004 में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा साथ लड़े तो भाजपा हारी। 2009 में झामुमो को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला तो भाजपा जीती। 2014 में भाजपा की जीत का आधार मतों का बंटवारा ही रहा।

**06** बार इस सीट पर काबिज हो चुकी है भाजपा

**2019** में भाजपा की सहयोगी आजसू यहां जीती थी

## राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं चौधरी

- चंद्रप्रकाश चौधरी राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी है। झारखंड राज्य के गठन के लिए उन्होंने आंदोलन किया और इसी वजह से उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। 2005 में वह अर्जुन मुंडा की सरकार में पहली बार मंत्री बने। 2006 में मधु कोड़ा, 2009 में शिबू सोरेन, 2010 में फिर अर्जुन मुंडा की सरकार में मंत्री बने। रघुवर दास की सरकार में भी उन्होंने मंत्री पद संभाला। उनके विरुद्ध लड़ रहे मथुरा महतो भी तीन बार के विधायक हैं। राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वे लोगों को बताने में जुटे हैं कि भाजपा ने किस तरह ईडी का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। वे लगातार हेमंत सोरेन को स्वच्छ और ईमानदार नेता बताने में जुटे हुए हैं।



चंद्रप्रकाश चौधरी।

# जुबानी जंग ज्यादा, जमीन पर तो जनता के जज्बात

राजपुरुष

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए तीन चरणों के मतदान में आधी से अधिक सीटों का फैसला ईवीएम में कैद होने के साथ इतना साफ हो चुका है कि जनता के मुद्दे जमीनी हैं, जबकि दोनों प्रमुख गठबंधनों का प्रचार अभियान हवा में तलवारबाजी जैसा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि साल 2014 और 2019 की ही तरह इस बार भी चुनाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही हैं। एक तरफ उनके एनडीए गठबंधन का 400 पार का नारा है, तो दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन का यह डर कि भाजपा 400 से अधिक सीट इसलिए चाहती है, ताकि वह संविधान बदल सके। आरक्षण खत्म कर सके। जवाब में भाजपा की दलील है कि कांग्रेस सत्ता में आई तो आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देगी। संविधान और आरक्षण को लेकर छिड़ी इस जुबानी जंग के पीछे छिपा एजेंडा वोटों का ध्रुवीकरण भले हो, लेकिन आम मतदाता इससे ज्यादा प्रभावित है, ऐसा जमीन पर नहीं दिखता। उसके अपने सवाल और मुद्दे हैं, जिनका उत्तर वह वोट की चोट से खोजने की कोशिश कर रहा है।

पहले और दूसरे चरण की ही तरह तीसरे चरण के चुनाव में भी मतदान केंद्रों से बाहर निकले लोगों से बातचीत करने पर पता चलता है कि वोट देने में सबसे ज्यादा लोगों ने पहले अपना फायदा देखा या सजातीय उम्मीदवार को तरजीह दी। निम्न आय वर्ग के मतदाताओं के दिमाग में ईवीएम का बटन दबाते समय अगर मुफ्त राशन, शौचालय, पक्का घर, गैस सिलेंडर, किसान सम्मान निधि जैसी बातें सबसे ऊपर थीं, तो अपनी जाति के उम्मीदवार का समर्थन भी कम नहीं था। पढ़ी लिखी महिलाएं महंगाई और बेरोजगारी के सवाल उठाने के बाद भी महिला सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बेहतर होने की बातें करती नजर आईं। कुछ ऐसी ही स्थिति उन लोगों की भी रही, जो अपने जनप्रतिनिधि से नाराजगी के बावजूद उसके ही दल को वोट देने की मजबूरी बयां करते दिखे। इसी तरह बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अगर विकास, देश की सुरक्षा और राम मंदिर जैसे मुद्दे पर वोट करने की बात कही, तो काफी लोग बेरोजगारी का मसला हल नहीं होने से निराश भी नजर आए। इन परिस्थितियों में बड़ा सवाल यह है कि आखिर संविधान, आरक्षण, जातीय जनगणना, आर्थिक सर्वे, सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग, मुस्लिम तुष्टीकरण जैसे मुद्दों का क्या हुआ, तो ऐसा भी नहीं है कि लोगों को इनके बारे पता नहीं है, या वह इन बातों से प्रभावित नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जिस तरह चुनावी अभियान शुरू होने के बाद से अब तक आधा दर्जन विषयों को विमर्श में लेकर मुद्दा गढ़ने और अपना एजेंडा सेट करके आगे बढ़ाने का प्रयास दोनों गठबंधनों की तरफ से किया गया है, उससे अपने वोट के निर्णय को लेकर ऐसे लोग थोड़ा बहुत भ्रमित या सशंकित जरूर हैं। हालांकि इनमें से काफी लोग इन चीजों को चुनाव में जन अवधारणा की लड़ाई बताते हैं, तो कुछ लोग हालात गंभीर होने का इशारा करते हैं। वास्तव में यही वह वोटर हैं, जिन्हें विश्लेषक परिणाम में स्विंग के रूप में नापते हैं। अब इनकी संख्या किस सीट पर कितनी है और परिणाम पर क्या असर पड़ेगा, इसका पता तो चार जून को फैसला आने पर ही चलेगा।

### वोटर किधर



- भाजपा ने हर चरण के चुनाव से पहले नए मुद्दे उछाल कर विपक्ष को घेरा और पूछे सवाल
- जन अवधारणा के लिए के लिए दोनों प्रमुख गठबंधन लगे हुए हैं अपना एजेंडा सेट करने में
- जनता ने सबसे पहले अपना और देश का फायदा देखा, फिर प्रत्याशी का जातीय समीकरण
- विकास और सुरक्षा को तरजीह, संविधान और आरक्षण को लेकर भी कशमकश



### भाजपा हर विषय उठा रही, विपक्ष एक मुद्दे पर ही अड़ा

- मुस्लिम आरक्षण के साथ ही भाजपा चुनाव प्रचार में लगातार कई और विषयों को मुद्दा बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन कांग्रेस संविधान बचाने के मुद्दे पर अड़ी है। उसके नेता लोगों को समझाने में लगे हैं कि भाजपा नए-नए मुद्दे उठाकर ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है, पर भटकना नहीं है। उधर, भाजपा का प्रचारतंत्र और बूथ मशीनरी लाभार्थी वोट बैंक पर निगाह जमाए हुए मोदी की गारंटी, राम मंदिर, देश का सम्मान और विकसित भारत के लिए मतदान की कवायद में जुटा है।

### बड़े सवाल हल करने के लिए चाहिए बड़ा बहुमत

- आगरा में एक मतदान केंद्र के बाहर राम मिलन शर्मा ने बड़ा मजेदार तर्क दिया। वह बोले जैसे किसी वजनदार सामान को उठाने के लिए ज्यादा लोगों की जरूरत पड़ती है, उसी तरह बड़े सवालों को हल करने के लिए बड़ा बहुमत चाहिए। मोदी जी का 400 पार का नारा इसीलिए है। इस तर्क का जवाब फिरोजाबाद में हरेंद्र सिंह देते नजर आए वह बोले, बाबा साहेब के बनाए संविधान को खत्म करने के लिए 400 पार की संख्या चाहिए। भाजपा के इरादे नेक नहीं हैं। सरकारी नौकरियां वैसे ही कम कर दी हैं, अब आरक्षण भी खत्म करने की साजिश हो रही है।

# पहले सीधा लग रहा मुकाबला अब हुआ टेढ़ा

## बाहुबली नेता धनंजय सिंह की पत्नी का टिकट काटकर बसपा के मौजूदा सांसद को उतारने से बदले समीकरण

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** जौनपुर लोकसभा सीट इस बार लगातार चर्चा में है। यहां 25 मई को वोट डाले जाने हैं। भाजपा ने कृपा शंकर सिंह को मैदान में उतारा है। जौनपुर में जन्मे कृपा शंकर सिंह महाराष्ट्र में राजनीति करते रहे हैं और वहां सरकार में मंत्री रह चुके हैं। ठाकुर समाज के नेता हैं। जौनपुर सीट भी ठाकुर बाहुल्य गिनी जाती है। बसपा ने यहां पूर्व सांसद बाहुबली नेता धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दिया था। वह जमकर प्रचार भी कर रही थीं, लेकिन नामांकन से पहले बसपा सुप्रीमो ने उनका टिकट काटकर अपने मौजूदा सांसद श्यामलाल यादव को मैदान में उतार दिया है। माना जा रहा है बसपा के इस खेल का सीधा फायदा भाजपा के कृपा शंकर को मिल सकता है। सपा-कांग्रेस गठबंधन से इस सीट पर बाबू सिंह कुशवाहा सपा के उम्मीदवार हैं। बसपा सरकार में मंत्री रहे बाबू सिंह 2012 के एनआरएचएम घोटाले के आरोपी हैं।

जौनपुर में बसपा से बगावत कर पहले कांग्रेस फिर सपा से टिकट के लिए रात दिन एक करने वाले श्याम सिंह यादव के फिर से हाथी का महावत बनने से सपा का गणित उलझ गया है। पार्टी को यादव मतों में बिखराव का डर सता रहा है। हालांकि सपा की कोशिश है कि टिकट कटने के कारण बसपा से नाराज पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उनके समर्थकों को साध लिया जाए।




**50%** मत मिले थे बसपा के श्याम सिंह यादव को लोस चुनाव 2019 में

**42.30%** मत मिले थे भाजपा के कृष्ण प्रताप सिंह को लोस चुनाव 2019 में

**4.25%** मत मिले थे कांग्रेस के देव व्रत मिश्र को लोस चुनाव 2019 में

### 2019 का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | मत मिले |
|---|---|---|
| बसपा | श्याम सिंह यादव | 5,00,543 |
| भाजपा | कृष्ण प्रताप सिंह | 4,40,192 |
| कांग्रेस | देव व्रत मिश्र | 27,185 |

- श्याम सिंह यादव के मैदान में आने से सपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री बाबू सिंह यादव के सामने बढ़ गई मुश्किलें

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट मिले | मत% |
|---|---|---|---|
| भाजपा | कृष्ण प्रताप ( केपी ) | 3,67,149 | 36 .45 |
| बसपा | सुभाष पांडे | 2,20,839 | 21 .93 |
| सपा | पारसनाथ यादव | 1,80,003 | 17 .87 |
| निर्दलीय | धनंजय सिंह | 64,137 | 6 .37 |
| आप | डॉ. केपी यादव | 43,471 | 4 .32 |
| कांग्रेस | रवि किशन | 42,759 | 4 .25 |

| जातीय गणित अनुमानित | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2.50 लाख ब्राह्मण | 02 लाख क्षत्रिय | 2.30 मुस्लिम | 2.35 यादव | 2.40 दलित |


### ये प्रत्याशी मैदान में



कृपा शंकर सिंह।




श्यामलाल यादव।



बाबू सिंह कुशवाहा।

### धनंजय सिंह के अगले कदम पर टिकी है सभी की निगाह

- पूर्व सांसद धनंजय सिंह के दिन इस समय अच्छे नहीं चल रहे हैं। अपहरण, जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के चार साल पुराने के एक मामले में पहले उन्हें सजा सुनाई गई, फिर बसपा ने उनकी पत्नी श्रीकला का टिकट काट दिया। क्षत्रिय मतदाता नाराज न हों इसलिए बसपा प्रचारित कर रही है कि श्रीकला रेड्डी ने टिकट वापस कर दिया है। इसके जवाब में धनंजय सिंह ने साफ कहा है कि टिकट काटा गया है। इससे उनकी पत्नी आहत महसूस कर रही हैं। मुझे अपमानित करने की साजिश की गई है। हम लोग जिसे चाहेंगे, उसे सांसद बनाकर भेजेंगे। पुराने सहयोगियों के साथ बैठकर आगे की रणनीति तय करेंगे। जानकार कह रहे हैं कि धनंजय किसी उम्मीदवार को अपना समर्थन दे सकते हैं। ऐसे में हर किसी की निगाह धनंजय सिंह पर टिकी हुई है। इस चुनाव में वे सपा का समर्थन करते हैं या भाजपा का। फिलहाल बसपा प्रत्याशी श्यामलाल यादव अब यहां भाजपा के कृपाशंकर सिंह और सपा के बाबू सिंह कुशवाहा को बाहरी प्रत्याशी बताकर अपना माहौल बनाने में जुट गए हैं।



धनंजय सिंह।

### राष्ट्रीय मुद्दों से ज्यादा जातीय समीकरण यहां तय करते हैं हार और जीत

- मूली-मक्का और इमरती मिठाई के लिए जौनपुर पूरे देश में पहचाना जाता है। जौनपुर संसदीय सीट का राजनीतिक मिजाज और लोकसभा क्षेत्रों से अलग दिखता है। यहां जातीय मुद्दा राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय मुद्दों पर हावी रहता है। यही वजह है कि इस सीट पर टिकट देते समय राजनीतिक दल हर समीकरण को समझते हैं। बसपा ने 2019 में जब सपा से गठबंधन किया तो श्याम सिंह यादव को उम्मीदवार बनाया। श्याम सिंह यादव ने दलित, मुस्लिम, यादव वोटों के सहारे इस सीट को जीत लिया। बाद में उनकी नजदीकी कांग्रेस और सपा नेताओं से ज्यादा हो गई। श्याम सिंह को उम्मीद थी कि सपा उन्हें इस चुनाव में टिकट देगी पर ऐसा नहीं हुआ। बाबू सिंह कुशवाहा को साइकिल की सवारी मिली तो उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर हमला किया। बसपा से उन्हें टिकट मिलने की उम्मीद बिलकुल नहीं थी। बसपा ने बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दे दिया था लेकिन उनका टिकट अचानक कटने और फिर से श्याम सिंह यादव को मिल जाने से जहां भाजपाई राहत की सांस ले रहे हैं, वहीं सपा में बेचैनी देखी जा रही है।

### स्वामी चिन्मयानंद बने थे गृह राज्य मंत्री

- इस सीट पर अब तक 18 बार चुनाव हुआ है, लेकिन एक सांसद को ही केंद्र में मंत्री बनने का मौका मिला वो हैं स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती। 1999 में भाजपा के टिकट पर जीते स्वामी चिन्मयानंद को प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री बनाया गया था।

### इस सीट पर छह बार जीती कांग्रेस

- कांग्रेस को इस सीट पर छह बार जीत मिली है। पार्टी इस सीट पर 1952,57, 63,67 और 1971 व 1984 में जीती। 1962 में भारतीय जनसंघ यहां जीती थी तो 1977 और 1980 में जनता पार्टी को यहां जीत मिली। राम लहर के दौरान 1989 में भाजपा को पहली बार जीत मिली थी। इसके बाद पार्टी यहां 1996, 99 और 2014 में जीत दर्ज करने में कामयाब हुई। 1998 और 2004 में सपा के पारसनाथ यादव जीते तो 2009 में बसपा से धनंजय सिंह और 2019 में श्याम सिंह यादव ने जीत दर्ज की थी।

# मिश्रिख सीटः त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे रावत

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** तीन जिलों कानपुर, हरदोई और सीतापुर में फैली मिश्रिख लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां चौथे चरण में 13 मई को मतदान होगा। यह सीट 2014 से भारतीय जनता पार्टी के कब्जे में है। लेकिन इस बार यहां मुकाबला जीजा और सलहज के आमने-सामने होने के कारण काफी दिलचस्प है। भाजपा ने जहां अपने मौजूदा सांसद डॉ. अशोक कुमार रावत पर भरोसा जताया है, वहीं इंडिया गठबंधन से इस सीट पर सपा की संगीता राजवंशी उन्हें चुनौती दे रही हैं। संगीता रिश्ते में भाजपा प्रत्याशी की सलहज लगती हैं। बसपा ने राज्य सरकार के पूर्व अधिकारी और बामसेफ से जुड़े रहे डॉ. बीआर अहिरवार पर दांव लगाया है। भाजपा सांसद डॉ. अशोक रावत इस सीट पर 2004 और 2009 में भी चुनाव जीत चुके हैं, लेकिन तब वह बसपा के टिकट पर मैदान में उतरे थे।

मिश्रिख में अनुसूचित जाति के मतदाताओं की संख्या करीब 33 फीसदी है। इनमें पासी जाती के मतदाताओं की संख्या अधिक है। इसी समीकरण को ध्यान में रखते हुए भाजपा और सपा ने इसी जाति के उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। 2019 का लोकसभा चुनाव सपा-बसपा ने मिलकर लड़ा था। तब गठबंधन में यह सीट बसपा के खाते में थी। बसपा उम्मीदवार डॉ. नीलू सत्यार्थी ने 4,33,757 वोट पाए थे। चुनाव जीते भाजपा के डॉ. अशोक कुमार रावत को 5,34,429 वोट मिले थे। कांग्रेस की मंजरी राही ने 26,505 वोट हासिल किए थे। 2014 के चुनाव में डॉ. अशोक रावत बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे, लेकिन भाजपा प्रत्याशी अंजूबाला से हार गए थे। अंजू बाला को 4,12,468 वोट, जबकि रावत को 3,25,212 वोट मिले थे। सपा के जयप्रकाश ने 1,94,759 वोट पाए थे।

### सभी विधान सभा सीटों पर खिला था कमल

- मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में सीतापुर की मिश्रिख, कानपुर की बिल्हौर, हरदोई जिले का बालामऊ, संडीला और मल्लावां विधानसभा सीट आती हैं। साल 2022 के विधान सभा चुनाव में इन सभी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने कब्जा जमाया था।

### सपा ने चार बार बदला प्रत्याशी, पहले ससुर फिर साला अब मैदान में सलहज

ऐसा लगता है कि सपा ने मिश्रिख सीट पर रावत को चुनौती देने के लिए उनके ही किसी रिश्तेदार को उतारने का मन बना रखा था। यही वजह रही कि पार्टी ने पहले पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी को उम्मीदवार बनाया। वह रिश्ते में डॉ. अशोक रावत के ससुर लगते हैं। इसके चलते राजवंशी ने दामाद के खिलाफ चुनाव लड़ने में दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसके बाद सपा ने रामपाल राजवंशी के बेटे मनोज राजवंशी पर दांव लगाया। वह अपने जीजा के खिलाफ चुनाव लड़ने की रणनीति बना ही रहे थे कि सपा ने पूर्व सांसद रामशंकर भार्गव को उम्मीदवार बनाने की घोषणा कर दी। इसके अगले ही दिन सपा ने एक बार फिर यहां से अपना उम्मीदवार बदलते हुए भार्गव की जगह रामपाल राजवंशी की बहू संगीता राजवंशी को मैदान में उतारने की घोषणा कर दी। संगीता भाजपा उम्मीदवार डॉ. अशोक रावत की सलहज यानी साले की पत्नी हैं।



**यूपी में बाबा** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के पतारा में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले के समर्थन में हुई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में उनके कट आउट के साथ नाचती महिलाएं।

# बिहार में आधा दर्जन नेताओं के पुत्र-पुत्रियां चुनावी मैदान में

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** लालू प्रसाद यादव की परिवारवादी राजनीति पर पीएम मोदी व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमला बोल रहे हैं। इसके बावजूद आरजेडी से लालू की दो बेटियां मीसा भारती और रोहिणी आचार्य चुनाव लड़ रही हैं। मीसा भारती पाटलिपुत्र से मैदान में हैं, तो रोहिणी आचार्य लालू की पारंपरिक सारण सीट से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी को टक्कर दे रही हैं।

इसी तरह महेश्वर हजारी नीतीश कुमार सरकार में मंत्री हैं। समस्तीपुर से कांग्रेस ने उनके बेटे सनी हजारी को समस्तीपुर से चुनाव मैदान में उतारा है। अब पिता एनडीए में और बेटा 'इंडिया' में। समस्तीपुर का चुनाव इस बार इसलिए दिलचस्प हो गया है, क्योंकि यहां से जेडीयू नेता और नीतीश कुमार मंत्रिमंडल के सदस्य अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को एलजेपीआर ने अपना उम्मीदवार बनाया है। अब समस्तीपुर में जेडीयू के दो मंत्रियों की संतान आमने-सामने है। शांभवी प बिहार में सबसे कम उम्र 25 वर्ष की उम्मीदवार हैं। दोनों मंत्रियों की संतान मैदान में होने से सबसे बड़ा धर्म संकट जेडीयू समर्थकों के सामने है कि किसे जिताएं।

कांग्रेस ने पटना साहिब सीट पर लोकसभा की स्पीकर रह चुकीं मीरा कुमार के बेटे अंशुल कुमार को उतारा है। भाजपा से यहां पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य और प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह के बेटे आकाश को कांग्रेस ने महाराजगंज सीट से उतारा है। महाराजगंज से आरजेडी के टिकट पर प्रभुनाथ सिंह चुनाव लड़ते और जीतते रहे हैं। यह सीट इस बार कांग्रेस के कोटे में है। भाजपा ने यहां तीसरी बार जनार्दन सिग्रीवाल को मौका दिया है।



**... लो मैं आ गई** रायबरेली से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में प्रियंका गांधी वाड्रा ने रोड शो करके मोदी सरकार की नाकामियों पर जमकर हमला बोला।

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हयाः पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं। वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की दुश्मन बन जाती हैं।

## संपादकीय

# गंभीर समस्या

उत्तराखंड के जंगलों में आग प्रमुख आपदाओं में से एक है। जंगलों में आग लगने का संकट इस बार ज्यादा गंभीर नजर आ रहा है। राज्य का 40 प्रतिशत हिस्सा जल रहा है। हर वर्ष उत्तराखंड में जंगल की आग से वन पारिस्थितिकी तंत्र, वनस्पतियों, जीवों की विविधता और आर्थिक संपदा को भारी नुकसान होता है। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान बुधवार को पीठ ने कहा कि 'क्लाउड सीडिंग' (कृत्रिम बारिश) या 'इंद्र देवता पर निर्भर रहना' इस मुद्दे का समाधान नहीं है। राज्य को निवारक उपाय करने होंगे। न्यायमूर्ति बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ को राज्य सरकार ने बताया कि पिछले साल नवंबर से उत्तराखंड में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुईं और ऐसी घटनाओं में पांच लोग मारे गए। राज्य के उप महाधिवक्ता ने बताया कि सभी आग मानव निर्मित थीं। एक अधिवक्ता ने पीठ को बताया कि राज्य एक 'गुलाबी तस्वीर' पेश कर रहा है, लेकिन मीडिया रिपोर्टों का दावा है कि जंगल की आग से निपटने में शामिल पूरी मशीनरी चुनाव-संबंधी काम में व्यस्त है। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार पहाड़ों में लग रही आग को आपदा मानते हुए इस पर काबू पाने को जमीनी प्रयास कर रही है। प्रशासन जनसहभागिता से आग बुझाने के काम में लगा है। कुछ मामलों में वन विभाग की लापरवाही भी सामने आई है जिसके बाद 17 वन कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरुल (चीड़ के पत्तों) को एकत्र करने के लिए पिरुल लाओ-पैसे पाओ मिशन की शुरूआत की गई है।

इस काम के लिए 50 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। वास्तव में जंगल की आग एक गंभीर समस्या है। पिछले कुछ वर्षों में आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है और इन घटनाओं से पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान होता है। जंगल पहाड़ी इलाकों में लोगों के साथ सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र के आर्थिक कल्याण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही वन और वन्यजीव महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन हैं और मानव जीवन व पर्यावरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थिति दयनीय है। जो लोग आग बुझाने जाते हैं उनके पास उचित उपकरण तक नहीं हैं। दरअसल सरकारों की प्राथमिकता में पर्यावरण व वन संरक्षण शामिल ही नहीं हो पाया है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते वातावरण में तापमान बढ़ने से भी आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। हमें बढ़ते तापमान के साथ प्रकृति संरक्षण के उपायों को बढ़ावा देना होगा। निस्संदेह जंगलों की आग पर ग्रामीणों के सहयोग के बिना काबू नहीं पाया सकता।

# धर्म और कम्युनिकेशन के अंतस्संबंध की समस्याएं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रूप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की।

अनेक विचारक सलाह दे रहे हैं कि अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा होनी चाहिए। वरना अराजकता फैल जाएगी। इस तरह के लोगों के विचारों को सुनकर एक पल के लिए यही लगता है, अभिव्यक्ति की आजादी का दायरा खींचने की जरूरत है। सच यह है अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं तय करना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का लक्ष्य मात्र अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि उसका परम लक्ष्य तो अभिव्यक्ति की सीमाओं का विस्तार करना और तोड़ना है। हर दौर में लेखकों-कलाकारों ने यह काम किया है, वे यह काम आज भी कर रहे हैं।

सामान्य कम्युनिकेशन भी सीमाएं नहीं मानता। एक जमाना था औरतें पर्दे की आड़ लेकर, घूंघट में से बोलती थीं, लेकिन बोलते-बोलते वे आज जहां तक चली आई हैं उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। बोलना या अभिव्यक्ति तो परिवर्तन की प्रक्रिया में, सीमा तोड़ने की प्रक्रिया में शामिल होना है। इसीलिए हिंदी में कहावत भी है "बोला और मरा"। अभिव्यक्ति की प्रक्रिया में मनुष्य जब भी दाखिल होगा वह देर-सबेर अभिव्यक्ति की सीमाएं तोड़ेगा। एक जमाना था कोई लड़की किसी लड़के से बात करती हुई देख ली जाती थी तो हंगामा हो जाता था, लेकिन आज स्थिति यह है कि सामान्य तौर पर शिक्षित लड़कियों के पास अपने मित्र लड़कों के मोबाइल में नंबर रहते हैं और वे घर में ही आराम से बातें करती रहती हैं। अभिव्यक्ति की विशेषता है कि वह सीमा नहीं मानती। चाहे जितने कानून बनाओ, चाहे जितने आदेश लागू करो।

अभिव्यक्ति और धर्म के अंतस्संबंध में एक बात साझा है वह है, धर्म भी नियम सीमा नहीं मानता और अभिव्यक्ति भी नियम सीमा नहीं मानती। धर्म को यदि प्राचीन नियमों के अनुसार ही चलाया जाए तो धर्म अनाकर्षक होगा। उसकी कोई अपील नहीं होगी। दूसरी बात यह कि प्राचीन काल में तो धर्म ही कम्युनिकेशन था। कालांतर में अन्य कम्युनिकेशन के रूप आए हैं। धर्म की भूमिका मूलतः कम्युनिकेशन की ही रही है। कम्युनिकेशन में ज्योंही एक-दूसरे के बीच संवाद आरंभ होगा, कम्युनिकेटर और समाज के बीच में संवाद आरंभ होगा, अभिव्यक्ति की सीमाएं क्रमशः टूटने लगेंगी। यह अभिव्यक्ति का अंतर्निहित नियम है। हिंदू धर्म में भगवान से बड़ा भक्त है, जबकि इस्लाम में अल्लाह बड़ा है, बाकी उसके मातहत हैं। हिंदू धर्म में भगवान नियंता नहीं है, भक्त नियंता है। हिंदू धर्म में नियम महत्वपूर्ण नहीं है, आदत या संस्कार महत्वपूर्ण हैं। आदतें महत्वपूर्ण होने से हिंदू धर्म में किसी भी किस्म के शारीरिक नियंत्रण की संभावनाएं नहीं हैं। धर्म का लंबे समय से अंदर से रुपांतरण होता रहा है। हमारे यहां कोई एक नियंता नहीं है। हर नागरिक का अपना-अपना हिंदू धर्म है। हिंदू धर्म में यह उदारता या खुलापन बड़े वैचारिक संघर्षों के कारण पैदा हुआ है और यह प्रक्रिया बड़ी श्रमसाध्य और त्यागपूर्ण रही है। इसके विपरीत इस्लाम में नियंता रहे हैं और नियंता के प्रति हर मुसलमान को समर्पण करना और उसके बनाए नियमों का आचरण करना जरूरी है। वरना उसके प्रति संदेह या अविश्वास पैदा होगा। इसलिए जिन देशों में इस्लाम नियंता और नियामक है, वहां पर अभिव्यक्ति की आजादी का सवाल ही पैदा नहीं होता। अभिव्यक्ति की आजादी के लिए धार्मिक नियंता की अनुपस्थिति जरूरी है। इस्लामिक देशों में चूंकि नियंता अल्लाह है। अतः वहां अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है।

इसके विपरीत भारत में भगवान तो है, लेकिन वह नियंता नहीं है। यहां पर भगवान भक्त का संबंध स्वैच्छिक है। इसमें भक्त बड़ा है, भगवान से। आराधना के सारे नियम भक्त बनाता है, भगवान या उसके नुमाइंदे तय नहीं करते। यही वजह है हिंदू धर्म में सबसे ज्यादा मत-भिन्नता है, इस्लाम में एक अल्ला है, हमारे यहां तैतीस करोड़ देवी-देवता हैं, अनेक ईश्वरों के सहस्त्रनाम हैं। हमने एक भगवान की धारणा को कभी नहीं माना। भगवान एक नहीं है तो नियंता भी एक नहीं है। अमूमन एक ही मंदिर में अनेक देवी-देवता मिलेंगे। बड़ी तादाद में ऐसे भी मंदिर मिलेंगे जिनमें आराधक-प्रचारक की भगवान के साथ प्रतिमा लगी हुई है। यानी हमारे यहां भक्त को भगवान के बराबर का दर्जा दिया गया है। इसलिए हिंदू धर्म की परिस्थितियों के साथ इस्लाम की तुलना करना सही नहीं होगा, इस्लाम के आईने में हिंदू धर्म को नए सिरे से संगठित करना भी सही नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रुप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की। हिंदू धर्म के बहुत सारे कोड या संहिताएं सभ्यता के विकास में बहुत बाद में आए, इनके आने के बाद भी समाज में संहिताओं को न मानने की परंपरा बनी रही है। हिंदू धर्म में ईश प्रशंसा भी कर सकते हैं, ईश-समालोचना भी कर सकते हैं, चाहें तो अपने लिए नया भगवान बना सकते हैं और उसका समूचा ताम-झाम भी खड़ा कर सकते हैं। हिंदू धर्म में कोई धार्मिक कानूनी किताब नहीं है जिसके आधार पर सामाजिक दंड दिए गए हों। यदि किसी ने मनुस्मृति बना दी है तो वह भी रहेगी, लेकिन जरूरी नहीं है लोग उसे मानें। भारत में कोई भी ऐसा कालखंड नहीं रहा जिसमें मनुस्मृति के हिसाब से समाज को संचालित किया गया हो। समाज संचालन के नियम धार्मिक किताबों के बाहर थे, हो सकता है उनकी किसी लाक्षणिकता का मनुस्मृति से साम्य मिल जाए, लेकिन भारत कभी भी मनुस्मृति या धर्मशास्त्र संचालित देश नहीं रहा। भारत में ईश निंदा के लिए किसी की हत्या नहीं की गई, जबकि उनके खिलाफ क्या-क्या किया जाए उसके प्रावधान जरूर हैं, लेकिन ईशनिंदा के कारण या नास्तिक होने के कारण किसी को जान से नहीं मारा गया, जबकि इस्लाम में ऐसा नहीं है। ईश निंदा हमारी परंपरा में नास्तिकों के संघर्ष के द्वारा अर्जित संस्कार और हक है।

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है। हमारे यहां ईश्वर है, लेकिन वह वैसे ही है जैसे टीवी है, रेडियो, इंटरनेट है। ईश्वर हमेशा से संस्कारों के कम्युनिकेशन का चैनल रहा है और आज भी है। कुछ संगठनों की भूमिका इसी प्रसंग में सबसे खतरनाक तौर पर उभरकर सामने आई है, वे इस्लाम से प्रेरणा लेकर काम कर रहे हैं। इस तरह वे सुचिंतित ढंग से हिंदू धर्म की परंपराओं और मान्यताओं को फंडामेंटलिस्टों की तरह परिभाषित कर रहे हैं और यदा-कदा लागू करने की कोशिशें भी करते रहे हैं। सच्चाई यह है कि कौन किस धर्म में जाएगा, किससे शादी करेगा यह हिंदू धर्म में कभी भी सामाजिक चर्चा के केंद्र में नहीं रहा। आदि शंकराचार्य के जमाने से लेकर तुलसीदास के जमाने तक यह चीज साफ तौर पर देख सकते हैं कि किससे शादी करोगे और कौन सा धर्म मानोगे यह नागरिक के विवेक पर छोड़ दिया गया था।


मूल बात यह कि धर्म तो कम्युनिकेशन है और कम्युनिकेशन को आप नियमों में बांध नहीं सकते। कम्युनिकेशन का नियम है तोड़ना, वह समाज को तोड़कर बनाने का काम करता है। वह पुराने को नष्ट नहीं करेगा तो नया आएगा कैसे? हर किस्म का कम्युनिकेशन अपने लिए तोड़ने-बनाने की यह जंग लड़ता है और इसे नियमों में बांधना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का दायरा वहां तक फैला है, जहां तक अर्थ का दायरा फैला हुआ है। हम सोचें क्या अभिव्यक्ति के अर्थ की कक्षा तय की जा सकती है?

## प्रसंगवश

# गणराज्य और निरंकुश राजा

श्रीकृष्ण जन्मजात विद्रोही थे। उनके जन्म के समय मथुरा में गणराज्य था-अंधक, वृष्णि, भोजक, यदगण थे। गणपति उग्रसेन था। सचिव यादव वसुदेव था। दूसरी ओर उस समय मगध में राजा जरासंध निरंकुश था। उसने अनेक राजाओं को बंदी बनाकर राज्यविस्तार किया और हजारों कन्याओं का अपहरण किया था।

मथुरा की इस गण-शक्ति से जरासंध डरता भी था, लेकिन वह अपने सैन्य-दल के साथ टोह लेने को मथुरा के पास यमुना की ओर छावनी बनाकर ठहरा हुआ था। वहां एक घटना यह घटी कि उसका एक हाथी सांकल तोड़कर भाग गया, सैनिकों की पकड़ में नहीं आया। यह दृश्य अपने अखाड़े पर खड़ा युवराज कंस देख रहा था। वह अखाड़े से कूदा और उसने हाथी को सूंड से पकड़कर बैठा लिया। बस, मथुरा को जरासंध की नजर लग गई। उसने आगे की सोची और अपनी दोनों बेटी अस्ति-प्राप्ति का विवाह कंस से कर दिया। मगध जरासंध ने अस्ति-प्राप्ति देकर मथुरा का शासन-सूत्र अप्रत्यक्ष-रूप से संभाल लिया था। जरासंध के आदेश से पहले तो उग्रसेन को हटाया गया, फिर वसुदेव को हटाने की चाल चली। वसुदेव को कैद करवाया। मथुरा के चारों ओर या तो गोपों के कबीले घूमते थे या मांसाहारी वन्य जातियां थीं, जो गोपों से शत्रुता का भाव पाले हुए थीं। गोप सम्पन्न थे और सभ्यता की अग्रिम सीढ़ी पर आ चुके थे। इसलिए वसुदेव गोपों के स्वाभाविक मित्र थे, जबकि मांसाहारी असुर जातियां जरासंध के साथ थीं। कंस निरंकुश साम्राज्यवाद की कठपुतली की तरह था। आतंक-अत्याचार बढ़ता गया। आतंक-अत्याचार के खिलाफ आग भी सुलग रही थी।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गोपों की शक्ति संगठित थी। वसुदेव का बालक उन्हीं की छाया में बडा हो रहा था। षड्यंत्र हुए किंतु हर बार कंस का दाव खाली जाता। अंत में अक्रूर को भेजा, वे चाचा थे। कृष्ण-बलराम आए और सुलगती आग में घी डालकर कंस को अकेला कर के मार दिया। कंस के शासन के विरुद्ध मथुरा ही नहीं उबल रहा था, यह पूरे मध्यदेश में गूंजने वाला विद्रोह और धधकने वाली ज्वाला थी और इसका कारण कंस का श्वसुर जरासंध था। ये ही कृष्ण विद्रोह के नायक बने और पांडवों से मित्रता कर के जरासंध को मारा था। यही कृष्ण महाभारत के महानायक थे।

# चुनाव में युवा और रोजगार के मुद्दे गायब

लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरण का मतदान हो चुका है। 1 जून को अंतिम चरण का मतदान हो जाएगा और 4 जून को नई आने वाली सरकार की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने तरीके से एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। हर कोई सत्ता में काबिज होना चाहता है। आम जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किन मुद्दों को लेकर ये अपनी उम्मीदवारी रख रही हैं।

देश में बहुत सारी समस्याएं हैं जिनका समाधान इतने वर्षों से नहीं हुआ है। जनता त्रस्त है। सबसे बड़ी समस्या आज महंगाई की है। रोटी, कपड़ा और मकान जो एक आम इंसान की बेसिक जरूरत है, एक बड़े तबके के लिए उसे पूरा करना बहुत मुश्किल हो रहा है। खाद्य पदार्थ, सब्जियों के दाम इतने अधिक बढ़ चुके हैं कि एक सामान्य मध्यवर्गीय परिवार के लिए भी पेट पालना मुश्किल हो रहा है। निर्धन वर्ग की तो बात ही क्या करें?



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है।

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है। अंतरिम बजट पेश करने से पहले सरकार ने द इंडियन इकोनामी ए रिव्यू शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें वर्ष 2027 तक जीडीपी के वर्तमान मूल्य पर अर्थव्यवस्था के 50 खरब डॉलर के स्तर को पार कर लेने की बात कही गई थी। इस तरह भारत के दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह आसान दिखती है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्य पर भारत की जीडीपी अभी लगभग 37.3 खरब डॉलर है। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे मात्र चार देश जीडीपी के मामले में भारत से आगे हैं। दो देशों के बीच उत्पादकता और लोगों के रहन-सहन की गुणवत्ता लिविंग स्टैंडर्ड की तुलना करने के लिए इन देशों की सेवाओं और उत्पादों के साथ वहां की मुद्राओं की क्रय क्षमता के बीच तुलना की जाती है जिससे व्यक्ति के खरीदने की क्षमता का पता चलता है। इसे पर्चेजिंग पावर पैरिटी कहते हैं, लेकिन बहुत ज्यादा विश्वासनीय यह पैमाना नहीं कहा जा सकता। 2027 में विश्व की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में कोई संदेह नहीं है, लेकिन युवाओं में फैली बेरोजगारी से हम आंखें नहीं मोड़ सकते।

सरकारी नौकरियों में पदों की संख्या बहुत कम है। रिटायर होने वाले कर्मचारियों के स्थान पर नई भर्तियां बंद हैं। लाखों पद खाली हैं, पर उनकी जगह संविदा या आउटसोर्स से ही काम चलाया जा रहा है जिससे विभागों की कार्य प्रणाली पर भी बहुत असर पड़ा है। इसके साथ ही साथ प्राइवेट सेक्टर में तो हाल बहुत ही बुरा है। विभिन्न संस्थाओं में इंजीनियरिंग छात्रों की परीक्षाएं लगभग हो चुकी हैं। 15 लाख के लगभग छात्र पास आउट होंगे पर नौकरी 1-1.5 फीसदी छात्रों को ही मिलेगी। आईआईएम के छात्रों तक को नौकरी नसीब नहीं है। अर्थव्यवस्था का असली चेहरा यही है। अर्थव्यवस्था बढ़ती तो रोजगार के द्वार भी अवश्य खुलते। इकोनॉमी टाइम्स के अनुसार 25 साल में नौकरियां में सबसे ज्यादा कटौती हुई। रेलवे, पुलिस, पोस्ट ऑफिस में ढेरों पद खाली है। पेटीएम, स्वीगी, फ्लिपकार्ट, बाइजू जैसी कंपनियां लगातार छंटनी कर रही हैं। ईपीएफ में जुड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। लिंकडिन के अनुसार कर्मचारियों पर काम का बोझ बहुत है और वे दूसरी नौकरी की तलाश में हैं। काम के घंटे बढ़ रहे हैं, जबकि मनोवैज्ञानिक काम के घंटों के बीच आराम की वकालत करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय संगठन और मानव विकास संस्थान की नई रिपोर्ट इंडिया अपॉइंटमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार देश में नियमित वेतन पाने वाले और स्वरोजगार में लगे लोगों की वास्तविक कमाई में पिछले एक दशक के दौरान गिरावट आई है। यह आकलन मुद्रा स्फीति की दर के आधार पर किया गया है। इसी तरह खेती-बाड़ी से जुड़े 42.8 प्रतिशत नियमित श्रमिकों को और 51.9 प्रतिशत आकस्मिक श्रमिकों को निर्धारित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। युवाओं का वोट बैंक राजनीतिक पार्टियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन फिर भी प्रमुख राजनीतिक दलों के चुनाव पत्रों से रोजगार जैसे मुद्दे गायब दिखाई देते हैं। बेरोजगारी के कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दुष्प्रभाव हैं, जैसे मानसिक तनाव, विवाह की उम्र में देरी होना, पारिवारिक कलह, जीवन से विरक्ति आदि। जरूरत है कि राजनीतिक पार्टियां थोड़ा संवेदनशीलता दिखाकर रोजगार जैसे गंभीर मुद्दों पर सोचें और विचारें।

## सोशल फोरम

# परेशानी की वजह

धर्म-कर्म में रत और पति से विरत स्त्रियां मुझे पसंद नहीं। पति धर्म भी एक धर्म है जिसका पालन जरूरी है, लेकिन शायद भारत में स्त्रियां शारीरिक रूप से पहले मानसिक रूप से बूढ़ी हो जाती हैं। इस पर अगर पुरुष खुद से 10-12 साल छोटी स्त्री से विवाह करना चाहे तो उसे गलत नहीं कह सकते। क्योंकि यहां स्त्रियां जितनी तेजी से जवान होती हैं उससे दुगनी तेजी से बूढ़ी हो जाती हैं और उसके बाद उन्हें एक ही "काम" सूझता है। पूजा पाठ और केवल पूजा पाठ।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे एक मित्र हैं, जो अपनी बेगम के इस व्यवहार से बड़े दुखी हैं। उन्होंने उसे प्यार से समझाया, मनाने की कोशिश की। फिर धर्म में एक बेगम का फर्ज याद दिलाया और इस संबंध में धर्म गुरुओं की तकरीरें भी सुनाईं। मित्र ने फिर एक और प्रयास किया। खोज-खाज कर कुछ आयतें भी सुनाईं। उस धर्म गुरू की तकरीर खास रूप से सुनाई जिसमें वे कहते हैं कि पति के काम से लौटने पर बेगम मुश्क वगैरह लगा, सज-धजकर अपने खाविंद का स्वागत मुस्कुराकर करे, लेकिन इतना सब करने के बावजूद कोई असर नहीं हुआ।

अब मित्र इतने दुखी हैं कि कहते हैं, अगर मेरे पास थोड़ी दौलत होती तो मैं एक निकाह और कर लेता। वैसे भी हमारे लिए चार निकाह तक जायज है और यहां दूसरे निकाह के लिए तो मेरे पास जायज वजह भी है।


मित्र डिप्रेशन से भी पीड़ित हैं। अब वजह क्या है मुझे नहीं पता? एक मनोचिकित्सक के पास जाने पर डॉक्टर ने बेगम को भी साथ लाने के लिए कहा, लेकिन बेगम साथ जाने को तैयार नहीं। उसका एक ही कहना है कि ये तुम मर्दों की दुनिया है। वहां अपना दुखड़ा रो-रो कर तुम मेरी बेज्जती करवाओगे। तुम सब मर्द एक जैसे ही हो।

आप शायद मेरे मित्र की बेबसी पर हंस रहे हैं, लेकिन ये एक बड़ी गंभीर समस्या है और एक बड़ी आबादी इससे पीड़ित है। मानसिक परेशानी और घरेलू झगड़ों की ये एक बड़ी वजह है।

-फेसबुक वॉल से

# हर चुनाव के समय याद किए जाते रहेंगे टीएन शेषन

त्रिची की ओर जाती बस को ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर ने हाथ दिया। बस रुकी। ड्राइवर की सीट के पीछे पहुंचे डायरेक्टर ने खुद बस चलाने के लिए उसे सीट से हटने का इशारा किया। ड्राइवर उन्हें पहचान चुका था। सम्मान व्यक्त किया, लेकिन ड्राइविंग जारी रखी। दो-तीन बार उन्हें अनसुना करने पर वे ड्राइवर पर बिफर पड़े। बस के पैसेंजर दोनों की बात सुन रहे थे। उन्होंने डायरेक्टर से पूछा क्या आपका बस को कहीं भिड़ा देने का इरादा है? जवाब मिला कि मैं प्रशिक्षित ड्राइवर हूं। सबूत में अपना बैज नंबर 2956 भी दिखाया। फिर विलुपुरम्म से पेरांबलुर तक वे ही बस की ड्राइविंग सीट पर थे।



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई।

बात यहीं पूरी नहीं हुई। शासन से इजाजत लेकर बस मैकेनिक की भी ट्रेनिंग ली। फिर बस की धुलाई, ग्रीसिंग, टायर बदलने से लेकर गेयर बॉक्स खोलने तक के काम अंजाम दिए। मद्रास (तामिलनाडु) में ब्रेक डाउन के नाम पर जगह-जगह खड़ी हो जाने वाली बसों और इसके लिए ड्राइवर-मैकेनिकों द्वारा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने के आरोपों की असलियत जानने के लिए एक आईएएस ऑफिसर सीधे ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। ड्राइवर, कंडक्टर और मैकेनिक सभी की भूमिकाएं निभाईं। ये टीएन शेषन थे जिनकी मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर यादगार पारी के लिए हर चुनाव के मौके पर उन्हें जरूर याद किया जाता है। इसके अलावा भी उन्होंने कुछ किया। उनकी आत्मकथा के हवाले से यह रोचक प्रसंगः तामिलनाडु की मौजूदा मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन उन दिनों मद्रास का ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट था। सिटी बसें भी उसके अधीन थीं। मद्रास-बंगलौर, मद्रास-त्रिची और कन्याकुमारी के लिए भी सरकारी बसें उपलब्ध थीं। शेष रूट्स पर प्राइवेट बसें थीं। सरकारी बसों की उम्दा सेवाओं का आलम यह था कि उनकी टाइमिंग से घड़ी मिलाई जा सकती थी। किसी भी हालत में बस में 35 से अधिक पैसेंजर बिठाने की अनुमति नहीं थी। समस्या सिर्फ एक थी कि पीक आवर्स में ब्रेक डाउन हो जाता। ड्राइवर तकनीकी खामियों के नाम पर बस सड़क किनारे खड़ी कर देते। वर्कशॉप से मैकेनिक पहुंचते। वे बस को दुरुस्त और चलने लायक बताते। ड्राइवर पर ड्यूटी से बचने के लिए झूठी कंप्लेंट का आरोप जड़ते। इस खींचातानी में सरकार को नुकसान और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती। डायरेक्टर के तौर पर तैनात मर्ज की असलियत जानना चाहते थे।

शेषन की तैनाती के समय उनके बड़े भाई लक्ष्मी नारायण आईएएस डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी इंचार्ज थे, लेकिन ट्रांसपोर्ट से जुड़ी फाइलें एडिशनल सेक्रेटरी आर.थिरुमलाई के पास जाती थीं। एक दिन थिरुमलाई के पास बस ड्राइविंग सीखने की इजाजत के लिए शेषन का पत्र पहुंचा। वे चौंके। इसकी क्या जरूरत है? फिर शेषन उन्हें राजी करने में कामयाब रहे। बाकायदा ट्रेनिंग हासिल की। सफल होने पर बैज नंबर 2956 मिला। सिर्फ लाइसेंस काफी नहीं था। भीड़ भरी सड़कों पर ड्राइविंग के दौरान ड्राइवर को होने वाली दिक्कतें जानने के लिए वे एक सुबह साढ़े पांच बजे वर्कशॉप पहुंचे। माइलापोर और पैरी कॉर्नर के बीच चलने वाली बस की स्टीयरिंग संभाली और फिर डेढ़ बजे दोपहर तक की शिफ्ट पूरी की। लंबे रूट की बसों की चेकिंग के लिए वे स्टेशन बैगन से निकलते थे।

एक दिन शेषन ने कंधे पर कंडक्टर का बैग टांगा। फुटकर रुपए-रेजगारी ली। सुबह साढ़े पांच बजे से डेढ़ बजे तक की पहली शिफ्ट की। हालांकि उन्होंने यूनिफॉर्म नहीं पहनी थी। कंडक्टर की उनकी भूमिका पर सवाल उठे। सहयोगियों ने कहा कि फिर आईएएस बनने की क्या जरूरत थी? अनेक ने उन्हें पागल भी कहा, लेकिन शेषन पर इन सबका कोई असर नहीं था। वे ड्राइवर, कंडक्टर, वर्कशॉप और सवारियों सभी की वास्तविक कठिनाइयां जान उसका निदान चाहते थे। एक काम उन्हें सीखना और जरूरी लगता था। वह बस के तकनीकी पक्ष से जुड़ा था। शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई। शेषन ने याद किया कुछ समय के भीतर मैंने बस को रैंप पर ले जाना, धुलाई, ग्रीसिंग, टायर्स और बैट्री बदलना, गियर बॉक्स खोलकर उसकी सफाई सहित सभी कुछ सीखा। 1962 में शेषन जब विभाग में पहुंचे थे तो सिटी बसों की वहां तादाद 1400 थी। डेढ़ साल बाद यह तादाद 1800 थी।

## अपरिपक्व उत्तराधिकारी

अपरिपक्व व्यक्ति को उत्तराधिकारी बनाने के बाद उसे उसकी जिम्मेदारियों से हटा दिया गया। उम्र के एक दौर के बाद मायावती ने अपना उत्तराधिकारी अपने परिवार के ही व्यक्ति को बनाया, लेकिन बकौल मायावती वह अपरिपक्व है इसलिए उसे हटा दिया गया। बिना किसी मेहनत के बिना किसी परीक्षा के सिर्फ वह उत्तराधिकारी इसलिए है कि उसकी योग्यता इतनी सी है कि वह परिवार का सदस्य है, इसके कारण कई बड़े लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है।



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

रतन टाटा ने भी अपने उत्तराधिकारी को चुना था। उस चुने हुए व्यक्ति ने अपरिपक्वता दिखाई और टाटा ब्रांड को नुकसान पहुंचाया। टाटा के कई व्यापारों को बेच दिया। बाद में टाटा ने इसे उत्तराधिकार से हटा दिया और इसके बाद टाटा ने अपनी कंपनी को दुबारा से मजबूत किया। शायद किसी शायर ने सही लिखा है -मुझ को थकने नहीं देता ये जरूरत का पहाड़/मेरे बच्चे मुझे बूढ़ा नहीं होने देते, अयोग्य और अपरिपक्व को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद मायावती को अपनी गलती जल्द समझ आ गई। हरिवंश राय बच्चन ने लिखा है-मेरे बेटे, सिर्फ मेरे बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे, बल्कि जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे वो मेरे बेटे होंगे।

## डिजिटल फ्रॉड

फ्रॉड करने वाले दिन-प्रतिदिन धोखा देने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं जिसके प्रति भारतीय रिजर्व बैंक बराबर सतर्क करता रहता है। अभी कुछ दिन पहले मेरे एक रिश्तेदार ने ओलेक्स पर कुछ सामान बेचने के लिए फोटो शेयर किए थे। जवाब में तुरंत किसी ने सामान खरीदने की इच्छा व्यक्त की और क्यूआर कोड स्कैन करने को कहा यह भी फ्रॉड करने का एक नया तरीका है, अगर ऐसा हो जाता तो शायद पूरा खाता ही खाली कर दिया जाता। सजग होने से वे फ्रॉड से बच गए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आज के डिजिटल युग में कॉल करके, मैसेज भेजकर ओटीपी शेयर कराकर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ रही है। भेजे गए मैसेज में किसी भी प्रकार का नंबर या लिंक प्रेस करने से बचने चाहिए। किसी भी स्थिति में किसी अनजान के कहने पर कोई एप डाउनलोड नहीं करना चाहिए। अनजान लोगों के द्वारा बैंक, कोरियर, आरबीआई या पुलिस का नाम लेकर कॉल करने वालों के किसी दबाव या धमकी से कोई जानकारी साझा न करें। ये केवल धोखा है जिससे आप सतर्क रहकर ही बच सकते हैं। किसी सर्विस सेंटर के नंबर के लिए कभी भी गूगल से नंबर नहीं खोजना चाहिए, बल्कि उस कंपनी की वेबसाइट पर जाकर कस्टमर केयर नंबर निकालकर सर्विस संबंधी शिकायत दर्ज कराना चाहिए। हमारी जागरूकता ही हमको इस तरह की धोखाधड़ी से बचा सकती है।

## मस्जिद के लिए चंदे की अवैध वसूली का मामला दर्ज

**लखनऊ, अमृत विचार :** अयोध्या में प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद की फोटो और बैंक अकाउंट की डिटेल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर अवैध रूप से चंदा वसूलने की कोशिश करने के मामले में गौतमपल्ली थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। गौतमपल्ली थाना अंतर्गत माल एवेन्यू निवासी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष अदम तहरीर ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया कि बुधवार को ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने उनके व्हाटसएप नंबर पर एक फोटो भेजी। उसमें ट्रस्ट की तरफ से प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र बना था। इसके अलावा बैंक खाता संख्या- 5556317689, आईएफएससी, सीबीआईएन 0282584, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लिखा है। सचिव ने अदम को बताया कि यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। अदम के मुताबिक, मस्जिद के चित्र का दुरुपयोग कर चंदा एकत्रित करने की मंशा से बैंक अकाउंट खुलवाया गया है। इस बीच बुधवार को इस मामले में एक प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीण कुमार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

# अभिसाक्षी के हस्ताक्षर बिना शपथपत्र जारी करने वाले शपथ आयुक्त को पद से हटाया

## अनुचित हलफनामों से न्याय प्रशासन में गतिरोध उत्पन्न होता है: इलाहाबाद हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शपथपत्रों को अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना निष्पादित करने की परंपरा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि न्यायालय के समक्ष अनुचित और गलत हलफनामे दाखिल करने से न्याय प्रशासन में गतिरोध उत्पन्न होता है और मामलों की कार्यवाही में भी देरी होती है।

कोर्ट ने माना कि यद्यपि कोर्ट के समक्ष उचित हलफनामा दाखिल करने की प्राथमिक जिम्मेदारी वादी और उसके अधिवक्ता की है, लेकिन शपथ आयुक्त को हलफनामे को उचित ढंग से जारी करने का कर्तव्य दिया जाता है तो उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह शपथ पत्रों की जांच ठीक से करें। अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना शपथपत्रों के निष्पादन को गंभीरता से लेते हुए न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने कहा कि वर्तमान मामला इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि शपथ आयुक्त शपथपत्र के निष्पादन कार्य को किस प्रकार कर रहे हैं। यह सक्षम प्राधिकारी का कर्तव्य है कि वह शपथ आयुक्तों के मानक के उच्चतम स्तर को बनाए रखें और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही देखकर शपथ आयुक्त को तत्काल पदमुक्त कर दें। वर्तमान मामले में शपथ आयुक्त कमलेश सिंह द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए कोर्ट ने कहा कि उन्हें पता था कि शपथकर्ता ने हलफनामे पर हस्ताक्षर नहीं किया, फिर भी उन्होंने इसे जारी कर दिया। शपथ आयुक्त ने अधिवक्ता के लिपिक पर विश्वास कर शपथपत्र को अभिसाक्षी के हस्ताक्षर बिना जारी कर दिया, इसलिए इस कृत्य को कोर्ट के साथ धोखाधड़ी माना जाएगा। कोर्ट ने शपथ आयुक्त को पद से हटाने के निर्देश के साथ दाखिल पूरक हलफनामे पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

### समाज के बेईमान और गलत इरादे वाले सदस्यों के प्रति मूकदर्शक नहीं हैं अदालतें

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्याय का मंदिर समझे जाने वाले न्यायालय को विरोधी को सबक सिखाने और बदला लेने का स्थान समझने वालों की सोच पर चिंता जताते हुए कहा कि असली और फर्जी मुकदमों की पूर्व पहचान करने और अंतर करने की कोई व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। किसी भी मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद यह भेद स्पष्ट होता है। अधिकांश मुकदमे केवल बदला लेने की मंशा से दाखिल किए जाते हैं और बाद में समझौता होने के आधार पर उन्हें खारिज करने की प्रार्थना की जाती है। कानूनी सेवा समिति उन वादियों के लाभ के लिए काम करती है जिनके लिए अदालती प्रक्रियाओं का खर्च उठाना मुश्किल है। यह समिति स्वयं समाज को एक महत्वपूर्ण और आवश्यक सेवा प्रदान करती है। ऐसे में कानूनी सेवा समिति को लागत की राशि का भुगतान करने का निर्देश देना उचित है। इससे समाज के सदस्यों को आत्मनिरीक्षण करने और अपने कृत्यों पर विचार करने के लिए एक अनुस्मारक तथा चेतावनी मिलती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति विवेक वर्मा की एकल पीठ ने हरिहर सिंह और अन्य द्वारा सीआरपीसी की धारा 482 के तहत दाखिल आवेदन को अनुमति देने के साथ 6 सप्ताह के अंदर हाईकोर्ट कानूनी सेवा समिति, इलाहाबाद के समक्ष 5 हजार रुपए लागत का भुगतान करने का निर्देश देते हुए पारित किया। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी लागत लगाने से समाज के उन पक्षकारों को यह संदेश जाता है कि अदालतें बेईमान और धोखेबाज वादकारियों के प्रति मूकदर्शक नहीं बनी रह सकती हैं। जो न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करेगा, अंतत: उसे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। वर्तमान याचिका आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत थाना कोतवाली, इटावा के अंतर्गत मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, इटावा के न्यायालय में समझौते के आधार पर लंबित आरोप पत्र को रद्द करने की मांग लेकर दाखिल की गई थी।

## घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना हास्यास्पद: योगी

**गोरखपुर, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता। बुधवार को अकबरपुर, फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा भाजपा पर नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाए जाने के सवाल पर सीएम योगी ने तल्ख अंदाज में कहा कि सफेद झूठ बोलने की बजाय कम से कम सोनिया गांधी को तो सच बोलने की आदत डालनी चाहिए। चुनाव के दौरान अब वे लोग देश की जनता की आंखों में धूल झोंककर सत्ता नहीं हथिया पाएंगे क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन के रहा है।

# देश में धर्म की राजनीति कर रही है भाजपा : प्रियंका

शिवगढ़, रायबरेली



नुक्कड़ सभा को संबोधित करती प्रियंका गांधी।

- राहुल गांधी को जिताने के लिए प्रियंका गांधी ने की नुक्कड़ सभाएं

**अमृत विचार :** रायबरेली से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में प्रियंका गांधी ने क्षेत्र के लाही बॉर्डर, भवानीगढ़ चौराहा व गूढ़ा में नुक्कड़सभा की।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रायबरेली से मेरा पारिवारिक नाता है। यहां से मेरी दादी व मेरी मां सांसद रह चुकी हैं। देश में केवल इस समय एक ही नेता है जो सही बात बोलता है वह मेरा भाई राहुल गांधी है। सही बात बोलने के कारण राहुल गांधी को कई बार कई मुकदमें में झेलना पड़ा, यहां तक उनकी संसद की सदस्यता को भी रद्द करवा दिया गया, किन्तु मेरा भाई डरा नहीं हमेशा आप लोगों के हक की लड़ाई लड़ता आया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार कंपनियों का निजीकरण कर रही है। उद्योगपतियों को फायदा पहुंचा रही है। धर्म के नाम पर लोगों को बांट रही है। धर्म की राजनीति कर रही है। इनसे बच के रहना है। उन्होंने कहा कि मैं कुछ गारंटी लेकर आई हूं जो मैं पूरा करूंगी। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में महिलाओं को 50 प्रतिशत की भागीदारी मिलेगी, आंगनवाड़ी रसोईया आशा बहू का मानदेय डबल कर दिया जाएगा। खेती में प्रयोग किए जाने वाले सभी उत्पादों को जीएसटी मुक्त कर दिया जाएगा। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के उम्मीदवार देश भर में जा रहे हैं और कह रहे हैं कि इन्हें 400 सीटे मिल गई तो अगले 5 साल में संविधान को बदल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संविधान वह चीज है जिसके लिए आजादी की लड़ाई लड़ी गई।

प्रधानमंत्री पर सवाल करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा की यूपी में किसान एक लाख कर्ज के लिए आत्महत्या कर रहा है और वहीं मोदी के खरबपति मित्रों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया गया।

# ईवीएम का बटन ऐसे दबाना कि इटली में लगे जोर का झटका : अमित शाह

संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा

**अमृत विचार :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कन्नौज में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के पक्ष में आयोजित जनसभा में इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले राजनीतिक दलों को लेकर शाह ने कहा कि उनको परिवार के अलावा कुछ नहीं दिखता। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि ईवीएम का इतनी जोर से बटन दबाना कि झटका इटली में लगे। कहा कि अमेठी से हारे तो वायनाड गए और अब रायबरेली।

राहुल अब रायबरेली से भी हारने वाले हैं, हारने के बाद इटली जाएं तो कांग्रेस का भला हो जाए। यह भी कहा कि राहुल हिंदुस्तान में बैठकर पाकिस्तान का काम करते हैं। यदि एक भी सीट यहां से इंडी गठबंधन जीती तो पटाखे पाकिस्तान में जलेंगे। भाषण के दौरान उन्होंने राम मंदिर मोदी सरकार में बनाए जाने तथा कांग्रेस, सपा व बसपा द्वारा अटकाए जाने की बात कहकर भीड़ से समर्थन भी लिया। तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कन्नौज से चौथी बार पार्टी से चुनाव लड़ रहे सांसद सुब्रत पाठक के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की।

### गठबंधन आया तो राम मंदिर पर बाबरी ताला लग जाएगा



**लखीमपुर खीरी।** गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कांग्रेस और सपा पर तंज कसते हुए उन्हें हिंदू विरोधी बताया। कहा कि इनके पास न नेता है, न कोई नीति है और न ही नीयत है। आप यदि भटके और लोकसभा चुनाव के बाद अगर धोखे से भी इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो ये लोग राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। गृह मंत्री ने बुधवार को खीरी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब तक हुए तीन चरणों के मतदान में विरोधी दलों का सूपड़ा साफ हो चुका है और भारतीय जनता पार्टी 190 सीट लेकर सबसे आगे चल रही है। शाह ने कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकार बनी है, वहां पिछड़ा वर्ग के पांच फीसदी आरक्षण को काटकर मुस्लिम समाज को दे दिया गया है। उन राज्यों में अगर भाजपा सत्ता में आई तो मुसलमानों से आरक्षण को छीनकर दोबारा पिछड़ा वर्ग समाज को दिया जाएगा। शाह ने कहा कि जब श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी तो अखिलेश, उनकी पत्नी डिंपल, राहुल गांधी, उनकी बहन प्रियंका समेत सभी नेताओं को आमंत्रित किया गया था, लेकिन यह अपने मुस्लिम वोट बैंक के कारण नहीं गए, क्योंकि इनका वोट बैंक फिसल जाता।

## राम मंदिर पर सत्तापक्ष-विपक्ष में चुनावी बयानबाजियों का संघर्ष

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी, शाह ने राहुल-अखिलेश यादव को हिंदू और राम मंदिर का विरोधी ठहराया
- अखिलेश बोले-हम भी राम समर्थक वहीं प्रियंका ने कहा राहुल के खिलाफ भाजपा का दुष्प्रचार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव का चौथा चरण करीब है और इस बीच उत्तर प्रदेश में राम मंदिर को लेकर राजनीतिक बयानबाजियां तीखीं होती जा रहीं हैं। प्रदेश में चुनावी जनसभाएं करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को सीधेतौर पर हिंदू व राम मंदिर का विरोधी ठहरा दिया।

वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने अपने-अपने बयानों में इस आरोप को बेबुनियाद ठहराया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी निरंतर कांग्रेस और सपा को राम मंदिर का विरोधी बताते आ रहे हैं। बुधवार को भी उन्होंने इसी कड़ी में आगे कहा, यह सनातन सत्य है कि रामद्रोहियों का पतन हमेशा हुआ है। दरअसल, यह मुद्दा मंगलवार को उस वक्त और गरमा गया जब सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव ने अयोध्या के राम मंदिर निर्माण को वास्तु की नजर से सही न ठहराते हुए इसे बेकार करार दे दिया। हालांकि बुधवार को मीडिया से इस संबध में उठे एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि हम भगवान राम के विरोधी नहीं हैं। हम सब भगवान को मानते हैं। वहीं प्रियंका गांधी ने रायबरेली में पार्टी नेता राहुल गांधी के बचाव में कहा कि भाजपा की ओर से ऐसी प्रतिक्रियाएं राहुल की छवि खराब करने को लेकर है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से कहा कि, भाजपा धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद के बारे में बात करती है लेकिन वास्तविक मुद्दों के बारे में बात नहीं करती।

# इंटरसिटी के पहिए के पास लगी आग

संवाददाता, रामनगर (बाराबंकी)

**अमृत विचार :** गोरखपुर से लखनऊ जा रही इन्टरसिटी एक्सप्रेस में ब्रेक बैंडिंग के चलते नीचे पहिया के पास आग लग गई। आनन-फानन में ट्रेन को चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर रोकना पड़ा। करीब एक घंटे तक चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रही। लोको पायलट और गार्ड के द्वारा आग बुझाकर फिर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया। इस संबंध में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक बुधवार को गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एल्गिन ब्रिज के निकट पहुंची तो गाड़ी में नीचे से धुआं उठने की जानकारी हुई। आनन-फानन में उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया। इसके बाद नीचे पहिया के पास लगी हुई आग को अग्निशमन यंत्र से बुझाकर गाड़ी रवाना की गई। इस दौरान 10 बजे रोकी गई ट्रेन करीब एक घण्टे बाद रवाना की गई।



ट्रेन के पहिए की आग को बुझाते कर्मी।

## लोस चुनाव: सातवें चरण में 14 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में सातवें चरण के चुनाव में बुधवार को 14 लोकसभा प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस चरण में 14 मई नामांकन की अंतिम तारीख है। एक जून को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि महराजगंज में एक, गोरखपुर में दो, कुशीनगर में एक, देवरिया में दो, घोसी में दो, सलेमपुर में एक, गाजीपुर में एक, चंदौली में एक, वाराणसी में दो व मिर्जापुर में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। महराजगंज सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशी छेदी मजदूर ने नामांकन किया। गोरखपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अल-हिन्द पार्टी से श्रीराम प्रसाद व निर्दलीय प्रत्याशी में राधेश्याम सेहरा ने नामांकन किया। घोसी क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से बाल कृष्ण व जनराज्य पार्टी से राम नरेश यादव ने नामांकन किया। गाजीपुर सीट के लिए भारतीय लोकवाणी पार्टी से धनन्जय कुमार तिवारी ने नामांकन किया। चंदौली क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से सत्येन्द्र ने नामांकन किया।वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना दल (कमेरावादी) से गगन प्रकाश व राष्ट्रीय समाजवादी जनक्रान्ति पार्टी से पारस नाथ केसरी ने नामांकन किया।

# भाजपा सरकार में अग्निवीर चार साल और नेतावीर 80 साल : राकेश टिकैत

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



लोगों को संबोधित करते राकेश टिकैत।

**अमृत विचार :** जिले के जुझारू किसान नेता रहे मुकेश सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत बुधवार को बंधौली गांव स्थित उनकी समाधि स्थल पर पहुंचे।

श्रद्धांजलि देने के बाद राकेश टिकैत ने पत्रकारों से बातचीत में केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज किसानों की आय तो दोगुनी नहीं हुई, लेकिन महंगाई जरूर दोगुनी हो गई है। उन्होंने अग्निवीर योजना की आलोचना करते हुए कहा कि आज अग्निवीर चार साल और नेतावीर के लिए 80 साल की योजना है। उन्होंने कहा कि पहले युवा सेना में कम से कम 15 साल तक सेवा दे सकते थे और रिटायरमेंट के बाद पेंशन भी मिलती थी, लेकिन नई योजना के तहत जब वो रिटायर होंगे तो उन्हें बिना पेंशन के ही घर लौटना होगा।

उन्होंने कहा कि विधायक और सांसद 80 साल की उम्र तक चुनाव लड़ सकते हैं और उसके बाद उन्हें पेंशन भी मिलती है। लेकिन अग्निवीर योजना में चार साल की सेवा के बाद पेंशन नहीं मिलेगी। वहीं कांग्रेस के घोषणा पत्र में किसानों के कर्ज माफ करने के वादे को लेकर राकेश टिकैत ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों ने किसानों के मुद्दे को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है।

## वर्ग पहेली-64

**बाएं से दाएं**

2.1.जो भारी न हो, हलका 2.जिसने गुरु से उपदेश या शिक्षा न पाई हो 3.(छंदशास्त्र) मात्रा या वर्ण जो लघु हो।

4.1.भेद-प्रभेद 2.पार्थक्य, अलगाव, फूट 3.अंतर, प्रकार 4.खंड, विभाग 5.एक से विकसित होकर अनेक रूप बनना 6.विशेष रूप से किया गया भेद या अलगाव, (डिस्क्रिमिनेशन)।

6.1.अविचल होने की अवस्था या भाव 2.दृढ़ता, अटलता, अडिगपन 2.स्थिरचित्तता, निश्चिंतता 3.स्थिरता।

8.1.हाथ से बजाई जाने वाली ताली, थपोड़ी 2.कर-ताल।

**ऊपर से नीचे**

1.1.प्रकट या प्रत्यक्ष होने की क्रिया अवस्था या भाव 2.आविर्भाव, अवतार 3.ज़ाहिर होना 4.उत्पत्ति, पैदाइश।


2.1.अभेद या एकता स्थापित करने वाला 2.समान भाव से रहने वाला।

3.दे.गुदा।

5.1.याद आना,याद करना, हाल-चाल जानना 2.स्मरण होना।

6.1.एक प्रकार का धारीदार चिकना कागज़ 2.एक प्रकार का पीला पत्थर 3.एक प्रकार की लाख की रंगाई।

7.1.धातु से तैयार की गई पतली डोरी, तंतु 2.समाचार को तीव्र गति से प्रेषित करने का माध्यम, (टेलिग्राफ़) 3.तार द्वारा भेजी गई सूचना, (टेलिग्राम) 4.सूत, तागा।(मु.)-तार कर देना: टुकड़े-टुकड़े कर देना, छिन्न-भिन्न कर देना।



### वर्ग पहेली -63 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | ■ | ■ | 2 प | ■ | ■ | ■ |
| टी | ■ | 3 प | र | लो | क | ■ |
| न | ■ | 4 से | व | ■ | ■ | 5 सा |
| ■ | 6 ओ | व | र | हॉ | लिं | ग |
| 7 धु | री | ■ | दि | ■ | ■ | वा |
| ■ | ■ | ■ | गा | ■ | ■ | न |
| 8 बा | र | ब | र | दा | र | ■ |

## सुडोकू-143

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 2 | | | | |
| 2 | | | 5 | 6 | | | | |
| | 8 | | 9 | | 7 | | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| | | 4 | | 9 | 3 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |

### सुडोकू -142 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 06.21 तक तत्पश्चात द्वितीया 10 मई 04.17 तक तत्पश्चात तृतीया।

**मेष:** आज आपकी वाणी से लोग आकर्षित रहेंगे। विरोधी भी आपके साथ अच्छा व्यवहार रखेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। निजी रिश्तों में शंका को लाने से बचें। जोखिम भरे निवेश के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष:** आज आपके द्वारा किए गए कार्यों और योगदान की लोग प्रशंसा करेंगे। आप जीवनसाथी के साथ खुशियों के पलों का आनंद लेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और आभूषणों के आप शौकीन रहेंगे।

**मिथुन:** आज व्यापार में आप कुछ त्वरित निर्णय ले सकते हैं। नए कार्यों में आपको नुकसान होगा। भोग में आप धन खर्च करेंगे। आपके शत्रु इस समय सक्रिय हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क:** आज व्यापार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। प्रेमी जोड़े काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। आपके घर में मित्रों का आगमन हो सकता है। दांपत्य संबंधों में सुख का अनुभव करेंगे।

**सिंह:** आज महिलाएं अपनी गृहस्थी के कार्यों में लगी रहेंगी। संतान की सफलता से हर्षित होंगे। जल्दबाजी के किए गए कार्यों में गड़बड़ियां हो सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। परिवार और कारोबार में आपको संतुलन बनाकर रखना होगा।

**कन्या:** आज मन में किसी गंभीर विषय को जानने की लालसा रहेगी। लोग स्वार्थ वर्ष आपकी चापलूसी करने में लगे रहेंगे। व्यवसाय को लेकर यात्रा हो सकती है। रुके हुए कार्यों में तरक्की होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**तुला:** आज अचानक बड़े खर्चे सामने आ सकते हैं। महत्वपूर्ण पेपरवर्क्स को बेहद सावधानी पूर्वक करें। आपकी छोटी सी लापरवाही के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर थोड़े असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज विद्यार्थियों को शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। व्यापार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।


**धनु:** आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित रहेंगे। विदेश से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। नए काम की प्लानिंग कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की आप मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**मकर:** आज आपको पुराने अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। प्रेमीजन से अपने दिल की बात कह सकते हैं। किसी पर्यटन यात्रा के लिए जा सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कारोबार में अच्छी ब्रान्डिंग करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ:** आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। आप दूसरों की मदद करने के लिए धन खर्च कर सकते हैं। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं। आप जिस काम के लिए पूरी तरह निश्चित न हों तो तब तक उससे दूरी बनाकर रखें।

**मीन:** आज आप अपनी योग्यता के प्रदर्शन से आलोचकों को चौंका सकते हैं जिसके कारण आप उतनी ही शीघ्रता से काम पूरा भी कर लेंगे। आप अपने गृहकार्यों को काफी महत्व देंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। अपने मन की बातें दूसरों से तुरंत शेयर न करें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-कृत्तिका 11.55 तक तत्पश्चात रोहिणी।

## आज की फिल्में

B4U Movies: सिक्का सुबह :10.06; तकदीर का तमाशा रात : 07.00

&pictures: सैंडविच सुबह : 10.43; होटल मुंबई रात : 08.00

Sony Pix: स्टुअर्ट लिटिल सुबह : 10.21; 300 रात : 09.12

Zee Cinema: डोर सुबह : 11.30; प्रेम कहानी रात : 07.20

Colors Cineplex: यू मी और हम सुबह : 11.01; चलते चलते रात : 09.17

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोनों मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 73,466.39 | 22,302.50 |
| नुकसान | 45.46 | 00.00 |
| प्रतिशत में | 0.06 | 0.00 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1820, राज श्री 1310, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1560, जय जवान 1405, सचिन 1525, सूरज 1430, अवसर 1620, राग गोल्ड 1600, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1550, चक्र टिन 1635, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1790, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 32000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7275–7700, मलका छांटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11300, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7550, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14500, अरहर कोरा मोटा 14800, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16700, **चीनी**–डालमियां 4200, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

### सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट जारी करके कही बात...

# एआई से सेवा पेशेवरों की होती समय की बचत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच सेवा क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों का कहना है कि इससे समय की बचत के साथ ही दक्षता और ग्राहक संतुष्टि में भी सुधार हो रहा है। सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट में यह बात कही है। इस रिपोर्ट में 30 देशों में 5,500 सेवा पेशेवरों के बारे में सर्वे के परिणाम दिए गए हैं, जिनमें भारत के 300 पेशेवार शामिल हैं।

इस रिपोर्ट में ग्राहक सेवा का निर्धारण करने वाली प्राथमिकताओं, चुनौतियों और रणनीतियों को शामिल किया गया है, जिनमें यह भी शामिल है कि सर्विस टीमें ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच अपना



राजस्व, एफिशियंसी और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लिए किस प्रकार एआई और डेटा का उपयोग कर रही हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन एफिशियंसी बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। क्वालिटी से समझौता किए बिना सेवा में सुधार के लिए संगठन एआई के उपयोग की तरफ ज्यादा झुक रहे हैं। इसमें कहा गया है कि भारत में 73 प्रतिशत सेवा संगठन एआई का उपयोग या आकलन कर रहे हैं। देश में 93 प्रतिशत सेवा संगठन इस साल एआई में निवेश बढ़ाना चाहते हैं। भारत में सेवा के लिए एआई के उपयोग के सर्वोच्च 3 मामले हैं, ऑटोमेटेड सारांश और रिपोर्ट, बेहतर ऑफर एवं परामर्श, ज्ञानपूर्ण लेख की रचना। इसमें कहा गया है कि भारत में एआई का उपयोग करने वाले 94 प्रतिशत सेवा पेशेवरों ने कहा कि इससे उनका समय बचता है। सेवा संगठनों ने राजस्व निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। सेवा को लागत केंद्र के रूप में राजस्व निर्माता के रूप में देखने का चलन बढ़ रहा है, और सेवा टीमें विस्तार के लिए निवेश कर रही हैं। देश में 79 प्रतिशत संगठनों को उम्मीद है कि इस साल उनके राजस्व में सेवा का योगदान ज्यादा रहेगा। भारत में 85 प्रतिशत सेवा संगठनों को इस साल ज्यादा बजट की उम्मीद है।

### ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रहीं हैं : अरुण

सेल्सफोर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक (सेल्स) अरुण कुमार परमेश्वरन ने कहा–ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। एआई के फायदे साफ दिख रहे हैं, जिनमें ज्यादा उत्पादकता, कीमतों में कमी, और बेहतर ग्राहक अनुभव शामिल हैं। संगठन डेटा क्षमताओं और ऑटोमेशन की परिपक्वता बढ़ाकर गुणवत्ता और स्पीड के साथ सेवा प्रदान करने में बेहतर संतुलन बनाने में समर्थ हो रहे हैं। एआई और डेटा से अगले स्तर का ग्राहक अनुभव मिल रहा है, और एआई विभिन्न उपयोगों में कारगर साबित हो रहा है, तथा राजस्व निर्माण के अवसर उत्पन्न करके ग्राहकों को अतुलनीय मूल्य प्रदान कर रहा है।

## रेलवे ने प्रतिदिन 7.41 किमी की दर से बिछाई पटरियां

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने पिछले 10 साल में औसतन 7.41 किलोमीटर प्रतिदिन की दर से पटरियां बिछाईं हैं जिनमें नई लाइन के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा लाइन का दोहरीकरण, तिहरीकरण और आमान परिवर्तन शामिल है। रेलवे ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराए गए आकंड़ों के मुताबिक, उसने 2014-15 से 2023-24 तक 10 वर्षों में कुल 27057.7 किलोमीटर रेल की पटरियां बिछाई हैं। आवेदन दायर करने वाले मध्य प्रदेश निवासी चंद्रशेखर गौड़ ने कहा कि जब मैंने आंकड़ों की गणना की, तो पता चला कि 10 वर्षों में प्रतिदिन औसतन करीब 7.41 किलोमीटर की दर से पटरियां बिछाने का काम किया गया।

## मोदी शासन में पीएसयू परेशान नहीं बल्कि फल-फूल रहे : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस पार्टी के आरोपों पर वित्त मंत्री ने दिया जवाब

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पहले उपेक्षित रहे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जैसे उपक्रमों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के दौरान ''पुनरुत्थान'' हुआ।

कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेता राहुल गांधी के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के परेशानी झेलने के आरोपों का खंडन करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'' जैसा है। मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) फल-फूल रहे



हैं, तथा उन्हें बढ़ी हुई परिचालन स्वतंत्रता के साथ-साथ उनमें पेशेवर संस्कृति का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जो पहले संप्रग सरकार के दौरान उपेक्षित थे, मोदी सरकार के दौरान फिर से खड़े हुए। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस और खासकर राहुल गलत आरोप लगा रहे हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 83,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600–54,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,450 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,300 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,000 |
| चांदी पक्की | 815 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,450 |
| चांदी आभूषण | 82,100। |

## अकासा एयरलाइन में ले जा सकेंगे 10 किलो तक के पालतू जानवर

**नई दिल्ली।** अकासा एयर ने अब घरेलू उड़ानों के केबिन में 10 किलोग्राम तक वजन वाले पालतू जानवरों को भी ले जाने की अनुमति यात्रियों को दे दी है। एयरलाइन ने बुधवार को उड़ान में ले जाने लायक पालतू जानवरों के वजन को बढ़ाने की घोषणा की। उसने यह कदम ग्राहकों की प्रतिक्रिया को ध्यान में रखते हुए उठाया है। अकासा एयर ने नवंबर, 2022 में यात्रियों को केबिन या कार्गो में बिल्लियों और कुत्तों के साथ घरेलू उड़ानों में उनके वजन के आधार पर यात्रा करने की अनुमति दी थी। इससे पहले सात किलोग्राम वजन की सीमा तय की गई थी।

# 10 जिलों में बिकी 26,828 एमटी अधिक यूरिया, जांच के निर्देश

**विशेष** | **लापरवाही**

- कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर बदायूं में बिक्री संदिग्ध
- जायद में पिछले वर्ष 35 दिन में 97,811 एमटी और इस वर्ष 1.24 लाख एमटी बिक्री

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार :** प्रदेश के 10 जिलों में जायद फसल के दौरान 1 अप्रैल से 5 मई तक अनुमान से अधिक यूरिया बिक गई। कृषि निदेशालय ने इसे संदिग्ध मानकर संबंधित जिला कृषि अधिकारी को अधिक यूरिया बेचने वाले फुटकर विक्रेताओं की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कृषि विज्ञानियों की मानें तो जायद फसल मार्च से मई तक होती है। इसमें मक्का, उड़द, मूंग व ज्यादातर सब्जियां बोई जाती हैं। मक्का को छोड़कर बाकी जायद फसलों में यूरिया का इस्तेमाल कम होता है। जायद मक्का भी कन्नौज, फर्रुखाबाद समेत आलू बेल्ट में ज्यादा होती है। जहां, आलू की फसल के बाद मक्का करने पर यूरिया कम मात्रा में लगती है।



इसके बावजूद विभागीय आंकड़ों के अनुसार बिजनौर, कन्नौज, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुजफ्फरनगर व मेरठ में 1 अप्रैल से 5 मई तक 1,24,639 मीट्रिक टन यूरिया बिकी। पिछले वर्ष इन 35 दिन के अंतराल में इन जिलों में 97,811 मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री हुई थी। इस वर्ष 26,828 मीट्रिक टन अधिक यूरिया बिकी। हालांकि विभाग इसका कारण खेती का क्षेत्रफल बढ़ना बता रहा है। लेकिन, हकीकत जांच में पता चलेगी।

**खरीफ के लिए यूरिया डंप करने की आशंका:** जायद में यूरिया की खपत और बिक्री कम होती है। कालाबाजारी करने वाले इस सीजन का फायदा उठाकर खरीफ व रबी फसल के लिए यूरिया डंप कर लेते हैं। खेतों में इस्तेमाल होने वाली यूरिया नीमकोटेड होती है और अनुदान काटकर सस्ती पड़ती है। इसका इस्तेमाल फैक्ट्रियों में प्लाई बोर्ड, पेंट, पशु आहार आदि बनाने में भी किया जाता है। जबकि फैक्ट्रियों में कॉमर्शियल टेक्निकल ग्रेड यूरिया मान्य है। जो काफी महंगी मिलती है और नीमकोटेड खरीदने पर दो हजार रुपये तक बचते हैं। इस तरह के मामले पूर्व में पकड़े भी गए हैं।

इस मामले को लेकर संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि यह नियमित समीक्षा है जो हर माह करते हैं। अधिक यूरिया की बिक्री होना जिलों में खेती का क्षेत्रफल बढ़ना है। फिर भी जांच के निर्देश दिए हैं कि कहीं अंसतुलित मात्रा में यूरिया का प्रयोग तो नहीं हुआ है।



# शहजादे ने अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया: मोदी

### हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की जताई आशंका

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे ने उनसे कितना माल उठाया है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें गाली देना बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेंपो भर-भर के आपने पाया है और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके इंडी गठबंधन के घटक दलों का तीसरा फ्यूज उड़ गया है।

उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भाजपा और राजग जीत की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा-आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरू करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला सामने आया तब से एक नई माला जपना शुरू किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहले तो पांच साल से एक ही माला जपते चले आ रहे थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

### अडाणी, अंबानी ने टेंपो में पैसा भेजा तो ईडी और सीबीआई से जांच कराएं : राहुल



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनौती दी कि वह इस बात की जांच सीबीआई या ईडी से कराएं कि क्या उद्योगपति अडाणी और अंबानी ने उनकी पार्टी को काला धन भेजा है। साथ ही उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि क्या मोदी उद्योगपतियों द्वारा टेंपो से पैसा भेजने को लेकर अपना व्यक्तिगत अनुभव साझा कर रहे हैं। गांधी ने वीडियो में कहा–मोदी जी, क्या आप थोड़ा डरे हुए हैं? आम तौर पर आप बंद कमरे में अडाणी और अंबानी के बारे में बात करते हैं, लेकिन पहली बार आपने सार्वजनिक रूप से अडाणी और अंबानी के बारे में बात की है। कांग्रेस नेता ने कहा–एक काम करिए सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो), ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को उनके पास भेजिये और पूरी जांच करिए।



नादिया (पश्चिम बंगाल) जिले के शांतिपुर में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के जश्न के दौरान छात्राओं ने मनमोहक नाटिका का प्रदर्शन कर दर्शकों का मोह लिया मन। ● एजेंसी

## एक नजर

### कोचिंग क्लास संचालक से 1.88 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 48 वर्षीय कोचिंग क्लास संचालक के साथ शेयर ट्रेडिंग की आड़ में 1.88 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य बनाकर यह धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे मार्च में व्हाट्सएप ग्रुप 'स्टॉक वैनगार्ड (एफ)' में जोड़ा था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में 170 सदस्य थे और शेयर बाजार से संबंधित जानकारियां ग्रुप में डाली जाती थीं।

### देह व्यापार का भंडाफोड़ 10 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस और सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को एक होटल की आड़ में चल रहे देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ कर विदेशी महिलाओं सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया सेक्टर–57 क्षेत्र में होटल की आड़ में रेट फिक्स करके देशी और विदेशी महिलाओं से देह व्यापार कराने की पुष्टि करने के लिए अपने बोगस ग्राहक होटल में भेजे गए। पुलिस टीम द्वारा भेजे गए बोगस ग्रहाक ने होटल में जाकर रेट फिक्स किया और देह–व्यापार धंधे का भंडाफोड़ किया।

## 20 लाख मरीजों का डेटा चोरी क्रिप्टोकरेंसी में मांगी फिरौती

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

**आरसीसी साइबर हमला**

भारत में साइबर हमलों की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के तहत यहां क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी) के 20 लाख रोगियों के विवरण से छेड़छाड़ की गई, जिससे 14 में से 11 सर्वर प्रभावित हुए और विकिरण विभाग सहित कई प्रभागों में व्यवधान उत्पन्न हुआ।

सूत्रों ने बताया कि हमले ने 20 लाख से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां जुरायी गयी और क्रिप्टोकरेंसी में फिरौती की मांग की। कथित तौर पर कोरियाई-आधारित साइबर अपराधियों ने आरसीसी के डेटा स्रोत में सफलतापूर्वक घुसपैठ की और 80 लाख से अधिक मरीजों की संवेदनशील जानकारियां निकालीं और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फिरौतीफिरौती की मांग की। सूत्रों ने कहा-तिरुवनंतपुरम में आरसीसी के विकिरण विभाग पर साइबर हमला 30 अप्रैल, 2024 को हुआ था। यह एक राज्य के स्वामित्व वाला प्रीमियम कैंसर देखभाल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र है, जो पूरे भारत के रोगियों की सेवा करता है। हमले ने विकिरण उपचार के लिए उपयोग किए जाने वाले सॉफ़्टवेयर को लक्षित किया। मरीजों को विकिरण



देने वाला सॉफ्टवेयर हैक कर लिया गया था। हमले के लिए जिम्मेदार समूह को डाइक्सिन टीम के नाम से जाना जाता है।

सूत्रों के अनुसार 20 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी संग्रहीत करने वाले दो प्रमुख सर्वरों हैक किया गया था। लाखों मरीजों के सर्जिकल, रेडिएशन और पैथोलॉजी परिणाम वाले सर्वर पर हमला किया गया था। हमले ने मरीजों के इलाज और अनुवर्ती जांच को नुकसान पहुंचाया। मरीजों को गलत विकिरण खुराक मिल सकती थी, जिससे जीवन के लिए खतरा पैदा हो सकता था। हैकर्स ने जिम्मेदारी ली और विदेश से एक ईमेल भेजा। उन्होंने अरबों रुपये की क्रिप्टोकरेंसी की मांग की। हमले के बाद से विकिरण उपचार रोक दिया गया है और आने वाले दिनों में फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

## नफे सिंह राठी हत्याकांड की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- हरियाणा सरकार की सिफारिश पर दर्ज किया गया मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के समीप बहादुरगढ़ में फरवरी में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गई इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी एवं एक पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की जांच अपने हाथों में ले ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस हमले में राठी के तीन निजी सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए थे। हमलावरों ने पूर्व विधायक राठी की गाड़ी पर गोलीबारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने इस संबंध में फिर से यह मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल की एक अधिसूचना के मार्फत केंद्र द्वारा यह मामला सीबीआई के पास भेजी गयी थी। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले में पूर्व भाजपा विधायक नरेश कौशिक समेत सात आरोपियों को नामजद किया है। अन्य छह आरोपी करमबीर राठी, रमेश राठी, सतीश राठी, गौरव राठी, राहुल एवं कमल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में आपराधिक साजिश, हत्या तथा भादसं की अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## न्यायालय ने जद(एस) विधायक रेवन्ना को 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**बेंगलुरु।** अपहरण के आरोपों का सामना कर रहे कर्नाटक के जद (एस) विधायक और पूर्व मंत्री एच.डी. रेवन्ना को बुधवार को यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत ने 14 मई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही, सत्र अदालत के समक्ष उनकी जमानत याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई तय की गई है। चार दिनों की पुलिस हिरासत पूरी होने के बाद, जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के बेटे 66 वर्षीय रेवन्ना को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 मई तक सात दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर ने मामले की सीबीआई जांच की पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी की मांग को खारिज कर दिया है।

## सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। हार्वर्ड लॉ स्कूल से स्नातक सिब्बल 1989-90 के दौरान भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल थे। उन्हें 1983 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने 1995 और 2002 के बीच तीन बार एससीबीए के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। एससीबीए के मानद सचिव रोहित पांडे ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ताओं के इस निकाय के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

## अल्पमत में हरियाणा सरकार, बहुमत साबित करें सैनी : दुष्यंत

**हिसार, एजेंसी**

- जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा
- तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापसी से उपजा संकट

हरियाणा के पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने से प्रदेश की भाजपा सरकार अल्पमत में हैं और मुख्यमंत्री नायब सैनी विधानसभा में बहुमत साबित करें या मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें। चौटाला बुधवार को हिसार में अर्बन एस्टेट स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

जजपा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को 'कमजोर शासक' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का बहुमत साबित करने के लिए जजपा राज्यपाल को पत्र लिखेगी। जजपा सरकार गिराने के पक्ष में है और समूचे विपक्ष का साथ देने को तैयार है। जजपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार को समर्थन देने वालों में से पांच विधायक कम हुए हैं। तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से कल ही समर्थन वापस ले लिया है और सत्ता पक्ष के मनोहर लाल खट्टर और रणजीत सिंह के रूप में दो विधायक पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं।



### भाजपा सरकार को नहीं है कोई खतरा : सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तीन निर्दलीय विधायकों के राज्य में भाजपा के गठबंधन वाली सरकार से समर्थन वापस लेने के एक दिन बाद बुधवार को कहा कि उनकी सरकार को कई खतरा नहीं है और मजबूती से काम कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर यह भ्रम पैदा करने का आरोप लगाया कि उनकी सरकार संकट में है। सैनी ने निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने के बारे में पूछे जाने पर सिरसा में पत्रकारों से कहा–सरकार किसी संकट में नहीं है, वह मजबूती से काम कर रही है। सैनी सिरसा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अशोक तंवर के लिए प्रचार कर रहे थे। निर्दलीय विधायक सोमबीर सांगवान (दादरी), रणधीर सिंह गोलन (पुंडरी) और धर्मपाल गोंदर (नीलोखेड़ी) ने मंगलवार को भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया और घोषणा की कि वे कांग्रेस का समर्थन करेंगे जिससे राज्य विधानसभा में सैनी सरकार अल्पमत में आ गयी है। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा में सदस्यों की मौजूदा संख्या 88 है। सरकार के पास बहुमत से दो विधायक कम हैं। वर्तमान में भाजपा नीत सरकार को दो अन्य निर्दलीय विधायकों का समर्थन प्राप्त है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सैनी ने कहा कि विपक्षी पार्टी कुछ लोगों की निजी आकांक्षाओं को पूरा करने की सोच रही है।

## आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स

बनाम

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रेविस हेड हैदराबाद | 12 | 533 |

### मंगोलिया ने बनाया टी20 का दूसरा न्यूनतम स्कोर

**सानो (जापान)।** एशियाई खेलों के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है। जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी। जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो ने 3.2 ओवर में 5 विकेट लिए।

# आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज रनचेज

## सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने 9.4 ओवर में बनाए 167 रन



**हैदराबाद, एजेंसी**

ट्रैविस हेड (89) और अभिषेक शर्मा (67) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 57वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को रिकार्ड 10 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ हैदराबाद अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने आईपीएल के इतिहास की सबसे तेज लक्ष्य का पीछा कर जीतने का रिकार्ड बनाया। आईपीएल के इतिहास में पहली सलामी जोड़ी के बीच पहले विकेट के लिए रिकार्ड 167 रनों की साझेदारी हुई। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में आठ चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं उनके जोड़ीदार अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के जड़ते हुए नाबाद (75) रन बनाए। हैदाराबाद ने 9.4 ओवर में 167 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। लखनऊ का कोई भी गेंदबाज विकेट लेने में नाकाम रहा।

इससे पहले आयुष बदोनी नाबाद (55) और निकोलस पूरन नाबाद (48) की पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत धीमी और खराब रही।



डिकॉक का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते भुवनेश्वर कुमार। ● एजेंसी

> मैं पहले से अधिक फोकस के साथ खेल रहा हूं। मैं स्पिनरों को खेलने पर मेहनत कर रहा हूं। वेस्टइंडीज में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी। मैदान के चारों ओर शॉट्स खेलकर अच्छा लगा। हम पावरप्ले का पूरा इस्तेमाल करना चाहते थे। हर बार यह नहीं चलता है लेकिन हम इसी इरादे से उतरे थे। मैं और अभिषेक एक दूसरे को बखूबी समझते हैं। हमें रनरेट में आगे निकलना था और इसी वजह से हम इतना आक्रामक खेले।
>
> **– ट्रेविस हेड, प्लेयर ऑफ द मैच**

उसने तीसरे ओवर में क्विंटन डिकॉक (2) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान के एल राहुल और क्रुणाल पांड्या ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

10वें ओवर में पैट कमिंस ने के एल राहुल (29) को नटराजन के हाथों कैच आउट करा दिया। 12वें ओवर में क्रुणाल पांड्या (24) रनआउट हुये। उसके बाद आयुष बदोनी और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला। आयुष बदोनी ने 30 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद (55) बनाये। वहीं निकोलस पूरन 26 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 48 रनों की पारी खेली। दोनों के बीच पांचवें विकेट लिये 99 रनों की साझेदारी हुई। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाये। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिये। पैट कमिंस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

**लखनऊ 165/4** — 20 ओवर, अतिरिक्त: 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच नटराजन बो कमिंस | 29 | 33 | 1/1 |
| डिकॉक कैच नीतिश बो भुवनेश्वर | 2 | 5 | 0/0 |
| स्टोइनिस कैच सनवीर बो भुवनेश्वर | 3 | 5 | 0/0 |
| क्रुणाल पांड्या रन आउट (कमिंस) | 24 | 21 | 0/2 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 48 | 26 | 6/1 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 55 | 30 | 9/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-12-2, कमिंस 4-0-47-1, शहबाज 2-0-9-0, विजयकांत 4-0-27-0, उनादकट 2-0-19-0, नटराजन 4-0-50-0

**हैदराबाद 167/0** — 9.4 ओवर, अतिरिक्त: 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 75 | 28 | 8/6 |
| ट्रेविस हेड नाबाद | 89 | 30 | 8/8 |

**गेंदबाजी :** गौतम 2-0-29-0, ठाकुर 2.4-0-47-0, बिश्नोई 2-0-34-0, नवीनुल हक 2-0-37-0, बडोनी 1-0-19-0

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 | -0.065 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.406 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई (बा) | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

# लगातार चौथी जीत पर होगी आरसीबी की नजर



**धर्मशाला, एजेंसी**

- धर्मशाला की नई हाइब्रिड पिच पर आज आमने-सामने होंगी पंजाब और बेंगलुरु की टीम
- प्ले ऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखने के लिए दोनों ही टीमों को जीत की तलाश

आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी।

पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स ने सुपरकिंग्स के खिलाफ अपना सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन किया। उनके गेंदबाज सुपरकिंग्स के सभी बल्लेबाजों पर हावी रहे लेकिन बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्हें अपने घरेलू मैदान पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता।

# जिनेवा ओपन में चोट से वापसी करेंगे एंडी



**जिनेवा।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन एंडी मरे इस महीने टखने की चोट से वापसी करते हुए जिनेवा ओपन में खेलेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि उन्होंने 18 मई से शुरू होने वाले क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के लिए 36 साल के मरे को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया है। पिछले महीने मियामी ओपन में खेलते हुए मैच के दौरान मरे के बाएं टखने के लिगामेंट में चोट लगी थी। उन्होंने इसके लिए सर्जरी का विकल्प नहीं चुना। वर्ष 2018 में कूल्हे की चोट के बाद पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे ज्यादा नहीं खेले हैं और वह कह चुके हैं कि इन गर्मियों के सत्र के बा द वह शायद संन्यास ले लेंगे। दो बार के विम्बलडन और ओलंपिक चैंपियन मरे पेरिस ओलंपिक में फिर से ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद कर रहे हैं। जिनेवा ओपन फ्रेंच ओपन के लिए अभ्यास टूर्नामेंट है।

# एशिया को टूर्नामेंट में खेलने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की जरूरत : यूरी



**नई दिल्ली।** एशियाई टेनिस का चेहरा बदलने के लिए प्रतिबद्ध एशियाई टेनिस महासंघ (एटीएफ) के युवा अध्यक्ष यूरी पोलस्की चाहते हैं कि एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को विदेश में खेलने के बजाय एशियाई टूर्नामेंट में खेलने को तवज्जो देनी चाहिए। पोलस्की की निगाहें नेपाल, बांग्लादेश, म्यामांर और सीरिया जैसे देशों में टेनिस खेल का विकास करने पर लगी हैं जहां यह खेल इतना लोकप्रिय नहीं है। पोलस्की पिछले साल दिसंबर एटीएफ अध्यक्ष चुनाव में जीते थे और वह इस खेल को उन देशों में लोकप्रिय कराना चाहते हैं जो इसमें जूझ रहे हैं। एशियाई टेनिस को एशियाई टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ एशियाई खिलाड़ियों की भागीदारी की जरूरत है क्योंकि अधिकतर वे यूरोप जाकर खेलना पसंद करते हैं, वे उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका जाकर खेलते हैं। इसका मतलब है कि स्थानीय एशियाई खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ के साथ खेलने का मौका नहीं मिलता। इसलिए आपको देश के अंदर ही प्रतिस्पर्धा की जरूरत है और आपको एशिया में काफी टूर्नामेंट की जरूरत है।

# कैच पर असहमति जताने के लिए सैमसन पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कल खेले गए मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

सैमसन को अंपायर के फैसले से असहमति व्यक्त करने के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक का दोषी पाया गया। उन्होंने दोष और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 16वें ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर शाई होप ने लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हो गए थे। होप ने सीमा रेखा के करीब कैच लपका और अपने पैर जमाने से पहले थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गए। इस बात को लेकर अनिश्चितता थी कि उनका पैर बाउंड्री को छू गया था या नहीं, मैदानी अंपायरों ने टीवी अंपायर माइकल गफ को बुलाया गया उन्होंने कैच आउट पर फैसला दिया था। सैमसन की मैदान छोड़ने से पहले मैदानी अंपायरों से काफी देर बहस हुई थी।

# फेडरेशन कप में नीरज लेंगे भाग



**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीरज चोपड़ा 12 से 15 मई तक ओडिशा के भुवनेश्वर में होने वाले फेडरेशन कप 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। तीन साल पहले टोक्यो 2020 में ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद देश में नीरज चोपड़ा की यह पहली प्रतियोगिता होगी।

फेडरेशन कप 2024 का आयोजन 12 से 15 मई के बीच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होगा। चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स 2024 में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। चोपड़ा और जेना के अलावा, फेडरेशन कप 2024 जैवलिन इवेंट में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता मनु डीपी और ओलंपियन शिवपाल भी पदक की रेस में शामिल होंगे। नीरज चोपड़ा ने फेडरेशन कप 2021 में उन्होंने 87.80 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। नीरज चोपड़ा 2022 में डायमंड लीग चैंपियन और 2023 में विश्व चैंपियन बने और पिछले वर्ष उन्होंने हांगझोऊ में हुए एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीता था।

# टी-20 विश्व कप के लिए आयरलैंड और पापुआ न्यू गिनी की टीमें घोषित

**डबलिन, एजेंसी**

ICC MEN'S T20 WORLD CUP WEST INDIES & USA 2024

अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है।

आयरलैंड टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा। ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार हिस्सा ले रही है। टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में स्कॉटलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

वहीं, पापुआ न्यू गिनी ने भी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौंपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी। ऑल राउंडर सीजे अमिनी को उप कप्तान बनाया है।

## बॉलीवुड हलचल

# दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की आने वाली फिल्म सावी का नया टीजर रिलीज हो गया है। अभिनय देव निर्देशित सावी ए ब्लडी हाउसवाइफ फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों में, दर्शको ने दिव्या खोसला को फिल्म सावी में एक साधारण हाउसवाइफ के किरदार में देख रहे हैं, जिसमे उन्होंने खुलासा किया की वह एक खतरनाक जेलब्रेक करने की योजना बना रही है। हालांकि पहले बहुत अधिक डिटेल्स नहीं दिए गए थे, पर अब इस नए टीजर में यह जानकारी शेयर की गई है कि सावी इतना कठोर कदम क्यों उठा रही है। नये टीजर में, सावी- एक घायल हाउस वाइफ यह बात करती हुई दिखाई देती है कि कैसे लोग अपने परिवार के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं और वह भी वैसा ही कर रही है। जेल से भागने में सफल होने को लेकर परेशान दिखाई देती है। फैंस भी यह देखते हुए नजर आते हैं कि कैसे एक हेल्पलेस मां यदि उसे कुछ हो गया तो अपने बच्चो के देखभाल करने की गुहार लगाते हुए नजर आती हैं। फिल्म सावी का निर्माण विशेष एंटरटेनमेंट और टी-सीरीज के बैनर तले मुकेश भट्ट, भूषण और कृष्ण कुमार द्वारा किया गया है। फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्द्धन राणे भी नजर आएंगे। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। फिल्म सावी 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मुन्नाभाई 3 के लिए हिरानी के पास हैं तीन स्क्रिप्ट : अरशद

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी का कहना है कि फिल्म मुन्नाभाई 3 के लिए फिल्मकार राजकुमार हिरानी के पास तीन स्क्रिप्ट है, लेकिन अभी यह फिल्म नहीं बन रही है। विधु विनोद चोपड़ा निर्मित और राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस वर्ष 2003 में प्रदर्शित हुई। फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में संजय दत्त और अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभायी। इसके बाद इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म मुन्ना भाई चले अमेरिका की घोषणा की गई थी, लेकिन वह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई। अरशद वारसी ने बताया, विधु विनोद चोपड़ा चाहते हैं कि यह बने, राजकुमार हिरानी भी चाहते हैं कि यह बने, संजय भाई और मैं भी चाहता हूं कि यह बने, लेकिन फिल्म अभी बन नहीं रही है। फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म के लिए राजकुमार हिरानी के पास तीन अच्छी स्क्रिप्ट हैं, लेकिन सभी में कुछ न कुछ कमी है। मुझे नहीं लगता है कि वह हाल फिलहाल में बन रही हैं।



# विश्व कप गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

**पेरिस, एजेंसी**



महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था। नीलामी घर ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रॉफी अपनी विशिष्टता के कारण लाखों यूरो में बिकेगी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। हालांकि बाद में यह ट्रॉफी गायब हो गई जिसने काफी अफवाहों को जन्म दिया। अगुटेस ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था। अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटैलियन लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था। सुधरकर मुख्यधारा से जुड़ने वाले माफिया के एक सदस्य द्वारा बताई गई कहानी के अनुसार ट्रॉफी को पिघलाकर सोना निकाल लिया गया था।

# पेरिस सेंट-जर्मेनको हराकर चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची डॉर्टमुंड



**पेरिस।** सारे पूर्वानुमानों को धता बताते हुए बोरूसिया डॉर्टमुंड ने किलियन एम्बाप्पे जैसे दिग्गजों से सजी पेरिस सेंट-जर्मेन को 1-0 से हराकर 2013 के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में प्रवेश किया। डॉर्टमुंड और पीएसजी के बीच मंगलवार को खेले गए मुकाबले में गोल दूसरे हाफ में डॉर्टमुंड के मैट हम्मेल्स ने जूलियन ब्रांट कॉर्नर से हेडर से गोल किया। डॉर्टमुंड मैच के आखिर तक अपनी इस 1-0 की बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसजी के दिग्गज खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने मैच के बाद कहा कि हम हमेशा पीएसजी में जीतना चाहते हैं, हमें गोल करना चाहिए था। हमारे पास गोल करने के मौके थे, जब आप ऐसा नहीं करते, जब आप दोनों छोर पर कुशल प्रदर्शन नहीं करते है तो आगे बढ़ना मुश्किल होता है। चैंपियंस लीग का फाइनल एक जून को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में खेला जाएगा।

## 25 मई को मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने राजनयिकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस की मौजूदगी में आम सहमति से प्रस्ताव को अपनाया। इसे 160 से अधिक देशों द्वारा सह प्रायोजित किया गया था।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भारतीय संस्कृति के लिए लिव-इन रिलेशनशिप कलंक

- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की टिप्पणी मुस्लिम पति हिंदू महिला से जन्मे बच्चे का मांग रहा था संरक्षण

बिलासपुर, एजेंसी

लिव-इन रिलेशनशिप पाश्चात्य सभ्यता भारतीय सिद्धांतों की अपेक्षाओं के विपरीत है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बच्चे का संरक्षण से जुड़े हुए एक मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। साथ ही कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को एक कलंक बताया है।

न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस अग्रवाल की खंडपीठ ने समाज के कुछ संप्रदायों में अपनाया जाने वाला लिव-इन रिलेशनशिप अभी भी भारतीय संस्कृति में एक कलंक है, क्योंकि यह भारतीय सिद्धांत की अपेक्षाओं के विपरीत एक पाश्चात्य सभ्यता है। खंडपीठ ने 30 अप्रैल को 36 वर्षीय महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में पैदा हुए बच्चे का संरक्षण की मांग करने वाले याचिकाकर्ता की अपील को खारिज कर दिया। दंतेवाड़ा जिले के अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह एक अलग धर्म की महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था और उसने एक बच्चे को जन्म दिया। अदालत ने बच्चे के संरक्षण से जुड़ी याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने बिलासपुर में हाईकोर्ट पहुंचे। हाईकोर्ट के आदेशानुसार, अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह 2021 में मतांतरण के बिना शादी से पहले तीन साल तक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था। बकौल याचिका, 31 अगस्त, 2021 को उनके रिश्ते से एक बच्चे का जन्म हुआ और 10 अगस्त, 2023 को महिला और बच्चा गायब हो गया। उसी साल उन्होंने हेबस कॉर्पस पिटीशन दाखिल कर महिला को कोर्ट के समक्ष पेश किए जाने की मांग की। महिला ने हाईकोर्ट को बताया था कि वह अपनी इच्छानुसार, अपने माता-पिता के साथ रह रही है। बाद में दंतेवाड़ा परिवार अदालत की ओर से बच्चे का संरक्षण नहीं दिए जाने के बाद अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने हाईकोर्ट का रुख किया था।

## लिव-इन पार्टनर से दुष्कर्म के आरोप से विवाहित व्यक्ति बरी

**इंदौर।** मध्य प्रदेश की इंदौर जिला अदालत ने 34 वर्षीय एक विवाहित व्यक्ति को अपनी लिव-इन पार्टनर के साथ दुष्कर्म करने, गर्भपात के लिए मजबूर करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को बरी कर दिया है। 25 अप्रैल के इस फैसले में, अदालत ने कहा कि एक समझौता था जिसके तहत 29 वर्षीय महिला ने इस बात पर सहमति जताई थी कि पुरुष सात दिन उसके साथ और सात दिन अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। एक अभियोजन अधिकारी ने बुधवार को बताया कि महिला ने इस व्यक्ति के खिलाफ शहर के भंवरकुआं पुलिस थाने में 27 जुलाई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी। शिकायत में शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार दुष्कर्म किया, जबरन गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात कराया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। आरोपी व्यक्ति को 15 अगस्त, 2021 को गिरफ्तार किया गया था। 2 मार्च, 2022 को जमानत पर रिहा होने से पहले उसने 200 दिन जेल में बिताए। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह ने तथ्यों और सबूतों पर विचार करने के बाद इस व्यक्ति को भारतीय दंड संहिता के आरोपों से 25 अप्रैल को बरी कर दिया। कोर्ट ने फैसले में कहा कि, प्राथमिकी दर्ज कराने वाली महिला ने इस व्यक्ति के साथ 15 जून 2021 को बाकायदा समझौता किया था जिसमें साफ लिखा गया था कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और वह एक हफ्ते उसके साथ और एक हफ्ते अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। आरोपों से बरी करते हुए अदालत ने कहा कि ऐसी स्थिति में इस व्यक्ति को बलात्कार और जबरन गर्भपात का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

# वादे पर खरा उतरा भारत, आतंकवाद रोकने को यूएन को दिए लाखों डॉलर

*वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में पांच लाख डॉलर का योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सात मई को भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आधा मिलियन डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा।*

## भारत आतंकवाद से निपटने के लिए तैयार

यूएन में रूचिकरा कंबोज ने कहा है कि भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है। पांच लाख डॉलर का योगदान वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।



## वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हुआ

अफ्रीका में आतंकवाद के बढ़ते खतरे के मुद्दे को संबोधित करना पिछले कुछ वर्षों से भारत की आतंकवाद-विरोधी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। 2018 से, भारत भी सक्रिय रूप से इस खतरे का मुकाबला करने वाले कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। पांच लाख डॉलर के योगदान के साथ ही ट्रस्ट फंड में भारत का अब वित्तीय समर्थन 25 .5 लाख डॉलर हो गया है।

## आतंकियों की कमर तोड़ना मकसद

भारत यूएनओसीटी के वैश्विक कार्यक्रमों मुख्य रूप से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला ( सीएफटी) और आतंकवाद यात्रा कार्यक्रम ( सीटीटीपी) का मुकाबला करने में मदद करेगा ।इसका उद्देश्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के सदस्य देशों की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे आतंकवाद के वित्तपोषण के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपट सकें और आतंकवादियों की आवाजाही एवं यात्रा को रोक सकें।

## करीब दो साल पहले किया था वादा

साल 2022 में अक्टूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएन की आतंकवाद-रोधी समिति को संबोधित किया था। तब उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर आंतकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। साथ ही वादा किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 500,000 डॉलर का योगदान देंगे।

## एक नजर

### हैदराबाद में बारिश के कारण ढही दीवार, सात लोगों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने से चार साल के एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई। बाचूपल्ली पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार रात की है और इसमें मारे गए लोग ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के रहने वाले प्रवासी श्रमिक थे। बुधवार सुबह खुदाई करने वाली मशीन की मदद से मलबे से उनके शव निकाले गए। हैदराबाद और तेलंगाना के अनेक हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में कई जगहों पर जलभराव की वजह से यातायात अवरुद्ध रहा।

### किशोर ने वीडियो बनाने को महिला शौचालय में रखा कैमरा, गिरफ्तार

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज के महिला शौचालय के अंदर कैमरे वाला एक मोबाइल रखने के आरोप में 17 साल के किशोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी तब मिली जब मोबाईल फोन की घंटी बजी और सुरक्षा कर्मी ने शौचालय से फोन बरामद किया। कॉलेज प्रशासन ने फोन पुलिस को सौंप दिया जिसके बाद फोन पर उपलब्ध विवरण के आधार पर नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी खुद को मरीज बता कर कॉलेज आया था। गिरफ्तारी के बाद किशोर को न्याय बोर्ड में पेश किया।

### जालंधर में मादक पदार्थ तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने बुधवार को ड्रग तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन तस्करों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा अवैध शराब, हथियारों और हेरोइन, टेबलेट जैसी दवाओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को प्रभावी ढंग से नष्ट कर दिया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि गिरफ्तार किए तस्करों में वरिंदर कुमार, जतिंदर कुमार और रोहित कुमार, सभी भारगो कैंप के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हेरोइन भी बरामद की है।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन का कैडर बाइक समेत गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी में प्रतिबंधित संगठन नेशनल रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ मणिपुर के एक कैडर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि प्रतिबंधित संगठन का सक्रिय सदस्य हेइसनम जेम्स सिंह जबरन वसूली में शामिल था और उसे मंगलवार को क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पास से गिरफ्तार कर, बाइक भी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि जातीय हिंसाग्रस्त मणिपुर में पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान जारी है।

# कनाडा में खतरे की सीमा लांघ रहे सिख अलगाववादी, उच्चायुक्त ने दी नसीहत

## संजय बोले-दोनों देशों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से जारी है बातचीत

ओटावा, एजेंसी

भारत और कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तनाव बना हुआ है। इस बीच, कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को दशकों पुराने मुद्दों के रूप में वर्णित किया है जो दुर्भाग्यपूर्ण अपराधों और कनाडा की भूमि से उत्पन्न खतरों के साथ फिर से उभर आए हैं। मांट्रियल में मंगलवार को एक कार्यक्रम में भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत में क्या होगा यह निर्णय भारतीय करेंगे न कि विदेशी इसका फैसला करेंगे।

संजय ने कहा, 'दोनों देशों की सरकारों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों की परेशानियों के समाधान खोजने की कोशिश हो रही है। जिस तरह से बातचीत चल रही है, मुझे लगता है कि दोनों पक्षों के मुद्दे हल हो जाएंगे। मेरी चिंता राष्ट्रीय सुरक्षा और कनाडा से उभर रहे खतरे हैं। अधिकतर सिख अलगाववादी खतरे की सीमा पार कर रहे हैं। उन्होंने कहा- हम किसी भी दिन बात करने के लिए तैयार हैं और हम ऐसा कर रहे हैं। हम इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय उच्चायुक्त ने दोनों देशों के बीच वर्तमान संबंधों पर कहा, यदि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के भाग्य का फैसला करना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि वापस जाएं और चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। हर पांच साल में भारत में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होते हैं। इसी तरह भारत के राज्यों में भी चुनाव होता है। उन्होंने कहा,जब हम द्विपक्षीय संबंधों में दो देशों को रणनीतिक साझेदार और मित्र कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि दोनों देश एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझें। दुर्भाग्य से कुछ मुद्दे रहे हैं और यह कोई नई बात नहीं है। दशकों पुराने मुद्दे फिर से उठे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अपराध करने वाले वह कनाडाई नागरिक हैं, जो भारत से संबंध रखते हैं। राजदूत ने कहा कि भारत में दोहरी नागरिकता नहीं है। अगर किसी भारतीय को कनाडा की नागरिकता दी जाती है तो साफ है कि वह एक विदेशी है। इसलिए अगर कोई कनाडा का नागरिक या किसी अन्य देश का नागरिक बन जाता है, तो वह भारतीय नागरिक नहीं है।

### तीन भारतीय आरोपी कनाडा की अदालत में पेश

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में आरोपी तीन भारतीय नागरिक पहली बार वीडियो के जरिए मंगलवार को कनाडा की एक अदालत के सामने पेश हुए। इन आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था और उन पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। मीडिया के मुताबिक, आरोपी करण बराड़ (22 वर्षीय), कमलप्रीत सिंह (22 वर्षीय) और करनप्रीत सिंह (28 वर्षीय) कथित हिट स्क्वॉड के सदस्य हैं और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सरे प्रांतीय अदालत के सामने पेश हुए। तीनों अंग्रेजी में चली अदालती कार्यवाई की सुनावई के लिए सहमत हुए और उनमें से प्रत्येक ने सिर हिलाकर जवाब दिया कि वे निज्जर की हत्या की साजिश रचने के आरोपों को समझते हैं। आरोप के मुताबिक, एक मई 2023 से निज्जर की हत्या की तारीख के बीच सरे और एडमोंटन दोनों साजिश रची गई। हत्यारों ने पिछले पांच वर्षों में कनाडा में प्रवेश किया और उन पर नशीले पदार्थों तस्करी और हिंसा में शामिल होने का शक था।



## एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने महासंघ की पॉश नीति को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों से आहत अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को एआईएफएफ यौन उत्पीड़न रोकथाम (पॉश) नीति को मंजूरी दी और उसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया। राष्ट्रीय महासंघ ने बयान में कहा कि एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने इस मामले में गहन विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला किया।

एआईएफएफ पॉश नीति का उद्देश्य फुटबॉल समुदाय के अंदर सुरक्षित और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना है। यह पॉश अधिनियम 2013 पर आधारित है और इसे एआईएफएफ की कानूनी टीम ने अच्छी तरह से जांचा परखा है। यह फैसला शर्मा पर लगाए गए शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों के कुछ सप्ताह बाद आया है। शर्मा कार्यकारी समिति के सदस्य हैं और हिमाचल प्रदेश के एक फुटबॉल क्लब खाद एचसी के मालिक हैं। उन पर दो महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। इसके बाद गोवा पुलिस ने शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था और बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। एक अन्य मामले में एआईएफएफ में महिला कर्मचारी ने पुरुष सहकर्मी के खिलाफ भी मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी।

हाय गर्मी...



**आगरा :** दुनिया की बेपनाह खूबसूरत स्मारकों में शुमार ताजमहल के दीदार के लिए भीषण गर्मी में भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। तपिश में सैलानियों ने साथ लेकर आए पानी की बोतल से कंठ की प्यास बुझाई। बुधवार को ताजनगरी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के चलते ● एजेंसी

# कुलगाम में मुठभेड़, तीसरा आतंकी ढेर

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में 4 मई को वायुसेना के काफिले पर हुए आतंकी हमले में शामिल तीन संदिग्धों के नाम और उनकी तस्वीर सामने आई है। इन आतंकियों में से एक पाकिस्तानी सेना का पूर्व कमांडो इल्यास उर्फ फौजी है, दूसरा लश्कर का कमांडर अबु हमजा और तीसरा पाकिस्तनी आतंकी हदून है।

इस हमले में वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया था और चार घायल हो गए थे। हमले के सिलसिले में पूछताछ के लिए करीब 20 लोगों को हिरासत में लिया गया है। वहीं बुधवार को कुलगाम के रेडवानी पाईन इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच नए सिरे से मुठभेड़ में तीसरा आतंकी मारा गया है। उसकी पहचान की जा रही है। इससे पहले मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया था।

### जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के एक शीर्ष आतंकवादी की जम्मू कश्मीर में छह अचल संपत्ति बुधवार को कुर्क की। एनआईए के बयान के मुताबिक, गिरफ्तार आतंकवादी आसिफ अहमद मलिक की कुर्क की गई जमीनें मीरपोरा और पुलवामा में स्थित हैं। जम्मू में एनआईए की विशेष अदालत के आदेश पर उसकी संपत्ति को गैरकानूनी अधिनियम के तहत कुर्क किया गया है। मलिक को आतंकवादियों की आवाजाही, सीमा पार से कश्मीर में घुसपैठ और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी गुर्गों से हथियार और विस्फोटक जब्त किए जाने से संबंधित मामले में 31 जनवरी, 2020 को गिरफ्तार किया गया था।

### ऑस्ट्रेलिया: जिम में महिला पर चाकू से हमला, घायल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी में एक जिम में एक व्यक्ति ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया। आनन-फानन में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घायल महिला को स्थिर हालत में है और उसे रॉयल प्रिंस अल्फ्रेड अस्पताल ले भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी और पीड़ित दोनों ही एक-दूसरे को जानते हैं। पुलिस ने बताया है घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चीनी कर्मियों की मौत के आरोपों पर पाक को फटकार

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने बुधवार को पाकिस्तान के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया था कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश अफगानिस्तान में बनाई गई थी। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के इस बयान को गैरजिम्मेदाराना करार देते हुए वास्तविकता से दूर बताया। मालूम हो कि पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को कहा था कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश अफगानिस्तान में बनाई गई थी और आत्मघाती हमलावर भी अफगान नागरिक था। वहीं, पाकिस्तानी सेना के इस बयान पर तालिबान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्ला खवाराजमी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं के लिए अफगानिस्तान को दोषी ठहराना मामले की सच्चाई से ध्यान भटकाने का एक असफल प्रयास है और हम इसे दृढ़ता से खारिज करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तानी सेना के कड़े सुरक्षा घेरे वाले खैबर पख्तूनख्वा में चीनी नागरिकों पर हमला पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों की कमजोरी को दिखाता है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि उनके देश ने चीन को आश्वासन दिया है कि पाकिस्तान में हुए चीनी नागरिकों पर हमले में अफगानिस्तान का कोई हाथ नहीं है।

# झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग में ईडी की छापेमारी

- मंत्री से जुड़े नकदी बरामदगी मामले में कार्रवाई

रांची, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को धनशोधन जांच के तहत रांची में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के परिसर में छापा मारा। इस मामले में ईडी ने हाल में भारी मात्रा में नकदी जब्त की थी।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर की जा रही है। दोनों को केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने छह मई को की गई तलाशी के दौरान जहांगीर आलम के परिसर से 30 करोड़ रुपये से अधिक नकदी जब्त किया था।

ईडी ने मंगलवार को यहां एक अदालत के समक्ष दावा किया था कि संजीव लाल (52) ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया। ईडी ने यह भी कहा था कि ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक के सरकारी अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान में संलिप्त हैं। ईडी ने दावा किया कि मामले में वरिष्ठ नौकरशाहों और नेताओं के नाम सामने आए हैं ।

## ईवीएम में छेड़छाड़ को लेकर नकदी मांगने पर जवान गिरफ्तार

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईवीएम में छेड़छाड़ करने को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ मांगने के आरोप में सेना के जवान को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी मारुती धाकने (42) ने एक चिप के जरिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में छेड़छाड़ करने का दावा करके पैसे मांगे हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने के लिए यह दावा किया था कि ईवीएम में छेड़छाड़ हो सकती है। पुलिस ने कहा- नेता से चर्चा के बाद 1.5 करोड़ में सौदा तय हुआ।

**विज्ञान** अंतरिक्ष में संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा को लेकर वैज्ञानिक चिंतित

# पृथ्वी के मौसम के लिए समझना होगा बृहस्पति का पर्यावरण

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष मौसम का पूर्वानुमान वर्तमान की नितांत जरूरत है। इस कमी को दूर करने के लिए बृहस्पति ग्रह के अंतरिक्ष पर्यावरण को समझना होगा। अंतरिक्ष से पृथ्वी की संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष मौसम की जानकारी को लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित हैं।

संचार उपग्रहों का एक बड़ा जाल पृथ्वी के चारों ओर बिछा हुआ है। जिसके माध्यम से टेलीविजन, मोबाइल फोन व इंटरनेट समेत तमाम संचार व्यवस्था संचालित होती है। हमारे द्वारा अंतरिक्ष में स्थापित किए गए कृत्रिम उपग्रहों के ऊपर बड़ा खतरा अंतरिक्ष मौसम का रहता है। सूरज से आने वाले सौर तूफान पलक झपकते ही इन्हें नष्ट कर सकते हैं। इतना ही नही पृथ्वी पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल व्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुचा सकते हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आम तौर पर सौर तूफान सूर्य के कोरोनल द्रव्यमान निष्कासन से जुड़े होते हैं, जो चुंबकीय उतार-चढ़ाव और बिजली ग्रिड, पाइपलाइनों और संचार प्रणालियों में भारी नुकसान पहुचा सकते हैं। लिहाजा हमें सूर्य से आने वाले सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी है।

जिसे समझने के लिए बृहस्पति के मौसम को समझना होगा, जो पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम को आसानी से समझा सकता है। इस संदर्भ में अलास्का फेयरबैंक्स विश्वविद्यालय व यूएएफ जियोफिजिकल इंस्टीट्यूट और यूएएफ कॉलेज ऑफ नेचुरल साइंस एंड मैथमेटिक्स के वैज्ञानिकों ने सामुहिक शोध किया है। शोध में कहा गया है कि हम बृहस्पति की तरह पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर (ऊपरी वातावरण) को नियंत्रित करने वाले मौलिक भौतिकी को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान में सुधार ला सकते हैं।



बृहस्पति ग्रह का वातावरण।

### अंतरिक्ष के मौसम को समझना जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार अंतरिक्ष मौसम का प्रभाव पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में आम बात है। वर्तमान में हजारों सैटेलाइट पृथ्वी के चारों ओर बिखरे हुए हैं। सूर्य से सौर तूफानों के साथ आने वाले उच्च ऊर्जावान कण सैटेलाइट को ध्वस्त कर सकते हैं। जिस कारण वर्तमान में सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी हो गया है। समय रहते हमें इस दिशा में तेजी से काम करना होगा, तभी भविष्य में सैटेलाइट सुरक्षित रह सकते हैं।

## रिश्तों को मजबूत करने भारत आ रहे मालदीव के मंत्री

**माले।** मालदीव और भारत के रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिशों के तहत विदेश मंत्री मूसा जमीर अपने पहले भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे का मकसद भारत के साथ दीर्घकालिक रिश्तों को और मजबूत बनाना है।

पहली द्विपक्षीय और आधिकारिक यात्रा पर भारत आ रहे मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर बुधवार को रवाना हुए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 8-10 मई तक अपने दौरे के दौरान विदेश मंत्री मूसा भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत और मालदीव की दीर्घकालिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने पर चर्चा होगी। मूसा की यात्रा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं।

# राफा पर कब्जे के बाद बमबारी, 20 की मौत

- काहिरा में बातचीत के बीच इजराइल ने रिहायशी घरों पर किए हवाई हमले

राफा, एजेंसी

राफा पर कब्जा करने के महज कुछ घंटों के अंदर इजराइल ने हवाई हमले शुरू कर दिए है। हवाई हमलों के साथ ही इजराइल के टैंक भी राफा में घुस गए हैं। 3 अलग-अलग हवाई हमलों में 20 लोगों की जान चली गई।

ये हमले रिहायशी घरों के ऊपर किए गए थे। हालांकि इजराइल का कहना है कि उसने हमास के आतंकी ठिकानों पर हमले किए हैं। इजराइल ने कहा कि इस सीमित कार्रवाई में मिस्र के साथ सीमा पार करने वाले गाजा बॉर्डर को उसने अपने नियंत्रण में ले लिया है। उसने राफा में भी सुरंगे मिलने का दावा किया है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा गाजा और मिस्र के क्रॉसिंग बार्डर पर इजराइल के नियंत्रण सेदूसरी ओर, हमास के सीज फायर समझौते के लिए तैयार होने के बाद इजराइल मिस्र की राजधानी काहिरा में इसी हफ्ते एक डेलिगेशन भेज रहा है। हमास का डेलिगेशन भी पहुंच चुका है। कतर और मिस्र की मध्यस्थता में यह समझौता होगा। लेकिन इसी बीच समझौते की हमास की शर्तों के खिलाफ तेल अवीव और येरूशलम में इजराइलियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़कों पर धरना देकर गाजा को मानवीय सहायता के लिए जाने वाले ट्रकों को भी रोक दिया। इजराइली अधिकारियों ने कहा- हमास की शर्तें हमें स्वीकार नहीं।



गाजा सीमा के पास कतार में खड़े इजराइली टैंक।

### 33 बंधक छोड़ेगा हमास, मृतकों के अवशेष देगा

हमास ने पहले चरण में 33 बंधकों को छोड़ने की बात कही है। जिनमें ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं, घायल या बीमार लोग हंगि। वहीं जिनकी मौत हो चुकी है हमास उनके अवशेष इजराइल को सौंपेगा। माना जा रहा है कि हमास ने 7 अक्टूबर को किए हमले में 100 से ज्यादा इजराइलियों को बंधक बना रखा है। लेकिन यह साफ नहीं है कि उनमें से कितने जीवित बचे हैं। इससे 6 हफ्ते का सीजफायर होगा।